राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 351
लखनऊ, रविवार 23 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जनपद में चीनी का स्टॉक पर्याप्त : डीएम 10

एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश 03

# कड़वी चीनी

## 65 रुपए प्रति किलो, और बढ़ेंगे दाम!

**समृद्धि न्यूज/ एजेंसियां नई दिल्ली।**

त्योहारों से पहले रसोई में मिठास देने वाली चीनी अब जेब का स्वाद बिगाड़ने लगी है। देश के कई शहरों में चीनी का खुदरा भाव 60 से 65 रुपए किलो तक पहुंच गया है। पिछले तीन महीने में 40 फीसदी दाम बढ़े हैं। कुछ सप्ताह में कीमतों में तेज उछाल ने आम उपभोक्ताओं के साथ मिठाई, बेकरी और खाद्य कारोबार से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में रक्षाबंधन, गणेशोत्सव, जन्माष्टमी, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों के कारण मांग बढ़ने की संभावना है। ऐसे में कीमतों पर और दबाव पड़ सकता है। सरकार के मुताबिक कीमत बढ़ने के पीछे कम घरेलू उत्पादन, आगामी त्योहारों की बढ़ती मांग और जमाखोरी जैसे कारण प्रमुख हैं।

हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। घरेलू बाजार में आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात को मंजूरी दी गई है। आयात की गई कच्ची चीनी को प्रसंस्कृत कर घरेलू बाजार में उपलब्ध कराने की समयसीमा 31 अक्टूबर 2026 रखी गई है। करीब एक दशक बाद भारत को चीनी का इतना बड़ा आयात करने का फैसला लेना पड़ा है।

कुछ समय पहले तक जिन बाजारों में चीनी करीब 45-50 रुपए किलो के आसपास मिल रही थी, वहां अब भाव 60-65 रुपए तक पहुंच गया है। कुछ क्षेत्रों में इससे भी अधिक कीमत की खबरें सामने आई हैं। हालांकि यह पूरे देश का समान खुदरा भाव नहीं है। औसत कीमत इससे कम है, लेकिन अलग-अलग शहरों में स्थानीय आपूर्ति, मांग और कारोबारियों के मार्जिन के कारण कीमतों में बड़ा अंतर देखा जा रहा है।

थोक बाजार में भी चीनी की कीमतों में तेज उछाल आया है। इससे मिठाई और खाद्य उत्पाद बनाने वालों की लागत बढ़ी है। इसका असर आगे चलकर मिठाइयों, बिस्किट और चीनी का इस्तेमाल करने वाले दूसरे उत्पादों की कीमतों पर भी पड़ सकता है।

सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती घरेलू बाजार में पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखना है। चालू चीनी सत्र में उत्पादन का अनुमान करीब 306 लाख मीट्रिक टन है, जो शुरुआती अनुमान से कम है। गन्ने की फसल को कुछ इलाकों में रोगों और मौसम संबंधी परिस्थितियों से नुकसान की भी रिपोर्ट है।

### महंगाई की वजहें



**कम उत्पादन :** खराब मौसम और गन्ने की फसल को हुए नुकसान से 2025-26 में चीनी उत्पादन शुरुआती अनुमान से कम रहने की संभावना है।
**त्योहारी मांग :** त्योहारों से पहले मिठाई, पेय पदार्थ और खाद्य उद्योग में चीनी की मांग बढ़ने से बाजार पर दबाव बढ़ा है।
**कम स्टॉक :** पेराई सत्र शुरू होने से पहले मिलों के पास उपलब्ध चीनी स्टॉक पिछले साल की तुलना में कम बताया जा रहा है।

### स्टॉक सीमा

चीनी की कृत्रिम कमी और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र ने डीलरों के लिए 400 टन की स्टॉक सीमा लागू की है। यह सीमा 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। इसके अलावा एक सितंबर से थोक खरीदारों को 15 दिन की खपत से अधिक चीनी रखने की अनुमति नहीं होगी।

### अक्टूबर तक का स्टॉक

सरकार का कहना है कि उत्पादन अनुमान से कम रहने के बावजूद देश में अक्टूबर में नए पेराई सत्र की शुरुआत तक घरेलू मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त चीनी का स्टॉक उपलब्ध है। सरकार बाजार में उपलब्धता और कीमतों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

### जमाखोरी पर सख्ती

चीनी की कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने केवल आयात का रास्ता नहीं खोला है, बल्कि बड़े कारोबारियों और थोक खरीदारों के पास चीनी के भंडारण पर भी सख्ती की है।

# अपने राज्य में चीनी की कमी नहीं : मुख्यमंत्री

- मिलों में पर्याप्त भंडार जरूरत पड़ी तो 15 अक्टूबर से चलेंगी मिलें
- जमाखोरी और कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



प्रदेश में चीनी की उपलब्धता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को किसी तरह परेशान होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर लगातार निगरानी रखने और जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री को बैठक में बताया गया कि प्रदेश की चीनी मिलों में वर्तमान में 179.38 लाख कुंतल चीनी का भंडार उपलब्ध है। इसमें सहकारी चीनी मिलों में 23.60 लाख कुंतल, निगम की चीनी मिलों में 5.28 लाख कुंतल और निजी चीनी मिलों में 150.50 लाख कुंतल चीनी शामिल है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की चीनी मिलों ने जून और जुलाई में कुल 235 लाख कुंतल चीनी की बिक्री की है।

सरकार के अनुसार बिक्री की गई अधिकांश चीनी अभी खुले बाजार में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर 15 अक्टूबर से चीनी मिलों का संचालन शुरू कराया जाए, ताकि बाजार में आपूर्ति बनाए रखने में किसी तरह की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि चीनी की कमी को लेकर किसी तरह के भ्रम में न आएं।

# जेन-जी से जुड़ने को भाजपा की विशेष टीम

### नितिन नवीन, स्मृति ईरानी, तावड़े समेत कई नेता शामिल, चलेगा युवा संवाद अभियान




शनिवार को नई दिल्ली के भाजपा दफ्तर में पार्टी के नये पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

भारतीय जनता पार्टी ने जेन-जी तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष अभियान की तैयारी की है। इसके लिए पार्टी की नई राष्ट्रीय टीम में शामिल नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी, विनोद तावड़े के साथ गुजरात के मंत्री हर्ष सांघवी और छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी समेत कई नेता इस पहल से जुड़ेंगे।

शनिवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में नितिन नवीन की अध्यक्षता में पार्टी की 65 सदस्यीय नई राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

भाजपा की नई टीम जेन-जी के बीच 'युवा संवाद' अभियान चलाएगी। इसके तहत 14 से 25 वर्ष के युवाओं के साथ संवाद और चर्चा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी का उद्देश्य युवाओं की सोच, उनकी प्राथमिकताओं, समस्याओं और अपेक्षाओं को समझना तथा उन्हें पार्टी के नेताओं के साथ सीधे संवाद का अवसर देना है। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर युवा संवाद, परिचर्चा और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।

कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा और स्वरूप बाद में जारी किया जाएगा।

भाजपा की राष्ट्रीय टीम की बैठक में वंदे मातरम के पूरे गीत को लेकर कांग्रेस के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित किया गया। भाजपा ने कांग्रेस के कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के केवल दो अंतरे गाए जाने के फैसले की आलोचना की। बैठक से पहले भाजपा मुख्यालय में वंदे मातरम के सभी छह अंतरे गाए गए।

# घबराई भाजपा पीडीए की परिभाषा बदल रही है : अखिलेश

- योगी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया, भाजपा मतलब भाग जाओ पाकिस्तान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को भाजपा पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने 'भाजपा' का नया फुल फॉर्म बताते हुए कहा- 'भाग जाओ पाकिस्तान'। अखिलेश के इस बयान का वीडियो सामने आने के बाद यह सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

अखिलेश यादव का यह बयान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से पीडीए की व्याख्या को लेकर की गई टिप्पणी के जवाब में आया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल पीडीए से घबराया हुआ है और इसलिए इसकी परिभाषा बदलने की कोशिश कर रहा है।

अखिलेश यादव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच पीडीए को लेकर पिछले दिनों राजनीतिक बयानबाजी तेज हुई है। इसी क्रम में अखिलेश ने भाजपा के नाम को लेकर भी तंज कसा।

### रक्षाबंधन पर महिलाओं को फ्री बस यात्रा का तोहफा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को मुफ्त बस यात्रा का तोहफा दिया है। 27 अगस्त की रात से 28 अगस्त की रात तक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिला यात्री अपने एक सहयोगी के साथ मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान महिलाओं की सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए परिवहन, पुलिस और प्रशासन आपसी समन्वय से प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और फील्ड में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में रक्षाबंधन की तैयारियों के साथ प्रदेश में जलभराव, बाढ़, चीनी की उपलब्धता, आगामी गन्ना पेराई सत्र और विद्यालयों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

नशे में वाहन चलाने वालों पर रोक

योगी ने निर्देश दिया कि नशे का सेवन करने वाले किसी भी चालक को बस चलाने की अनुमति न दी जाए। निजी बस चालकों के सत्यापन के साथ ऑटो और टैक्सी चालकों की भी जांच कराई जाए।

**खुशखबरी** आरबीआई के फैसले का असर, देश में आया 7.28 करोड़ डॉलर

# स्वैप योजना से बैंकों में बढ़ी डॉलर की आवक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- बैंकों के ब्याज मार्जिन पर मामूली दबाव की आशंका

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विशेष डॉलर-रुपया विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के जरिये देश में डॉलर की आवक बढ़ी है। रिजर्व बैंक को बैंकों से 21 अगस्त तक मिली जानकारी के अनुसार, इस सुविधा के तहत अब तक 72.85 मिलियन डॉलर यानी करीब 7.28 करोड़ डॉलर भारत आ चुके हैं। इसमें सबसे बड़ा योगदान अप्रवासी भारतीयों के लिए संचालित विदेशी मुद्रा अनिवासी बैंक खाते का रहा है।

इन खातों के माध्यम से 65.397 मिलियन डॉलर आए हैं। इसके अलावा बाहरी वाणिज्यिक उधारी के जरिये 2.591 मिलियन डॉलर और विदेशी मुद्रा में उधारी के माध्यम से 4.860 मिलियन डॉलर की आवक हुई है।

आरबीआई ने इस विशेष सुविधा की शुरुआत 8 जून 2026 को की थी। बैंकों और अन्य प्रतिभागियों की ओर से मिले बेहतर रुझान तथा डॉलर की पर्याप्त आवक को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने इसे निर्धारित समय से करीब एक महीने पहले 31 अगस्त 2026 को बंद करने का निर्णय लिया है। हालांकि, बाहरी वाणिज्यिक उधारी और विदेशी मुद्रा में उधारी के जरिये विदेशी मुद्रा जुटाने की सुविधा 31 दिसंबर 2026 तक उपलब्ध रहेगी। स्वैप सुविधा का सबसे बड़ा फायदा अप्रवासी भारतीयों के खातों के जरिये डॉलर जुटाने में दिखाई दिया है। इन खातों में अप्रवासी भारतीय विदेशी मुद्रा में अपनी जमा राशि रखते हैं। आरबीआई की व्यवस्था के तहत बैंकों को विदेशी मुद्रा के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलने के कारण इस योजना ने विदेशी मुद्रा जुटाने को अधिक आकर्षक बनाया।

कुल 72.85 मिलियन डॉलर की आवक में एनआरआई खातों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। आरबीआई की इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाना या विदेशी मुद्रा भंडार में अचानक बड़ी वृद्धि करना नहीं है। इसका मुख्य लक्ष्य बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराना और विदेशी मुद्रा की उपलब्धता बेहतर करना है।



# एंटी करप्शन कार्रवाई को लेकर आक्रोश

- हाथों पर काली पट्टी बांध कर लेखपालों ने किया प्रदर्शन
- फर्जी तरीके से फंसाने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



सदर तहसील परिसर में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एंटी करप्शन टीम की कथित कार्रवाई के विरोध में लेखपाल संघ ने प्रदर्शन किया। लेखपालों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने एंटी करप्शन टीम पर लेखपालों को फर्जी तरीके से भ्रष्टाचार के मामलों में फंसाने का आरोप लगाया।

लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एंटी करप्शन टीम कार्रवाई के दौरान लेखपालों के हाथ में जबरन रुपये रखकर उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों में फंसा रही है। उनका कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है और कई मामलों में उन्हें बेवजह निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारी लेखपालों ने कहा कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाई के विरोधी नहीं हैं। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन किसी निर्दोष कर्मचारी को कथित रूप से फर्जी तरीके से फंसाया जाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

### आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

लेखपाल संघ ने मांग की कि लेखपालों के खिलाफ की जा रही कथित फर्जी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और पूरे मामले की जांच कराई जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय तक तहसील परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। लेखपालों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपने की बात कही।

# धर्मकांटा कर्मचारी पर बदमाशों का हमला

- गल्ले की चाबी मांगने पर मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**




जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र स्थित अजीजपुर में बालाजी धर्मकांटा पर देर रात अज्ञात बदमाशों ने लूट के इरादे से धावा बोल दिया। कर्मचारी द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया।

घायल कर्मचारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर फखरपुर पुलिस और स्वाट टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। गोंडा जनपद निवासी प्रिंस मिश्रा बालाजी धर्मकांटा पर कर्मचारी हैं और वहीं बने एक कमरे में रहते हैं। देर रात करीब डेढ़ बजे कुछ लोग धर्मकांटा पर पहुंचे। प्रिंस ने सोचा कि कोई गाड़ी तोल कराने आया है और दरवाजा खोल दिया। इसी दौरान बदमाशों ने धर्मकांटा की लाइट काट दी और कमरे में घुसकर गल्ले की चाबी मांगने लगे। प्रिंस द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसका हाथ घायल हो गया। प्रिंस ने बताया कि बदमाशों ने उस पर फायरिंग की, जिससे उसके हाथ में गोली लगी है। फायरिंग की आवाज सुनकर बगल के कमरे में सो रहे रमन पाठक बाहर निकले तो बदमाशों ने उन पर भी डंडे से हमला कर दिया। दोनों के शोर मचाने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि धर्मकांटा कर्मचारी पर अज्ञात लोगों द्वारा हमला करने की सूचना मिली थी। हालांकि, उन्होंने फायरिंग और गोली लगने की बात को गलत बताया। क्षेत्राधिकारी के अनुसार, पीड़ित का शुक्रवार को कुछ लोगों से विवाद भी हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## घर का ताला तोड़कर नकदी सहित आभूषण पर चोरों ने किया हाथ साफ

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** थाना मोतीपुर क्षेत्र के वेलहन महेशपुर ग्राम सभा के भदैयापुरवा गांव में शुक्रवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर हजारों रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। वारदात के समय परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया।भदैयापुरवा निवासी जय जय राम के घर में रात करीब एक बजे चोर ताला तोड़कर दाखिल हुए। चोर घर में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के मुताबिक चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये है। चोरों ने झुमकी, पायल, बिंदी, मटर माला समेत अन्य सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ किया। सुबह परिवार के सदस्यों की नींद खुलने पर घर का सामान बिखरा मिला और चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना देने के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वही

## खबरें एक नजर में

### नवागत एसपी बलरामपुर ने ग्रहण किया कार्यभार



**बलरामपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तंड प्रकाश सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बलरामपुर में गार्ड की सलामी ली गई तथा विधिवत कार्यभार ग्रहण किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद की कानून-व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई तथा अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी ललिया डीओके0 श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल, क्षेत्राधिकारी यातायात वीरसेन सिंह व अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### एसपी ने दिवाकर तिवारी को सौंपा थाना रामगांव की कमान



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने दिवाकर तिवारी पर भरोसा जताते हुए उन्हें बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रामगांव थाने का प्रभार सौंपा है। कुछ दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक ने बड़े पैमाने पर तबादला किया था, जिसमें रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह को नानपारा कोतवाली का प्रभार मिला था। उनके स्थानांतरण के बाद से रामगांव थानाध्यक्ष की कुर्सी खाली थी। कुछ दिनों बाद एसपी ने गहनता से विचार करते हुए दिवाकर तिवारी पर अपना भरोसा जताया और उन्हें रामगांव का थाना प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने थाने पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी। कोई भी पीड़ित थाने से निराश नहीं लौटेगा हर हाल में न्याय मिलेगा। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए रात्रिगस्त बढ़ाई जाएगी। क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। अपराधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर महिला उप निरीक्षक रश्मि सिंह,रोशनी वर्मा,राणा राज सिंह,हेमंत कुमार सिंह,नंद किशोर सिंह, सोनू यादव, सुरेंद्र वर्मा, रोहित यादव, दीपक यादव सहित तमाम ग्राम प्रधान व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सर्पदंश से महिला की मौत



**समृद्धि न्यूज, बेलहरा, बाराबंकी।** घर में जमीन पर सो रही महिला को विषैले सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए,जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह महिला की मौत हो गई घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसन्तापुर गांव निवासी लालजी की पत्नी बड़की (40) शुक्रवार रात घर में जमीन पर सो रही थी इसी दौरा किसी विषैले सर्प ने उसे डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।जिसके बाद परिजन आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज ले गए,जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार सुबह महिला की मौत हो गई मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**मसौली बाराबंकी।** एक सप्ताह पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल 44 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 44 वर्षीय लल्लू मौर्य पुत्र राम नाथ मौर्य गत 14 अगस्त को अपने पुत्र ऋषभ मौर्य के साथ बाईक नंबर यूपी 32 एल पी 9398 से यूरिया खाद लेकर घर वापस लौट रहे थे कि जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भयारा मे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिसमे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये थे घायलों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया था जहा पर इलाज के दौरान लल्लू की मृत्यु हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई पर लेखपालों ने सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन एवं विजिलेंस) द्वारा लेखपालों के विरुद्ध की जा रही कथित गलत,अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा सिरौलीगौसपुर ने शनिवार को तहसील परिसर मे एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय को सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया कि 20 अगस्त को अयोध्या जनपद की सोहावल तहसील में लेखपाल उत्कर्षदीप के साथ हुई घटना से पूरे संवर्ग में आक्रोश है ।आरोप है कि उन्हे षड्यंत्रपूर्वक फंसाया गया है। इससे लेखपालो मे भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है तथा भयमुक्त होकर निष्पक्ष कार्य करना मुश्किल हो रहा है ।संघ ने स्पष्ट किया कि वह भ्रष्टाचार का समर्थन नही करता,दोषी पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन निर्दोष को निजी रंजिश या झूठी शिकायत के आधार पर ट्रैप करना स्वीकार नहीं है। थाना समाधान दिवस का बहिष्कार कर लेखपालों ने कलमबंद हड़ताल की। धरने में समर सिंह,अजय रावत, प्रदीप वर्मा, कुलवंत सिंह, दिवाकर, पवन कुमार, संदीप यादव, विशाल शर्मा, महेन्द्र जायसवाल, कन्धई लाल, घनश्याम सिंह, आनन्द यादव, रविकांत, रवीन्द्र यादव सहित सभी लेखपाल मौजूद रहे।

#### रुपईडीहा में एसएसबी की मीडिया कार्यशाला आयोजित

# भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा व यात्री सुविधाओं पर की चर्चा

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



सशस्त्र सीमा बल की 42वीं वाहिनी ने शनिवार को रुपईडीहा में मीडिया कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और मीडिया के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता 42वीं वाहिनी के कमांडेंट जीसी पांडे ने की। इसमें रुपईडीहा सहित जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में भारत-नेपाल सीमा पर आवागमन की व्यवस्था, यात्रियों को होने वाली परेशानियों, सीमा क्षेत्र की सुरक्षा और दोनों देशों के बीच समन्वय जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पत्रकारों ने सीमा पार आवागमन के दौरान यात्रियों के सामने आने वाली समस्याओं और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं को अधिकारियों के सामने रखा।

एसएसबी अधिकारियों ने सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही आम नागरिकों और यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि सीमा क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

कार्यशाला में अधिकारियों और पत्रकारों के बीच संवाद के जरिए सीमा क्षेत्र की गतिविधियों को लेकर आपसी समझ विकसित करने पर जोर दिया गया।

कमांडेंट जीसी पांडे ने कहा कि मीडिया और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर संवाद से सीमा क्षेत्र से जुड़ी सूचनाओं को सही तरीके से आम लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# पूर्व विधायक ने की पीडीए जन पंचायत

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष परशुराम यादव की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक राम मगन रावत के नेतृत्व में शनिवार को कस्बा स्थित स्वागत रेस्टोरेंट पर संविधान बचाओ पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया।

जन पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए बाबा साहेब आंबेडकर वहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार भारी बहुमत से बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 80 वर्ष हो गए हैं फिर भी आज तक हम लोगों के साथ केवल छलावा किया जा रहा है। संविधान के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार धोखा किया जा रहा है। जिससे प्रदेश के साथ-साथ देश की जनता भी काफी आहत है। विधायक राममगन रावत ने कहा कि 2027 में प्रदेश की जनता एक बार फिर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है इसलिए होने जा रहे विधानसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजई बनाने की अपील की । जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की भारी बहुमत की सरकार बनाई जा सके।

जन पंचायत में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज़, जिला महासचिव हिमांशु यादव, विश्राम सिंह राजपासी, हरिराम यादव, पंकज यादव, धर्मेन्द्र वर्मा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, दिनेश प्रताप सिहं बबलू पूर्व प्रमुख, पवन मौर्य, युवा नेता पप्पू सिद्दीकी, आकाश पाल, विवेक वर्मा, रामबाबू, पवन तिवारी रामरूप रावत, शिव प्रसाद गौतम, वीरेन्द यादव,जतिन चौधरी, रामदीन कोरी, बलबीर नाई सहित सैकड़ो बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्रवाई : फतेहपुर में पांच निजी अस्पताल हुए सील

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

फतेहपुर में स्वास्थ्य विभाग ने बिना पंजीयन और निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर टीम ने पांच अस्पतालों को सील कर दिया, जबकि नौ अन्य संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

इस कार्रवाई से निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय मिश्रा ने जितेंद्र शुक्ला के साथ मिलकर एक टीम गठितकी। इस टीम ने फतेहपुर नगर में संचालित निजी स्वास्थ्य केंद्रों की जांच की। टीम ने न्यू सहारा अस्पताल, सुनीता हॉस्पिटल और अर्पण हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अस्पतालों में पंजीयन, भवन की स्थिति, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और निर्धारित मानकों के अनुपालन की जानकारी ली।

जांच के दौरान कई अस्पतालों के संचालन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अधिकारियों के अनुसार, कुछ अस्पताल आवश्यक पंजीयन के बिना संचालित हो रहे थे, जबकि अन्य निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग ने बेसमेंट में संचालित अस्पतालों पर भी कड़ा रुख अपनाया। टीम ने ऐसे अस्पतालों को तत्काल बंद कर सील करने की कार्रवाई की निरीक्षण अभियान के तहत मेडसाइन नर्सिंग होम, लखनऊ



- बिना पंजीयन और मानकों के उल्लंघन पर नौ को नोटिस भी जारी

सेवा हॉस्पिटल, शिवांक अस्पताल, हुमा हेल्थ केयर हॉस्पिटल सिहाली और निशा पॉली क्लीनिक सुद्दीपुर सहित कई अन्य स्थानों पर भी जांच की गई। विभागीय टीम ने इन संचालकों से अस्पताल के पंजीयन और संचालन से संबंधित अभिलेख मांगे। जिन अस्पतालों में मानकों में कमी पाई गई, उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि मरीजों के इलाज के लिए संचालित अस्पतालों में निर्धारित नियमों और सुरक्षामानकों का पालन अनिवार्य है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि किसी भी अस्पताल को नियमों की अनदेखी कर संचालित नहीं होने दिया जाएगा। विभाग ने यह भी बताया कि निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा और जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर अस्पतालों को बंद करने के साथ सील करने की कार्रवाई की जाएगी। टीम ने अस्पताल संचालकों को आवश्यक दस्तावेज और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए।

#### पर्वों पर प्रशासन की अपील

# अफवाहों से रहें दूर, बांटें खुशियां



**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

बारावफात, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और रक्षाबंधन जैसे आस्था और भाईचारे के पर्वों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि पर्व खुशियां बांटने के लिए हैं, किसी विवाद का कारण बनने के लिए नहीं। जिले में सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं, यही प्रशासन की प्राथमिकता है।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की मौजूदगी में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई। धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने गए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्वों के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। जुलूस मार्गों की दोबारा जांच कर बिजली, सड़क, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सफाई से जुड़ी कमियों को समय रहते दूर कराया जाए। प्रमुख स्थलों पर पानी के टैंकर और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के साथ नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में छोटी सी कमी भी श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। खाद्य सुरक्षा विभाग को भी पर्वों के दौरान मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों में निर्धारित मानकों का पालन हर हाल में कराया जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह और भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी नजर रखने को कहा गया।

एसपी ने जिलेवासियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि एक अफवाह वर्षों की मेहनत से बने भाईचारे को चोट पहुंचा सकती है। इसलिए किसी भी अपुष्ट खबर को आगे बढ़ाने के बजाय पहले उसकी सच्चाई जरूर जांचें।

बैठक में थानावार धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों की बात सुनी गई तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिया गया। प्रशासन ने साफ किया कि पर्व किसी एक समुदाय के नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का अवसर हैं। सभी के सहयोग से अम्बेडकरनगर में शांति, भाईचारे और सौहार्द की मिसाल कायम रखने का प्रयास किया जाएगा।

# पालिकाध्यक्ष ने चौराहों के सौंदर्यीकरण को परखा

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



बलरामपुर के प्रमुख एवं व्यस्ततम चौराहों को स्वच्छ, सुंदर, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने की दिशा में नगर पालिका परिषद ने पहल तेज कर दी है। शनिवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने नगर के प्रमुख घास मंडी चौराहा, मेजर चौराहा एवं गर्ल्स कॉलेज चौराहा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प कार्यों की संभावनाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने तीनों प्रमुख चौराहों की वर्तमान स्थिति यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था, हरियाली, उपलब्ध स्थान तथा नागरिकों की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख प्रवेश एवं आवागमन स्थलों को आकर्षक और व्यवस्थित बनाना नगर पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल है।

अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि चौराहे किसी भी शहर की पहचान और उसकी सुंदरता का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। इसलिए इनके सौंदर्यीकरण की योजना केवल सजावट तक सीमित न रहकर यातायात सुगमता, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, हरियाली और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से स्थल की आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों का समुचित आकलन कर प्रभावी एवं जनोपयोगी कार्ययोजना तैयार करने को कहा।


उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख चौराहों का सुव्यवस्थित विकास होने से शहर की सुंदरता में वृद्धि के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों एवं बाहर से आने वाले लोगों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा।

### मोहर्रम समापन पर निकाला परम्परागत जुलूस

**समृद्धि न्यूज, जैदपुर-बारांबकी।** 8 रबीउल अव्वल को इमामबाड़ा काला फाटक से रुखसते अज़ा (मोहर्रम समापन) का परंपरागत जुलूस निकाला गया। जुलूस मे डंका, अलम, माही मरातिब, ज़ुल्जनाह और ताबूत बरामद हुए। मजलिस को सबसे पहले सुबह 10 बजे मौलाना सैय्यद अता मेहदी रिज़वी ने खिताब फरमाया। उसके बाद नौहा ख्वानी सैय्यद असद रज़ा रिजवी, हुसैन अब्बास पुतवे, हैदर रज़ा, मो. मोहसिन, मोहसिन रज़ा और शबीह अब्बास ने की। जुलूस इमामबाड़ा काला फाटक से निकल कर बड़ी सरकार, छोटा इमामबाड़ा, छोटी बाजार, बांध चौराहा, पचदरी मस्जिद होता हुआ पूरब तरफ़ तालाब किनारे ग़ार पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर आबिद रजा खान, अतहर जीशान, हसन असगर, गदीर रिजवी, सायंम, जौहर सहित पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही।

# 292 जोड़ों ने थामे एक-दूजे के हाथ

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



शिवबाबा धाम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 292 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह में भाजपा के कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी रही। इस दौरान जलालपुर से सपा विधायक राकेश पाण्डेय का नाम भी राजनीतिक चर्चाओं में रहा, हालांकि वे समारोह में मौजूद नहीं थे।

शिवबाबा धाम में एक ओर विवाह मंडप में 292 जोड़े नए जीवन की शुरुआत कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में नेताओं की मौजूदगी और राकेश पाण्डेय के नाम को लेकर सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं सुनाई देती रहीं।

समारोह में भाजपा विधायक धर्मराज निषाद समेत कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को सरकार की योजना के तहत निर्धारित लाभ भी प्रदान किए गए। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा, व्यवस्था और अन्य तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। समारोह ने जहां 292 परिवारों के लिए खुशियों का नया अध्याय शुरू किया, वहीं राजनीतिक हलकों में नेताओं की मौजूदगी और गैरमौजूदगी ने कार्यक्रम को सियासी चर्चा का विषय भी बना दिया।

# बलरामपुर में 5850 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्टडी टेबल बांटा गया

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

जनपद में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ घर पर भी नियमित अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में डीएम डॉ विपिन कुमार जैन के निर्देशन में सकारात्मक पहल की गई है। कक्षा 06 से 08 में अध्ययनरत 5850 मेधावी छात्र-छात्राओं को विकास विभाग के सहयोग से स्टडी टेबल उपलब्ध कराई गई हैं।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों को केवल एक भौतिक सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनमें नियमित स्वाध्याय, अनुशासन, एकाग्रता और समय के बेहतर उपयोग की आदत विकसित करना है। स्टडी टेबल मिलने से बच्चों को घर पर पढ़ाई के लिए अपना एक निश्चित एवं व्यवस्थित स्थान मिल रहा है, जहां वे विद्यालय में पढ़ाए गए पाठ की पुनरावृत्ति करने के साथ ही गृहकार्य एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियां सुगमता से कर सकेंगे।

विशेष रूप से ऐसे बच्चों के लिए यह पहल उपयोगी है, जिनके घरों में पढ़ाई के लिए अलग एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध नहीं है। अपना स्टडी स्पेस मिलने से बच्चों को पुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री को व्यवस्थित रखने तथा निर्धारित समय पर नियमित रूप से पढ़ाई करने की प्रेरणा मिलेगी।



स्टडी टेबल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में भी इस पहल को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चों को पढ़ाई के प्रति और अधिक प्रेरित करते हुए उन्हें अपने अध्ययन के समय का सदुपयोग करने तथा निरंतर सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसके साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागिता के लिए जागरूक किया जा रहा है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे घर में बच्चों के अध्ययन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करें, नियमित पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें तथा उनकी शैक्षिक प्रगति पर निरंतर ध्यान दें। जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की यह पहल विद्यालय की पढ़ाई और घर के स्वाध्याय के बीच बेहतर जुड़ाव स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों में नियमित अध्ययन की संस्कृति विकसित होने के साथ उनकी शैक्षिक उपलब्धियों को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

स्टडी टेबल बच्चों के लिए महज एक सुविधा नहीं, बल्कि पढ़ाई का अपना स्थान, नियमितता की नई आदत और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता एक कदम है।

# भाजपा सरकार युवाओं के साथ : ब्रजेश पाठक

**छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की हर मांग का होगा उचित निस्तारण**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के साथ है। प्रत्येक युवा के सपने को साकार करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष छात्रों की मांगों को रखेंगे। अगले दो दिन में छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की भेंट केंद्रीय मंत्री से कराएंगे। उप मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आरक्षण सुधार आंदोलन कर रहे युवाओं के साथ लखनऊ में शनिवार को पत्रकार वार्ता की।



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की हर मांग को ध्यान से सुना गया और उचित निस्तारण के लिए आश्वस्त किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हर्ष दुबे, मत्युंजय पाठक, शिवा शर्मा एवं उनके साथियों के साथ पत्रकार वार्ता कर ब्रजेश पाठक ने कहा कि उनकी मांगों को आगामी दो दिनों के भीतर केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। साथ ही, संबंधित केंद्रीय मंत्री से छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की भेंट कराई जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्रों के प्रतिनिधिमंडल से उन्हें पत्र भी प्राप्त हुआ है, जिसे केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा। ब्रजेश पाठक ने कहा कि छात्रों की समस्याओं और उनकी न्यायसंगत मांगों के समाधान के लिए संवाद और सकारात्मक पहल के माध्यम से प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। छात्रों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाकर समाधान की दिशा में हरसंभव कदम उठाया जाएगा। पाठक ने कहा कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में देश व प्रदेश के युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है। पत्रकार वार्ता में हर्ष दुबे ने कहा कि हमने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। हमारी मांग है कि देश के हर युवा को समान अवसर मिले। दो दिन में हमें भेंट कराने हेतु आश्वस्त किया गया है।

# छोटे उद्यमों को बड़ा बनाएगा आईआईएम मॉडल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के अंतर्गत इन्क्यूबेशन सेंटर के शुभारंभ के लिए हरी झंडी दे दी गई है। केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद यह सेंटर समूह की महिलाओं द्वारा संचालित एवं स्थापित उद्यमों को मजबूत करने, उनका विस्तार करने तथा बाजार से जोड़ने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगा।

इन्क्यूबेशन सेंटर को आईआईएम लखनऊ का तकनीकी सहयोग मिलेगा। इसके माध्यम से महिला उद्यमियों को बिजनेस प्लान, उत्पाद विकास, गुणवत्ता, ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल तकनीक, बाजार संपर्क एवं उद्यम विस्तार जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ मार्गदर्शन

**इन्क्यूबेशन सेंटर के शुभारंभ को मिली हरी झंडी**

और मेंटरिंग उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, संभावनाशील उद्यमों को विशेषज्ञों, वित्तीय संस्थानों एवं बाजार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि यह इन्क्यूबेशन सेंटर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यम की पहचान एवं स्थापना से लेकर उसके सुदृढ़ीकरण, विस्तार और बाजार तक पहुंच बनाने में सहयोग देगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिला उद्यमियों को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए उनके वास्तविक व्यवसाय की जरूरतों के अनुरूप तकनीकी एवं व्यावसायिक सहयोग उपलब्ध कराना है। अरुण कुमार ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अब केवल आजीविका गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बड़ी संख्या में अपने उद्यम स्थापित कर रही हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर इन उद्यमों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, विशेषज्ञ सहयोग और बाजार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आईआईएम लखनऊ के सहयोग से ग्रामीण महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को व्यवस्थित एवं विस्तार योग्य बनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से गांव की समूह की महिलाओं के छोटे उद्यमों को मजबूत व्यवसाय में बदलने और उनकी आय एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने में मदद मिलेगी।



शनिवार को जापानी प्रतिनिधि मंडल का होटल ताज, वाराणसी में हुआ स्वागत।

## खबरें एक नजर में

### पति ने दर्ज कराई पत्नी की गुमशुदगी

**लखनऊ।** मलिहाबाद लखनऊ भुलसी गांव से एक 24 वर्षीय महिला राधा लापता हो गई है। वह 17 अगस्त 2026 की शाम करीब 5 बजे शौच के लिए घर से निकली थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला है। परिजनों के अनुसार, काफी देर तक राधा के वापस न लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। आसपास और संभावित स्थानों पर खोजबीन के बावजूद राधा का कोई सुराग नहीं मिला। पति आकाश ने मलिहाबाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। आकाश ने पुलिस को बताया कि लापता होने के समय राधा ने हरे रंग की साड़ी और ब्लाउज पहन रखा था। उसके पैरों में बिछिया और नारंगी रंग की चप्पल थी। पुलिस और परिजनों ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को राधा के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तत्काल मलिहाबाद पुलिस या परिजनों को सूचित करें। इंस्पेक्टर अपराध सुरेंद्र मिश्र ने बताया महिला की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है और मामले की जांच जारी है।

### अब स्मार्ट होंगे प्रदेश के सरकारी स्कूल

**लखनऊ।** अब उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राइमरी और माध्यमिक स्कूलों की तस्वीर बदलने की तैयारी है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों में नई सुविधाएं विकसित करने और नए विद्यालय बनाने के लिए 1871 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्र सरकार 1123 करोड़ और राज्य सरकार 748 करोड़ रुपये देगी। धनराशि एसएनए स्पर्श के तहत दी गई है। अतिरिक्त बजट मिलने की उम्मीद है। 972 राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास बनाई जाएंगी। 31 जूनियर हाईस्कूल व कंपोजिट विद्यालयों को हाईस्कूल और चार राजकीय हाईस्कूलों को इंटरमीडिएट स्तर तक बढ़ाया जाएगा। चित्रकूट के दो व गाजियाबाद व ललितपुर का एक-एक स्कूल शामिल है।सीतापुर, संभल, मीरजापुर, चित्रकूट, हरदोई, श्रावस्ती व गोंडा समेत अन्य जिलों के स्कूलों में विस्तार होगा। प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत राजकीय और एडेड स्कूलों में कौशल व एआई प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षकों को भी आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा। प्राइमरी स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, अन्य सुविधाएं और डिजिटल शिक्षा बढ़ाने पर जोर होगा। एससीईआरटी शिक्षकों को नवाचार आधारित शिक्षण की ट्रेनिंग देगा।

### कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

**लखनऊ।** सरोजनी नगर' ब्लॉक में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सम्पन हुई आज लखनऊ के सरोजनी नगर ब्लॉक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने संगठन सृजन अभियान के रूप मे जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू भैया के गैस्ट हाउस आजाद गैस्ट हाउस में सम्पन हुई। बब्लू भईया के नेतृत्व में दरोगा खेडा सराजनी नगर के पदाधिकारी, मंडल कमेटी और बूथ बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राज्यसभा अमी यागनिक जी (ए. आई, सी, सी पर्यवेक्षक) पूर्व सांसद पी .एल, पुनिया, तथा काग्रेस सचिव उत्तर प्रदेश अतुल सिह, जिला अध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बब्लु भइ्या तथा मंच का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता जिला सचिव पास्टर फ़िरोज मसीह ( राजन भईया ने सम्बोधित करते हुये आये हुये सभी कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देकर राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करने का आह्वाहन किया।

### आदर्श व्यापार मंडल का 22वां स्थापना दिवस कल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के 22वे स्थापना दिवस के अवसर पर 24 अगस्त ,सोमवार को राजधानी लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग स्थित सिल्वेट होटल में व्यापारी शंखनाद सम्मेलन का आयोजन किया गया है संगठन के नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने बताया व्यापारी शंखनाद सम्मेलन में व्यापारी अपने हितों की रक्षा एवं अधिकारों के लिए जोरदार तरीके से आवाज उठाते हुए शंखनाद करेंगे एवं आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारियों की भूमिका ,समाज में परिवर्तन लाने में व्यापारियों का योगदान, व्यापारियों की वर्तमान व्यापारिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति पर रणनीति बनाएंगे एवं व्यापारी के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर शंखनाद करेंगे। संगठन के नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, मोहित कपूर, संजय त्रिवेदी, संजीव जैन, आशीष गुप्ता ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया व्यापारी शंखनाद सम्मेलन में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहेंगे तथा बड़ी संख्या में राजधानी के व्यापारी शंखनाद सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल एवं प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौर ने बताया उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के 22 वे स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में संगठन द्वारा व्यापारी सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें व्यापारियों से संबंधित विषय उठाए जाएंगे।

# एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए है। अभी हाल ही में मुख्य सचिव ने पराली प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वायु प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को कहा गया कि प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक इकाइयों की नियमित जांच की जाए



**एंड टू एंड वाहनों की जब्ती कार्रवाई में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश**

तथा नियमों का पालन न करने वाले उद्योगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। निर्देश दिए गए कि संबंधित प्रत्येक विभाग द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया जाए, ताकि वायु प्रदूषण की रोकथाम से जुड़े कार्यों की प्रभावी निगरानी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने एंड टू एंड वाहनों को जब्त किए जाने की कार्रवाई में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपेक्षित प्रगति न करने वाले जनपदों के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा कार्यों की नियमित समीक्षा के लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। जनजागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाएं।

### प्रभावी प्रबंधन के लिए तत्काल उठाएं कदम

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने धान की पराली (पैडी स्ट्रॉ) के प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। पराली प्रबंधन में उपलब्ध संसाधनों और मशीनरी की कमी को दूर करने के लिए बेलर एवं अन्य आवश्यक कृषि मशीनों की व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया समय से पूर्ण कराई जाए, ताकि फसल अवशेषों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सड़क विकास एवं रखरखाव कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि रोड रिडेवलपमेंट तथा रोड डस्ट की रोकथाम से संबंधित आवश्यक टेंडर समय से कराकर कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए। उन्होंने गड्ढों (पॉटहोल्स) की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त फुटपाथों के पुनर्स्थापन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। बैठक में विभागों के बीच बेहतर समन्वय के लिए प्रत्येक संबंधित विभाग द्वारा नोडल अधिकारी नामित किए जाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि पवन पोर्टल पर संबंधित विभागों द्वारा सही, पूर्ण एवं अद्यतन डेटा अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए, ताकि वायु प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्यों की वास्तविक प्रगति का प्रभावी आकलन किया जा सके।



शनिवार को समाजवादी पार्टी के पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने वकार अहमद को प्रदेश सचिव नामित किया। मनोनयन के बाद अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। फोटो-समृद्धि न्यूज।

# भैंसों के तबेले में बन रही थी मिठाई, दो कुंतल नष्ट की गई खाद्य सामग्री

**शक्कर के घोल में मक्खियों व कीट पतंगों की थी भरमार**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

काकोरी में भैंसों के तबेले के बीच मिठाई का कारखाना चल रहा था। शक्कर के घोल में मक्खियों और मिठाइयों हर कीट-पतंगे पड़े थे।

एफएसडीए ने 2675 किलो मिठाइयां व मिठाई बनाने का सामान नष्ट करवाकर प्रतिष्ठान बंद करवा दिया है। साथ ही कारखाना संचालक को नोटिस जारी की गई है। काकोरी स्थित हरदोइया के लालनगर में शिवच्छी स्वीट्स का कारखाना है। जिस परिसर में कारखाना है, उसी में पैसों का तबेला भी है। एफएसडीए की टीम शुक्रवार को कारखाने पहुंची तो गंदगी में मिठाइयां बनती मिलीं। गंदे इमों में 1000 लीटर अधनिर्मित घोल रखा था, जिसमें मरी हुई मक्खियां पड़ी थीं। इसे खानकर मिठाइयों में इस्तेमाल किया जा रहा था। कारखाने से 686 किलो खाद्य पदार्थ सीज किए, जिनको अनुमानित कीमत 79170 सारी है। काकोरी में जब्त 1675 किग्रा दूषित मिठाई व 1000 लीटर घोल गड्ढा खोदकर नष्ट कराया गया।

निरीक्षण के दौरान आमजन में से साक्षी राम स्वरूप यादव पुत्र रघुनंदन यादव भी मौके पर उपस्थित रहे। संयुक्त दल द्वारा वास्ते विनष्टीकरण हेतु भंडारित समस्त मिठाइयों का



भौतिक परीक्षण किया गया, जो उसी स्थिति व मात्रा में पाई गई तथा भण्डारित मिठाईयों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की गई थी। खाद्य कारोबारी द्वारा पास में ही गड्ढा खोदा गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में निम्न कार्यवाही सम्पादित की गई। गंदे ड्रम में भंडारित 1000 लीटर घोल को गड्ढे में डालकर नष्ट किया गया।

तत्पश्चात भंडारित अन्य मिठाइयाँ - पेड़ा - 25 किग्रा, कलाकन्द - 1000 किग्रा, डोडा बर्फी - 300 किग्रा, गेहूँ दलिया - 10 किग्रा, चिकनी बर्फी वर्कयुक्त - 350 किग्रा कुल - 2675 किग्रा मिठाई को गड्ढे में डालकर ऊपर से मिट्टी डालकर विनष्ट किया गया विनष्टीकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही मौके पर उपस्थित साक्षी, खाद्य कारोबारी तथा जाँच दल के समस्त सदस्यों के समक्ष नियमानुसार सम्पन्न कराई गई।

# मंच के प्रपंच ने खोली मंचीय संसार की अनकही परतें

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राष्ट्रीय कवि संगम, लखनऊ इकाई (अवध प्रांत) के तत्वावधान में साहित्य भूषण एवं राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री कमलेश मौर्य 'मृदु' की मंचीय संस्मरणों पर आधारित पुस्तक 'मंच के प्रपंच' का लोकार्पण समारोह उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में साहित्यिक गरिमा और आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और कवयित्री डॉ. शोभा दीक्षित भावना द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ।

समारोह की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष





हिंदी प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने की। उन्होंने कहा कि संस्मरण जब निजी अनुभवों से आगे बढ़कर अपने समय के साहित्यिक परिवेश का साक्ष्य बनते हैं, तब वे महत्त्वपूर्ण दस्तावेज का रूप ग्रहण करते हैं; 'मंच के प्रपंच' मंचीय जीवन और हिंदी की सार्वजनिक साहित्यिक संस्कृति का जीवंत आख्यान है।

मुख्य अतिथि मा. गिरीश चंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी एवं समकक्ष राज्यमंत्री ने कहा कि साहित्य और कला समाज की संवेदना को समृद्ध करते हैं और यह कृति मंचीय अनुभवों को स्थायी साहित्यिक स्मृति प्रदान करती है। विशिष्ट अतिथि शिवकुमार व्यास ने पुस्तक के संस्मरणात्मक शिल्प की सराहना की। मुख्य वक्ता आचार्य ओम नीरव ने कहा कि कवि-सम्मेलन केवल कविता-पाठ का मंच नहीं, बल्कि कवि और समाज के बीच जीवंत संवाद का माध्यम है। विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पद्मकांत शर्मा 'प्रभात' ने कहा कि पुस्तक मंच की चमक के पीछे छिपे अनुभवों और प्रसंगों को साहित्यिक संवेदना के साथ सामने लाती है। कार्यक्रम का संचालन हास्य-व्यंग्य कवि संदीप अनुरागी ने किया।

इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र एन सी जेड सी उत्तर क्षेत्र के पूर्व निदेशक डा सौभाग्य वर्धन, डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी, डॉ. अशोक अग्निपथी, कृष्ण कुमार मौर्य 'सरल', डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना', हरिमोहन बाजपेई माधव, विजय तन्हा, कृष्ण प्रताप सिंह दिनकर, अजय प्रधान, सोनी मिश्रा, लता श्रीवास्तव, डॉ. गजेंद्र प्रियांशु, अनुभव मौर्य, डॉ. लक्ष्मी मौर्य, सन्दर्भ मौर्य, रोशनी कुशवाहा, भास्कर शर्मा सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### कर्नल ब्रह्मपाल तोमर बने रालोद लखनऊ कार्यालय प्रभारी



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के केंद्रीय नेतृत्व ने कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर (सेवानिवृत्त) को रालोद उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय का प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा पूर्व सैनिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# स्कूलों के बाहर होगा तीसरी आंख का पहरा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राजधानी में स्कूलों के बाहर सुरक्षा और यातायात संबंधी समस्याओं के मुद्दे पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार और पुलिस को अहम आदेश दिया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) लखनऊ से याचिका में प्रतिवादी सभी 17 स्कूलों के बाहर कैमरे लगाने और इस काम में होने वाले खर्चों के बारे में सूचित करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में विस्तृत पत्र पुलिस उपायुक्त (यातायात) के कार्यालय की ओर से डीएम को भेजा जाएगा, जो

**कोर्ट ने सरकार से खर्च के बारे में बताने को कहा**

जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से विद्यालयों को इसकी सूचना सुनिश्चित करेंगे।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति वृजराज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश गोमती रिवरबैंक रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की जनहित याचिका पर दिया। इससे पहले न्यायमित्र ने अदालत के समक्ष मानक संचालन प्रक्रिया प्रस्तुत की। इसे लामार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज के परामर्श से तैयार किया गया है। इसके अनुसार स्कूल ने खुद परिसर के चारों ओर 12 कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा। यह भी बताया कि इनका फुटेज यातायात पुलिस से साझा किया जा सकता है। डीसीपी रवीना त्यागी ने अदालत को बताया कि स्कूलों की ओर से लगाए कैमरों को स्मार्ट सिटी के फीड से जोड़ने के लिए हर स्कूल से करीब 1,12,100 रु. की जरूरत होगी। इसके अलावा कैमरों के रखरखाव और वाई-फाई कनेक्टिविटी सहित अन्य खर्चों के लिए हर माह करीब नौ हजार रुपये का खर्च होगा।

# लेखपालों ने मांगों को लेकर भरी हुंकार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मलिहाबाद लखनऊ लेखपालों ने अयोध्या में एक लेखपाल के खिलाफ हुई एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल और धरना-प्रदर्शन किया। इसी क्रम में मलिहाबाद तहसील के लेखपालों ने भी कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया।

लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन और विजिलेंस टीमें कई मामलों में शिकायत की वास्तविकता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि और संबंधित लेखपाल की भूमिका की पर्याप्त जांच किए बिना ट्रैप कार्रवाई कर रही हैं।

संघ का कहना है कि ऐसी कार्रवाई से ईमानदारी से काम करने वाले लेखपालों में भय और असुरक्षा का



माहौल बन रहा है। हालांकि, संघ ने स्पष्ट किया कि वह भ्रष्टाचार के किसी भी रूप का समर्थन नहीं करता और यदि कोई कर्मचारी रिश्वत मांगने या लेने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। संघ ने यह भी कहा कि झूठी शिकायत, निजी रंजिश या षड्यंत्र के आधार पर किसी निर्दोष कर्मचारी को फंसाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

लेखपाल संघ ने अयोध्या के सोहावल प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो, इलेक्टॉनिक साक्ष्यों और पी-टैप पकिया की जांच शामिल है। इसके अतिरिक्त, संघ ने ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता और शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि की अनिवार्य जांच, एसीओ और विजिलेंस कार्रवाई के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने की भी मांग की। संघ के आह्वान पर तहसील में यह एक दिवसीय हड़ताल और धरना-प्रदर्शन हुआ।

मलिहाबाद में लेखपाल संघ के अध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में लेखपालों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दीपक मौर्य, रूपेश, राजेश यादव, मनजीत सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे। लेखपालों ने अयोध्या प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर यदि कोई दोषी हो तो उसके खिलाफ कार्रवाई तथा निर्दोष लेखपाल को न्याय दिलाने की मांग की।

**सराहनीय** | **योगी सरकार की पहल को मिली मजबूती**

# डिजिटल पीडीएस से पारदर्शी हुआ राशन वितरण

**ई-केवाईसी से लाभार्थियों का रिकॉर्ड हो रहा अपडेट**

**99.99 प्रतिशत आधार फीडिंग, 99.98 प्रतिशत प्रमाणीकरण**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में योगी सरकार की डिजिटल पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। राशन वितरण व्यवस्था में लाभार्थियों की पहचान से लेकर दुकान के स्टॉक और वितरण तक की जानकारी ऑनलाइन दर्ज होने से पूरी प्रक्रिया की निगरानी आसान हुई है। इससे फर्जी लाभार्थियों और काल्पनिक वितरण जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में मदद भी मिली है।

सरकारी व्यवस्था के तहत लाभार्थी की पहचान और उसके हिस्से के राशन का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से दर्ज किया जाता है। राशन की दुकानों के स्टॉक तथा वितरण की जानकारी भी ऑनलाइन उपलब्ध रहती है। इससे संबंधित विभागीय अधिकारियों को वितरण व्यवस्था की निगरानी करने और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करने में सुविधा मिलती है।

पीडीएस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए राशन कार्डों की ई-केवाईसी भी कराई जा रही है। आंकड़ों



के अनुसार अब तक करीब 93.5 प्रतिशत राशन कार्डों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। इससे लाभार्थियों के रिकॉर्ड को अपडेट करने और वास्तविक पात्र लोगों की पहचान सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया के जरिए राशन कार्ड में दर्ज लाभार्थियों के विवरण को अधिक विश्वसनीय बनाया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी खाद्यान्न योजना का लाभ सही पात्र परिवारों तक पहुंचे और व्यवस्था में किसी तरह की अनियमितता की गुंजाइश कम हो।

### पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रहा पूरा हक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस व्यवस्था का मूल उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाते हुए पात्र लाभार्थियों को उनके हिस्से का राशन उपलब्ध कराना है। डिजिटल रिकॉर्ड और ऑनलाइन निगरानी से राशन दुकानों के संचालन पर भी नजर रखी जा सकती है।

विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पीडीएस में 99.99 प्रतिशत आधार फीडिंग और 99.98 प्रतिशत आधार प्रमाणीकरण का लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। आधार आधारित पहचान व्यवस्था ने राशन वितरण में लाभार्थियों की पहचान को और मजबूत आधार दिया है।सरकार की ओर से लगातार डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। राशन वितरण में ऑनलाइन रिकॉर्ड, आधार आधारित प्रमाणीकरण और ई-केवाईसी जैसी व्यवस्थाएं इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। इन व्यवस्थाओं से न केवल पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाने में मदद मिल रही है, बल्कि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ी है।

# स्वरोजगार योजनाओं से युवाओं व महिलाओं को मिला रोजगार

## विधायक ने लाभार्थियों को बांटे चेक

समृद्धि न्यूज



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं के तहत जलालाबाद ब्लॉक परिसर में चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी मार्जिन मनी तथा ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से छोटे उद्यमियों को पूंजी उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद की जा रही है। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के साथ क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। कार्यक्रम में कुल 10 लाभार्थियों को उनके विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए चेक प्रदान किए गए। इनमें रोहित कुमार को कंप्यूटर इंस्टीट्यूट, नेहा देवी को कुटीर उद्योग, रामतीर्थ राठौर को साउंड सर्विस, रोहित सिंह को वाटर प्लांट, सतेंद्र कुमार को शटरिंग वर्क, इंद्र कुशवाहा को मोबाइल रिपेयरिंग सर्विस, ममता को सोलर आटा चक्की, दिव्या को वाटर प्लांट, देवेश भारद्वाज को डेयरी प्रोजेक्ट तथा अजयवीर सिंह को स्वरोजगार परियोजना के लिए आर्थिक सहायता दी गई। लाभार्थियों को यूपी ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वित्तीय सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को लेकर उत्साह देखने को मिला।

## आंदोलन में भाग लेने जा रहे युवा नेता नजरबंद

- जातिवाद के आधार पर नहीं, आर्थिक आधार पर हो आरक्षण: प्रदीप

समृद्धि न्यूज



**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में यूजीसी कानून का विरोध कर रहे पूर्व ददरौल विधायक प्रत्याशी को गुरूवार की रात रोजा जंक्शन से हिरासत में लेकर शुक्रवार तक पुलिस ने उनके घर पर ही नजरबंद रखा।

दिल्ली में नीट पेपर लीक को लेकर हुए छात्रों के आंदोलन के बाद अब आरक्षण हटाओ आंदोलन जोर पकड़ रहा है। रिजर्वेशन हटाने की मांग करते हुए भावलखेड़ा के निवाजपुर निवासी पूर्व ददरौल विधानसभा के प्रत्याशी प्रदीप सिंह भी आंदोलन में भाग लेने के लिये रोजा रेलवे स्टेशन पहुंचे, इसकी भनक थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र को चल गई। आनन-फानन में पुलिस रेलवे जंक्शन पहुंच गई और प्रदीप सिंह को हिरासत में लेकर उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। वहीं, प्रदीप सिंह ने कहा कि हम सभी आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन सरकार को आरक्षण जातिवाद से नहीं, आर्थिक आधार पर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर उनका विरोध जारी रहेगा।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

समृद्धि न्यूज



**पुवायां, शाहजहांपुर।** एक युवक का शव अपने घर की ऊपरी मंजिल फंदे पर लटकता मिला। मृतक के मुंह में बीड़ी दबी हुई मिली। युवक की पहचान 37 वर्षीय कमलेश वाजपेयी के रूप में हुई है, जो हरियाणा में काम करता था। उनकी पत्नी हरिद्वार में अपने माता-पिता के साथ रहकर काम करती हैं। परिजनों ने शनिवार सुबह करीब 9 बजे शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बा के मोहल्ला तरती बाजार निवासी कमलेश की मां ने उनके चचेरे भाई को फोन कर कमलेश को देखने के लिए कहा। चचेरे भाई ने मकान की छत पर जाकर खिड़की से देखा तो कमलेश फंदे पर लटके हुए थे। उनके मुंह में बीड़ी दबी हुई थी। कमलेश वाजपेयी की शादी खुटार थाना क्षेत्र के सिल्हुआ की मनू से हुई थी और उनकी एक दस साल की बेटी है। कमलेश हरियाणा में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, जहां उनकी मां और भाई भी काम करते हैं। बताया जा रहा है कि कमलेश शराब के आदी थे। वह लगभग बीस दिन पहले हरियाणा से शाहजहांपुर लौटे थे। इसके बाद वह कुछ दिन लखीमपुर और पुवायां में रिश्तेदारों के घर रहे और दो दिन पहले ही अपने घर आए थे। चचेरे भाई ने बताया कि हरियाणा से लौटने के बाद कमलेश ससुराल गए थे, जहां उनका कुछ विवाद भी हुआ था। घटना की जानकारी चचेरे भाई ने कमलेश की मां और लखीमपुर में रह रहे रिश्तेदारों को दी, जिसके बाद सभी लोग मौके पर पहुंच रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## गर्दन कटा मिला था महिला का शव, अब हुई पहचान

### ट्रेन से कटकर हुई थी मौत, पुलिस ने कराया पीएम

**समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** शुक्रवार को रेलवे स्टेशन कहेलिया से करीब दो सौ मीटर दूर गर्दन कटा अज्ञात महिला शव की पहचान फेसबुक पर पड़ी फोटो से मृतका के भाई ने पहचान करते हुए बहनोई और भांजे को बुलाकर मोर्चरी में रखे शव को देखकर पहचान की है। रेलवे स्टेशन कहेलिया से गाँव दर्दऊ की तरफ करीब दो सौ मीटर दूर अज्ञात महिला की गर्दन कटा शव अप लाइन पर मिलने की सूचना मध्यान्ह करीब साढ़े तीन बजे पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के लिए काफी प्रयास किया। मौके पर पहुंचे भारी संख्या में लोगों में से किसी व्यक्ति ने अज्ञात महिला की फोटो फेसबुक पर भेज दी। जिसे जिसे आरसी मिशन क्षेत्र में पड़ने वाले गाँव रौसर कोठी निवासी मृतका के भाई महेश ने देखकर पति शिव कुमार, भांजे संजीव कुमार को सूचित करते हुए बुलाकर मोर्चरी पहुंचे और जिसका नाम मीरा बताते हुए पहचान करते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे मीरा घर पर किसी को कुछ भी बताए बगैर निकल गई थी। जिसके काफी देर तक वापस नहीं आने पर गाँव के अलावा आसपास के गांवों में भी काफी तलाश किया था और शनिवार को ट्रेन से कटने की सूचना पाकर हॉस्पिटल पहुंच कर पहचाना है।

## जरा सी बारिश से तालाब बन जाती है सड़कें

- नालों की तड़ी झाड़ सफाई न होने से उफना जाते हैं नाले
- शिकायत के बाद आज तक नहीं हुई कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जोन शनिवार की दोपहर हुई जरा सी बारिश से जलमग्न हो गया। गलियां, मुख्य बाजार में पानी भर गया। जिसने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। लोगों का कहना है कि नालों की सफाई न होने के कारण नाले का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है।

ज्ञात रहे कि 24 अप्रैल 2019 को इस क्षेत्र को नगर निगम में शामिल किया गया था। इससे पहले यह नगर पंचायत में था। बताते है कि पानी का निकास न होने के कारण बल्लियां मोड़ से लेकर मालगोदाम रोड़ पर जरा सी बारिश में सड़कें तालाब के रूप में बदल जाती है। इसका एक और कारण है कि नगर पंचायत के दौरान बारिश से पहले नालों की तलिझाड़ सफाई अभियान चलाया जाता था, लेकिन जब से रोजा को नगर निगम के आधीन किया गया है,तब से इसकी हालत बद से बद्तर हो गई है। पहले यदि कहीं जलभराव हो जाता था तो नगर पंचायत अध्यक्ष या सभासद से शिकायत करने पर समस्या का समाधान हो जाता था, लेकिन जबसे रोजा क्षेत्र नगर निगम के आधीन हुआ है तब से यहां की जनता किसी से अपनी शिकायत नहीं कर पाता है और न ही उसकी सुनी जाती हैं। रोजा की जनता नगर निगम बनने से अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। क्षेत्र के बल्लियां मोड़, आदर्श नगर कालोनी गली नंबर नौ से लेकर सात तक सड़क जरा सी बारिश में जलमग्न हो जाती हैं। जिससे राहगीरों और दुकानदारों से स्कूली बच्चों को भरे पानी से निकलना पड़ता है। वहीं जलकल विभाग ने खुदी सड़कों को दुरुस्त न कराने से बारिश का पानी कहां गड्ढे में भरा हुआ है लोगों को पता नहीं चलता है और वे चुटेल हो जाते हैं। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई गई, अधिकारी मौके पर पहुंचे और शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

## गोमती किनारे पशु चराने गया अधेड़ लापता



**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम इन्दलपुर से पशु चराने गया 46 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। शाम के समय जब मवेशी अकेले घर लौट आए और व्यक्ति वापस नहीं पहुंचा, तो परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पीड़ित परिजनों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। ग्राम इन्दलपुर निवासी कपूर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार उनके भाई रामखिलौना (46) दोपहर करीब 12 बजे गांव के पास बहने वाली गोमती नदी के किनारे रोज की तरह पशु चराने गए थे। शाम होने पर सभी पशु तो घर वापस लौट आए, लेकिन रामखिलौना घर नहीं पहुंचे। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों व ग्रामीणों ने गोमती नदी के किनारे और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से लापता व्यक्ति की शीघ्र बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## लेखपालों पर कार्रवाई के खिलाफ संघ का धरना

समृद्धि न्यूज




**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले शनिवार को स्थानीय तहसील परिसर में लेखपालों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन और विजिलेंस द्वारा लेखपालों के विरुद्ध की जा रही कथित गलत, अनुचित और दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाए जाने की पुरजोर मांग की। घ्प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई से पहले तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए, ताकि फर्जी और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के आधार पर कर्मचारियों का अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके। प्रदर्शन के उपरांत लेखपालों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने दोटूक शब्दों में कहा कि संगठन अपने सदस्यों के हितों, अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस गंभीर मामले में उचित हस्तक्षेप कर लेखपालों को राहत दिलाने की मांग की है। घ्इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रविकांत, मंत्री पवनेश कुमार, संजीव सिंह, अमर सक्सेना, राधा यादव, पूजा सिंह, सचिन कुमार, अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में तहसील के लेखपाल मौजूद रहे।

## नाबालिग भाई-बहन को पुलिस ने हरिद्वार से किया बरामद

- शुक्रवार को घर से हो गये थे लापता
- बेटी बोली साध्वी बनने आई थी हरिद्वार

समृद्धि न्यूज



**रोजा, शाहजहांपुर।** घर से नाराज होकर गए नाबालिग भाई-बहन थाना रोजा पुलिस की तत्परता से हरकी पौड़ी हरिद्वार से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को पारस सक्सेना पुत्र संदीप कुमार निवासी देवरास थाना रोजा ने बताया कि उसके नाबालिग भाई सोहन उम्र करीब 08 वर्ष एवं बहन दीपा उम्र करीब 15 वर्ष के घर से नाराज होकर कहीं चले जाने की सूचना दी गई थी। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा तत्काल तलाश एवं बरामदगी के लिए प्रयास किए गए। पुलिस टीम द्वारा किए गए निरंतर प्रयास एवं त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप 24 घंटे के भीतर दोनों नाबालिग भाई-बहन को शनिवार को प्रातः करीब 05.00 बजे हरिद्वार स्थित हरकी पौड़ी से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही के फलस्वरूप दोनों नाबालिगों को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उनके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

**CHANGE OF NAME**

I, SUMATHI, MOTHER OF ARMY NO 2622233L RANK SEP NAME RAMACHANDHIRAN S PRESENTLY RESIDING AT VILL - ANNANAGAR, PO - PERUMUGAIPUDUR, TEH - GOBI, DIST - ERODE, STATE - TAMIL NADU, PIN - 638505. I HAVE CHANGED MY NAME FROM SUMATHI TO SUMATHI S AS PER AADHAAR CARD. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE

**CHANGE OF NAME**

I, SUBRAMANI, FATHER OF ARMY NO 2622233L RANK SEP NAME RAMACHANDHIRAN S PRESENTLY RESIDING AT VILL - ANNANAGAR, PO - PERUMUGAIPUDUR, TEH - GOBI, DIST - ERODE, STATE - TAMIL NADU, PIN - 638505. I HAVE CHANGED MY NAME FROM SUBRAMANI TO SUBRAMANI RAMASAMY AS PER AADHAAR CARD. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE

## गन्ने की फसल का निरीक्षण कर किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई के टिप्स दिए

समृद्धि न्यूज



**बंडा, शाहजहांपुर।** मकसूदापुर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड मकसूदापुर द्वारा चीनी मिल क्षेत्र के कई गांवों का महाप्रबंधक गन्ना ओम प्रकाश वर्मा, सहायक महाप्रबन्धक गन्ना अशद ने भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान गन्ने की फसल की वृद्धि एवं विकास, गन्ना बधाई, फसल की स्थिति, खेत में नमी, खरपतवार तथा कीट एवं रोगों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। ग्राम घुँघचइयां में किसानों के साथ एक मिटिंग की। उपस्थित किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई, गन्ना फसल संबंधी समस्याओं एवं कृषि कार्यो के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को गन्ने की अच्छी पैदावार के लिए समय-समय पर सिंचाई, संतुलित उर्वरक प्रयोग, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी गई और गन्ने की फसल में किसी भी प्रकार के कीट या रोग का प्रकोप दिखाई देने पर तत्काल संबंधित गन्ना विभाग के अधिकारियों से संपर्क करे। चीनी मिल के उप महाप्रबन्धक (गन्ना) सुरेन्द्र पाल सिंह ने किसानों को बताया कि शरदकालीन गन्ना बुवाई ट्रॅन्च विधि से अधिक उपज देने वाली व रोग रहित गन्ना प्रजातियों की अधिक से अधिक क्षेत्रफल में अन्तः फसल के साथ गन्ना बुवाई करें तथा गन्ना बधाई के लिये किसानों को जागरूक किया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबन्धक राजकुमार शर्मा व धीरज मिश्रा, जोनल इंचार्ज सुमेश वर्मा, अशोक गंगवार व प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना में बकाया राशि पर 100 फीसदी छूट

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** नगर निगम ने करदाताओं को बड़ी राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना यानी ओटीएस लागू की है। उक्त योजना के तहत बकाया टैक्स पर लगने वाली राशि में 100 फीसदी तक की छूट का लाभ करदाताओं को दिया जा रहा है। नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने शहर के नागरिकों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है। नगर निगम के मुताबिक 15 अगस्त से 14 सितंबर 2026 तक करदाता इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की सुविधा ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी उपलब्ध है। खास बात ये है कि ओटीएस योजना सभी प्रकार की संपत्तियों पर लागू की गई है। करदाता निर्धारित नियमों के अनुसार अपना बकाया टैक्स जमा कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही टैक्स जमा करने के लिए तीन किश्तों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर निगम की ओर से टैक्स पर 10 फीसदी की अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है।

नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने नागरिकों से अपील की है कि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर ओटीएस योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाया टैक्स का भुगतान कर राहत प्राप्त करें।

## गौवंशो के झुंड से टकराकर स्कूटी सवार होमगार्ड की मौत

- दूसरा होमगार्ड गंभीर रूप में घायल, हालत नाजुक
- दोनों स्कूटी से जा रहे थे ड्यूटी

समृद्धि न्यूज





**रोजा, शाहजहांपुर।** सड़क पर बैठे आवारा गौवंशौ के झुंड से टकराकर स्कूटी सवारों की मौत के कई हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे हादसों में रात के समय या हाईवे पर तेज रफ्तार के कारण वाहन चालकों को संभलने का मौका नहीं मिल पाता है। हाल शुक्रवार की देर रात बाइक से ड्यूटी पर जा रहे दो होमगार्ड शाहजहांपुर के भावलखेड़ा क्षेत्र के आईटीआई मोड़ के पास सड़क पर बैठे गौवंशो से बाइक टकराने से एक होमगार्ड की मौत हो गई और उसका साथी होमगार्ड गंभीर रूप में घायल हो गया। जिसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि राहगीर सीयूजी पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के गांव बल्लियां निवासी होमगार्ड राजवीर तैनाती शाखा यातायात व गांव हेतमपुर निवासी होमगार्ड सुशील कुमार तैनाती शाखा यातायात अपनी स्कूटी से ड्यूटी जा रहे थे, रास्ते में रोजा मण्डी रोड पर आई0टी0आई गेट के सामने इनकी स्कूटी अचानक सड़क पर बैठे गोवंशौ से टकरा गई। जिससे दोनों को गम्भीर चोटे आयी हैं। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर उपरोक्त दोनों को उपचार के लिए को राजकीय मेडिकल कॉलेज एंबुलेंस भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा होमगार्ड सुशील कुमार को मृत घोषित कर दिया गया तथा होमगार्ड राजवीर का इलाज चल रहा है। जिसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं।

### एक सप्ताह पूर्व मां का हुआ था निधन

मृतक होमगार्ड सुशील के पिता ज्वाला ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व सुशील का मां कमला का बीमारी के चलते निधन हो गया था। अभी उसकी मां के निधन के संस्कार पूरे ही नहीं हो पाये थे। जवान बेटे के निधन से पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। उन्होंने बताया कि मृतक सुशील के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अजय नोएडा में काम व छोटा बेटा विशाल पढ़ाई करता हैं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद तिलहर शाहजहांपुर

पत्रांक 40/स./न.पा.तिलहर/2026 दिनांक- 18.08.2026

**सामग्री की दरें अनुबन्धित किये जाने हेतु कुटेश-सूचना**

एततद्वारा सर्वसाधारण सम्बंधित फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं व दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद तिलहर के सफाई अनुभाग में निम्नलिखित विवरण के अनुसार सामग्री की समय समय पर आवश्यकता होती रहती है, जिस हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए दरें अनुबन्धित की जानी है जिस हेतु दिनांक 31-08-2026 को अपराहन 3:30 बजे तक सम्बन्धित व्यक्ति अपनी अपनी दरें शील बन्द लिफाफे में सफाई कार्यालय में प्राप्त करा दें। प्राप्त कुटेशनों / दरों को उसी तिथि को सांय 4:00 बजे कुटेशनदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी कुटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सफाई अनुभाग से सम्पर्क किया जा सकता है-

**सामग्री की सूची-**

1- झाडू बेंत/नारियल 2- फूल झाडू 3- बांस की लाठी 4- चूना पिसा 5- तसला 6- फावडी 7- फावडा बडा 8- हारपिक 9- फिनायल 10- वाईपर 11- खुरपी 12-पंजी बडी 13- गैंती बडी 14- घन बडा 15- बेल्चा छोटा व बड़ा 16- तेजाब बोतल 17-जूट व प्लास्टिक की रस्सी 18-किंग फांग दवाई 19-घास जलाने वाली दवाई राउम्डअप 20-मैलाथियॉन पाउन्डर 21-मैलाथियॉन लिक्विड 22- पानी का पाईप 01 इंच बाला बण्डल 23-कोलीन गोली पैकिट 24-बाल्टी प्लास्टिक 25 ताला छोटा व बड़ा 26- लोहे वाला ताप 27-नट बोल्ट 28- हथौड़ा छोटा व बड़ा 29- लोहे की जाली 30-पोछा कपड़ा आदि।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, तिलहर**
**शाहजहांपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, तिलहर**
**शाहजहांपुर।**

# शीतला माता मंदिर पहुंच प्रभारी मंत्री ने लिया जायजा

▸ अधूरे कार्य गुणवत्ता से पूरे कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के शीतला माता मंदिर का शनिवार को शाहजहांपुर के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में माता रानी के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने मंदिर परिसर में बनाए जा रहे पार्क दर्शनार्थियो के वैठने के लिए वरामदा एवं सुलभ शौचालय समेत अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। जो कार्य अभी अधूरे हैं, उन्हें गुणवत्ता के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाएगा।ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने बताया कि शीतला माता मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 1.80 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए गए हैं।

इसी धनराशि से मंदिर परिसर में विभिन्न विकास और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं से युक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्रा, विधायक अरविंद सिंह, उप जिलाधिकारी असलम खां, भाजपा नेता हरजीत चौहान, रजनीश कश्यप, गिरीश मिश्रा, रामलड़ैते राठौर, अमरदीप शुक्ला, रामरहीस पाल, दिनेश वावू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने जुलूस ए मुहम्मदी के रूट का आयोजकों के साथ किया निरीक्षण

▸ रास्ता दुरुस्त करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।



बारावफात के मौके पर 26 अगस्त को निकलने वाले जुलूस ए मोहम्मदी का मार्ग खुदा पड़ा होने से आहत आयोजकों द्वारा मार्ग सही न होने पर जुलूस न निकाले जाने का ऐलान किए जाने के मद्देनजर एसडीएम ने इन्तजामी मौलानाओं के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बता दें कि गुरुवार शाम कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी बैठक में एसडीएम नीलिमा यादव व सीओ विदुष सक्सेना के न पहुंचने पर नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने जुलूस आयोजकों से समस्याओ की जा करी ली थी । जिसमें चौहटिया क्षेत्र में खुदे पड़े मार्ग के दुरुस्त न होने पर मुख्य आयोजक इक़वाल हुसैन उर्फ फूल मियां, शहर काजी अकरम सलीम समेत कई लोगों ने जुलूस न निकालने का ऐलान किया था। इसी तारतम्य में शुक्रवार को अपरान्ह साढ़े चार बजे एसडीएम नीलिमा यादव ने नायब तहसीलदार पंकज कुमार, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार, लेखपाल तरुण प्रताप सिंह के साथ चौहटिया बाजार का पैदल निरीक्षण किया। मार्ग की हालत देखकर काम कर रहे ठेकेदार एवं अपर अभियंता जलकल की फटकार लगाई कि जब खुदाई मना की गई थी। तो क्यों कराई गई, प्रत्येक दशा में 23 अगस्त तक रोड क्लियर हो जाना चाहिए । अन्यथा जिम्मेदारी उन निर्धारित की जाएगी । एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि जुलूस के मार्ग पर किसी भी तरीके का अवरोध नहीं होना चाहिए। साथ ही आवारा पशुओं को पकड़वाये। जुलूस के दौरान कोई भी पशु जुलूस रुट पर नहीं मिलना चाहिए । इस मौके पर शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ शद्दन मियां , शहर काज़ी मोहम्मद अकरम सलीम, इकबाल हुसैन उर्फ फुल मियां, हाफिज अदीब, हाफिज नसीम , हाफिज साजिद, अंजुम खान, कारी इदरीस आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 16 जुआरी गिरफ्तार, 3 लाख 11 हजार से अधिक की नकदी बरामद



**लखीमपुर खीरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग ने बताया कि स्वाट टीम, सर्विलांस टीम तथा कोतवाली सदर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सटीक सूचना के आधार पर अन्नू के घर के अन्दर (बाल्मीकि बस्ती, गोला रोड, लखीमपुर) छापेमारी कर जुआ खेल रहे 16 अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। मौके से भारी मात्रा में नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना कोतवाली सदर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। 311262 रुपया मिला है।

### लेखपालों ने धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध



**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।** अयोध्या में लेखपाल के खिलाफ एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई को लेकर लेखपालों में आक्रोश दिखाई दिया सोशल मीडिया पर कार्रवाई से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद मोहम्मदी तहसील सभागार में लेखपालों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया है। धरना-प्रदर्शन में लेखपाल संघ के अध्यक्ष रजनीश सिंह, महामंत्री नवल किशोर सहित तहसील क्षेत्र के सभी लेखपाल शामिल रहे। लेखपालों ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई नियमानुसार और निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए। लेखपालों का कहना है कि अयोध्या में हुई कार्रवाई को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसी के चलते संगठन ने एक दिवसीय धरना देकर अपनी मांगों और विरोध को अधिकारियों तक पहुंचाया। लेखपाल संघ ने संबंधित प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक तथ्यों को सामने लाने की मांग की है। धरना-प्रदर्शन के दौरान लेखपालों ने एकजुटता दिखाते हुए संगठन के हित में आवाज बुलंद की।

### ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत।** सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर चोरी की गई चार बैटरियां बरामद की हैं। विधिक कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम पटिहन निवासी विपिन कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके घर के सामने खड़े ई-रिक्शाओं से चार बैटरियां चोरी हो गई थीं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम पिपरा मुजसा निवासी प्रशान्त कुमार पुत्र खुशीराम और थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा निवासी अरुण कुमार पुत्र स्व. मुनेन्द्र कुमार को 21 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया।

### चेकिंग में पकड़ा गया तमंचेबाज

**पीलीभीत।** पूरनपुर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को एक और सफलता मिली है। कलीनगर रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। बताया गया कि शनिवार को पूरनपुर पुलिस की टीम कलीनगर रोड स्थित जय अंबे राइस मिल के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस की नजर ग्राम बेगपुर निवासी गुरसरन सिंह पुत्र अजमेर सिंह पर पड़ी। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिलने से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पूरनपुर कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### 986 ग्राम चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत।** थाना माधोटांडा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डगा पुल के पास चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 986 ग्राम अवैध चरस और एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक 21 अगस्त को डगा पुल के पास वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा स्कूटी से जा रहे शादाब पुत्र छोटा निवासी शेरपुर कलां, थाना पूरनपुर और अनस उर्फ मंत्री पुत्र शब्बीर निवासी शेरपुर कलां को पुलिस ने रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान शादाब के कब्जे से 496 ग्राम तथा अनस के पास से 490 ग्राम चरस बरामद होने का दावा किया गया। मामले में थाना माधोटांडा में मुकदमा संख्या 226/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बरामद एक्टिवा को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया। पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

### इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को शैक्षिक सत्र 2026-2027 के लिए नवनियुक्त कक्षा मॉनिटर्स का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और कक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न कक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को मॉनिटर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने नवनियुक्त मॉनिटर्स को उनके पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई। उन्होंने मॉनिटर्स को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मॉनिटर केवल कक्षा की व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी नहीं निभाते, बल्कि वे विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व की भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# रात के अंधेरे में छपरा होटल किया गया ध्वस्त

▸ पीड़ित ने दी व्यापारी पिता व दो पुत्रों के खिलाफ तहरीर

समृद्धि न्यूज़



**तिलहर - शाहजहांपुर।** रात के अंधेरे में छप्पर में चल रहे चाय होटल को रात के अंधेरे में जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया । पीड़ित ने पुलिस समेत उच्चाधिकारियों से व्यापारी पिता व उसके दो पुत्रों के खिलाफ लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है । वहीं पुलिस ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया । फिलहाल समाचार भेजे जाने तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। नगर के मोहल्ला दातागंज निवासी दिनेश रस्तोगी उर्फ बल्लू पुत्र स्व मथुरा प्रसाद रस्तोगी के बड़े भाई राकेश रस्तोगी के नाम पोटरगंज पुरानी गल्ला मंडी में घास मंडी के समीप पालिका से अप्रैल 1972 से आवंटित बीस वाई बीस फीट की जगह है।


जिसमें दीवारों पर छप्पर डालकर दिनेश रस्तोगी चाय की दुकान चलाकर रोजी रोटी कमाते थे।

शुक्रवार की रात को दिनेश रोज की तरह दुकान बंद कर घर पहुंचे । सुबह उन्हें किसी ने सूचना दी कि रात में जेसीबी मशीन से दुकान ध्वस्त कर दी गई है। चूंकि दिनेश का एक पैर हाथी पांव रोग से ग्रस्त होने से उन्हें चलने फिरने में भी दिक्कत होती है। वह अपनी पत्नी व बेटे के साथ मौके पर पहुंचे । रोजी रोटी का एक मात्र सहारा भी नष्ट हुआ देख सभी बिलख पड़े । पीड़ित ने आयोजित थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई ।

कोतवाल प्रभाष चंद्र के निर्देश पर बिरिया गंज चौकी इंचार्ज रमेश कुमार वर्मा व कांस्टेबिल अनिल कलियान ने मौके पर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया। कोतवाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है।

मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। उधर पीड़ित दिनेश रस्तोगी ने उच्चाधिकारियों को भी शिकायत भेजने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी ऑन लाइन शिकायत की है।

# हाथीपुर उत्तरी में सिर पर झूल रहे बिजली के तार, बड़े हादसे का अंदेशा



▸ दो खंभे लगाने की मांग तेज

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी शहर स्थित मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी में बिजली व्यवस्था बदहाली के दौर से गुजर रही है। इलाके की गलियों में बिजली के तार खतरनाक रूप से नीचे लटक रहे हैं, जिससे पूरे मोहल्ले में हर वक्त करंट और बड़े हादसे का खौफ बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार महकमे की अनदेखी के चलते अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वर्तमान में बारिश के मौसम के चलते स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी है। जगह-जगह झूलते और जर्जर तार टूटने की कगार पर हैं। बारिश के दौरान इन नंगे व ढीले तारों से करंट उतरने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। मोहल्ले की संकरी गलियों से रोजाना सैकड़ों राहगीर, स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे और दोपहिया वाहन चालक गुजरते हैं। कई स्थानों पर तार इतने नीचे हैं कि जरा सी चूक किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। मोहल्ले वासियों के अनुसार, बिजली के खंभों के बीच अधिक दूरी होने की वजह से तार खिंचाव न होने के कारण नीचे लटक गए हैं। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए इलाके में कम से कम दो नए बिजली के खंभों की तुरंत आवश्यकता है। यदि विभाग द्वारा दो खंभे स्थापित कर दिए जाएं, तो सभी तारों को व्यवस्थित और सुरक्षित ऊंचाई पर कसा जा सकेगा, जिससे संभावित खतरे को पूरी तरह टाला जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने विद्युत वितरण निगम के उच्चाधिकारियों और संबंधित उपकेंद्र के अभियंताओं से पुरजोर मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि समय रहते झूलते तारों को दुरुस्त नहीं कराया गया और खंभे नहीं लगाए गए, तो किसी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। अब देखना यह है कि बिजली विभाग इस जनहित और सुरक्षा से जुड़े मामले पर कब तक संज्ञान लेता है।

### थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** थाना समाधान दिवस के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने अमरिया थाने पहुंचकर जनसमस्याओं की सुनवाई की। एसपी ने थाने में पहुंचे फरियादियों से उनकी शिकायतों के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके की स्थिति समझकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से पुलिस और राजस्व से संबंधित मामलों में दोनों विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद अथवा अन्य संवेदनशील प्रकरणों में केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जांच करें और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। एसपी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जनशिकायतों के निस्तारण में देरी अथवा लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने शिकायतों की प्रकृति के अनुसार प्राथमिकता तय करते हुए निर्धारित समयसीमा में समाधान कराने पर जोर दिया, ताकि फरियादियों को बार-बार अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में दर्ज शिकायतों की प्रगति भी परखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, उनमें शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाए और उसे की गई कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए। एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान कराना है। पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का त्वरित निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है।

# यूजीसी विरोध प्रदर्शन में जाने से पहले पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

समृद्धि न्यूज़



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** गांव म्यूना से यूजीसी के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवाओं को पुलिस ने रोक दिया। शिवम सिंह, आशीष सिंह, दिवाकर विक्रम सिंह अपने साथियों के साथ शनिवार दोपहर करीब दो बजे दिल्ली रवाना होने की तैयारी कर रहे थे।

बताया जा रहा था कि कार्यक्रम में बदायूं और बरेली के कुछ लोगों के भी शामिल होने की योजना थी। बताया गया कि प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारियां चल रही थीं, तभी करीब 11 बजे थाना खुदागंज पुलिस गांव म्यूना पहुंची। प्रदर्शन से जुड़े लोगों के अनुसार, पुलिस ने शिवम सिंह, आशीष सिंह, दिवाकर विक्रम सिंह समेत अन्य लोगों को दिल्ली जाने से रोक दिया और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद मौके पर हलचल मच गई। वहीं, प्रदर्शन से जुड़े युवाओं का कहना है कि यूजीसी के विरोध में उनका आंदोलन जारी रहेगा और वे अपने मुद्दे को लेकर आगे भी आवाज उठाते रहेंगे।

# वीएचएसएनडी सत्र में लापरवाही पर डीएम सख्त



समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने शनिवार को विकासखंड बिसवां के ग्राम पंचायत महमूदपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही मिलने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एएनएम से ग्राम की जनसंख्या, टीकाकरण की स्थिति और लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने वैक्सीनेशन किट और आइस बॉक्स का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लड प्रेशर मशीन खराब मिली, जबकि संबंधित अभिलेख और रजिस्टर भी अद्यतन नहीं पाए गए। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए एएनएम का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकत्री से भी उसके कार्यों की जानकारी ली। अपेक्षित सक्रियता और रुचि नहीं मिलने पर उन्होंने आशा कार्यकत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।


डीएम ने कहा कि वीएचएसएनडी दिवस पर सभी स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित की जाएं। टीकाकरण, अभिलेखों के रखरखाव और लाभार्थियों को मिलने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखरंजन समद्दर मौजूद रहे।

### सीतापुर कांग्रेस कार्यालय पर प्रशासन का कब्जा

सीतापुर में शहर कांग्रेस कमेटी के घंटाघर स्थित कार्यालय को लेकर चल रहा विवाद अब प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार के बाद शनिवार को जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद की टीम कांग्रेस कार्यालय पहुंची। बारिश के बीच भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासनिक और नगर पालिका अधिकारियों ने कार्यालय परिसर को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि यह कार्यालय पिछले करीब 55 वर्षों से नजूल भूमि पर संचालित हो रहा था। जमीन और कार्यालय के कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस मामले में नगर पालिका परिषद की ओर से बेदखली और राजस्व अभिलेखों से नाम हटाने संबंधी आदेश जारी किए गए थे। कांग्रेस की ओर से इन आदेशों के खिलाफ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दाखिल की गई थी। हालांकि, अदालत ने नगर पालिका के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

# बाघ के हमले में घायल केपी कुमार का हाल जानने पहुंचे सपा नेता रोहित कुमार बहल

समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी-खीरी।



ग्राम ककराही, पोस्ट बरवर, तहसील मोहम्मदी निवासी केपी कुमार पुत्र शिवकरन बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के नेता रोहित कुमार बहल मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर पहुंचे और घायल केपी कुमार के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। रोहित कुमार बहल ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। घायल के बेहतर उपचार के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों से भी वार्ता कर मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बाघ के हमले की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा हिंसक वन्यजीव से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बाढ़ के बीच गांव-गांव पहुंचा प्रशासन, एडीएम ने परखी राहत की रफ्तार

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।



नदियों में जलस्तर बढ़ने और बाढ़ की चुनौती के बीच प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान को पूरी गंभीरता के साथ जमीन पर उतार दिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार निगरानी के बीच शनिवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने निघासन तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत व्यवस्था की हकीकत परखी। एडीएम सबसे पहले जसनगर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ की स्थिति, प्रभावित आबादी और ग्रामीणों तक पहुंच रही राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर हृष्ट्रक्ष्न, स्स्क्र राजस्व एवं पुलिस की टीमें मौजूद रहीं। आपदा की स्थिति को देखते हुए सभी टीमें अपने-अपने स्तर से राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी रहीं। एडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली तथा प्रभावित लोगों की जरूरतों के अनुरूप राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। जसनगर के बाद एडीएम ने निघासन तहसील क्षेत्र के ही बाढ़ प्रभावित जीतपुरवा गांव का रुख किया। यहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों तथा उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। एडीएम ने उनकी बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक खाद्यान्न समेत सभी जरूरी राहत तत्काल पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जहां भी किसी परिवार को किसी प्रकार की आवश्यकता हो, वहां संबंधित टीम तत्काल पहुंचे और जरूरी सहायता उपलब्ध कराए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की गति किसी भी स्थिति में कम नहीं होनी चाहिए।

प्रभावित गांवों की लगातार निगरानी की जाए और स्थिति के अनुसार तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ का पानी कम होने तक ही नहीं, बल्कि परिस्थितियों के सामान्य होने तक प्रशासनिक टीमें क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की मदद करती रहें। उन्होंने राजस्व, पुलिस, और संबंधित टीमों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## भीड़तंत्र न बने लोकतंत्र

लोकतंत्र में जनता की भागीदारी उसकी सबसे बड़ी ताकत है। जनता की आवाज सत्ता को जवाबदेह बनाती है, सरकारों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर करती है और व्यवस्था में सुधार का रास्ता खोलती है। लेकिन जब यही जनभागीदारी विवेक, तर्क और नीतिगत सोच से कटकर केवल भीड़, नारे और आवेश में बदल जाती है, तब लोकतंत्र के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो जाती है। लोकतंत्र और भीड़तंत्र के बीच अंतर बहुत महीन है और इस अंतर को समझना आज पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है।

हाल के दिनों में छात्र–युवा आंदोलनों को लेकर जिस तरह राजनीतिक समर्थन सामने आया है, उसने इस बहस को फिर जीवित कर दिया है। दिल्ली के जंतर–मंतर पर 'कॉकरोच' छात्र–युवाओं के प्रदर्शन को कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं का समर्थन मिला, जबकि रांची के मुंडा स्टेडियम में इसी तरह के शैक्षिक मुद्दे से जुड़े प्रदर्शन में राजनीतिक समीकरण अलग दिखाई दिए। दोनों घटनाओं के मुद्दे परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े थे, फिर भी राजनीतिक प्रतिक्रियाओं में अंतर रहा। यह स्थिति स्वाभाविक रूप से सवाल खड़ा करती है कि क्या राजनीतिक दल मुद्दे के आधार पर आंदोलन का समर्थन करते हैं या राजनीतिक लाभ–हानि के आधार पर? युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होती है। युवाओं में ऊर्जा, आदर्शवाद और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस अधिक होता है। जब व्यवस्था किसी समस्या का समाधान देने में विफल रहती है तो युवाओं का असंतोष आंदोलन का रूप ले सकता है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब छात्र आंदोलनों ने समाज और राजनीति को नई दिशा दी। लेकिन आंदोलन की शुरुआत जितनी महत्वपूर्ण होती है, उसकी दिशा और नेतृत्व उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। भारत के राजनीतिक इतिहास में छात्र आंदोलनों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जेपी आंदोलन ने तत्कालीन राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। असम आंदोलन ने विदेशी घुसपैठ का मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया। बाद में आम आदमी पार्टी का उदय भी आंदोलन से राजनीति की ओर बढ़ने का उदाहरण बना। इन आंदोलनों में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही, लेकिन आगे चलकर राजनीतिक नेतृत्व ने उनकी ऊर्जा को अपने–अपने तरीके से इस्तेमाल किया। यहीं सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है। क्या आंदोलन का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन होना चाहिए? यदि किसी आंदोलन के बाद सरकार बदल जाती है, लेकिन जिस समस्या के खिलाफ आंदोलन हुआ था वह समस्या बनी रहती है, तो क्या उसे सफल आंदोलन कहा जा सकता है? सत्ता परिवर्तन और व्यवस्था परिवर्तन में बहुत अंतर है। सत्ता बदलना अपेक्षाकृत आसान हो सकता है, लेकिन नीतियों में स्थायी सुधार करना कठिन कार्य है। भीड़ किसी भी आंदोलन को ताकत देती है, लेकिन भीड़ अपने आप में नीति नहीं बनाती। भीड़ भावनाओं से प्रभावित होती है और भावनाओं को दिशा देने वाला नेतृत्व होता है। इसलिए भीड़ की संख्या देखकर किसी आंदोलन की सफलता का अनुमान लगाना उचित नहीं है। यह देखना आवश्यक है कि आंदोलन की मांग क्या है, उसके पीछे तथ्य कितने मजबूत हैं और उसके समाधान का रास्ता क्या है। राजनीतिक दलों के लिए भीड़ स्वाभाविक रूप से आकर्षक होती है। बड़ी भीड़ राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करती है। इसी कारण नेता अक्सर जनता के नाम पर अपनी राजनीति को सही ठहराते हैं। लेकिन जनता के नाम पर नीति बनाने का अर्थ यह नहीं कि नीति निर्माण की जिम्मेदारी जनता के हाथ में चली गई। नीतियां निर्वाचित सरकारें और राजनीतिक नेतृत्व बनाते हैं और उनकी सफलता या विफलता का मूल्यांकन भी उन्हीं के काम से होना चाहिए।

गंभीर सामाजिक समस्याओं का समाधान नारे, भाषण और भावनात्मक अपील से नहीं निकलता। इसके लिए तथ्य, आंकड़े, विशेषज्ञता और दूरदृष्टि की आवश्यकता होती है। परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी हो तो उसकी जांच और सुधार के लिए संस्थागत व्यवस्था मजबूत करनी होगी। भ्रष्टाचार की शिकायत हो तो जांच की निष्पक्ष व्यवस्था और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। केवल भीड़ जुटाकर सरकार को घेरने से स्थायी समाधान नहीं निकल सकता।

दलीय राजनीति कई बार समस्या के समाधान से अधिक राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को महत्व देने लगती है। विपक्ष को सरकार गिराने का अवसर दिखाई देता है और सरकार विपक्ष के आंदोलन को राजनीतिक साजिश बताने लगती है। इस खींचतान में वास्तविक समस्या पीछे छूट जाती है और आम नागरिक फिर उसी स्थिति में रह जाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हर आंदोलन को संदेह की दृष्टि से देखा जाए। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध नागरिकों का अधिकार है। सरकारों को भी विरोध की आवाज सुननी चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती इसी में है कि असहमति के लिए पर्याप्त स्थान हो। लेकिन आंदोलन का मूल्यांकन उसकी भीड़ से नहीं, उसके उद्देश्य, नेतृत्व और परिणाम से होना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि युवा आंदोलनों को राजनीतिक दलों के चश्मे से देखने के बजाय उनके मुद्दों को स्वतंत्र रूप से परखा जाए। युवा किसी दल की संपत्ति नहीं हैं। उनकी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए, न कि केवल किसी दल या नेता के राजनीतिक हित साधने में।

लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है, लेकिन जनता की शक्ति तभी सार्थक होती है जब वह जागरूक और विवेकशील हो। भीड़ कुछ समय के लिए सत्ता को हिला सकती है, सरकार बदल सकती है और राजनीतिक समीकरण उलट सकती है, लेकिन बेहतर शासन के लिए नीतियां, संस्थाएं और सक्षम नेतृत्व चाहिए।

### दो टूक




# संतुलन साधती अमेरिकी कूटनीति


डॉ. अनिल मिश्र



अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हृदय नहीं, हित धड़कते हैं। वहाँ डिनर-टेबल साझा करना केवल आतिथ्य और किसी राजदूत का वक्तव्य केवल शिष्टाचार नहीं होता। दोनों अपने समय, स्थान और शब्दों के कारण कूटनीतिक संकेत बन जाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में विशेष भोज देना और उसके बाद भारत में अमेरिकी राजदूत तथा दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर द्वारा जम्मू-कश्मीर को भारत का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताना–ऊपर से विरोधाभासी, किंतु भीतर से अमेरिकी हित-साधना की एक ही रणनीति के दो पूरक पक्ष हैं। अमेरिका एक ओर भारत को चीन के मुकाबले दीर्घकालीन रणनीतिक भागीदार, विशाल बाजार और उभरती तकनीकी शक्ति मानता है; दूसरी ओर पाकिस्तान को ईरान, अफगानिस्तान, आतंकवाद, परमाणु सुरक्षा, खनिज संसाधनों और चीन की क्षेत्रीय गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उपयोगी साधन बनाए रखना चाहता है। इसलिए वह भारत और पाकिस्तान में से किसी एक को चुन नहीं रहा; अलग-अलग प्रयोजनों के लिए दोनों को साध रहा है।

**डिनर-टेबल पर मुनीर क्यों?:** जून 2025 में असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में दिया गया भोज असाधारण था। वह पाकिस्तान के निर्वाचित राष्ट्रपति अथवा प्रधानमंत्री नहीं, सेना प्रमुख थे। नागरिक नेतृत्व के बिना उन्हें इस स्तर पर आमंत्रित करना पाकिस्तान के सत्ता-सत्य की अमेरिकी स्वीकृति थी–वहाँ सरकार का चेहरा भले नागरिक हो, भारत, अफगानिस्तान, आतंकवाद और परमाणु नीति के निर्णायक सूत्र सेना के हाथों में हैं। ट्रम्प के अनुसार उन्होंने मई 2025 के भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव को आगे न बढ़ने देने में मुनीर की भूमिका के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। लेकिन भोज केवल संघर्ष-विराम का अभिनंदन नहीं था। उस समय ईरान-इजरायल तनाव चरम पर था और ईरान से लगभग एक हजार किलोमीटर सीमा साझा करने वाला पाकिस्तान अमेरिका के लिए भौगोलिक, खुफिया और सामरिक दृष्टि से उपयोगी था। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट-खुरासान की चुनौती, पाकिस्तान का परमाणु शस्त्रागार तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी अमेरिकी गणना में थे। पाकिस्तान के तांबा, सोना और अन्य महत्त्वपूर्ण खनिजों में अमेरिकी रुचि इस समीकरण का आर्थिक पक्ष है। अमेरिका चीन-नियंत्रित आपूर्ति-शृंखलाओं पर निर्भरता घटाना चाहता है और पाकिस्तान वैकल्पिक संभावनाओं का प्रलोभन दे रहा है। इस्लामाबाद द्वारा ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करना भी कृतज्ञता मात्र नहीं, राष्ट्रपति की व्यक्तिगत आकांक्षा को कूटनीतिक प्रभाव में बदलने की चतुर चाल थी। अतः मुनीर का भोज पाकिस्तान-प्रेम की घोषणा नहीं, उसकी तात्कालिक उपयोगिता का अभिनंदन था। फिर भी भारत के लिए संदेश असुविधाजनक था–अमेरिका लोकतंत्र और आतंकवाद-विरोध के घोषित सिद्धांतों से अधिक सामरिक लाभ को प्राथमिकता दे सकता है।

**गोर का वक्तव्य—नीति या संकेत?:** यहाँ शब्दों की शुद्धता आवश्यक है। सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग– integral part–नहीं, बल्कि भारत का महत्त्वपूर्ण हिस्सा– an important part of India–कहा। सामान्य भाषा में दोनों अभिव्यक्तियाँ निकट लग सकती हैं, लेकिन कूटनीति में शब्द ही नीति की सीमा निर्धारित करते हैं। अभिन्न अंग भारत के सम्पूर्ण संप्रभुता-दावे का स्पष्ट समर्थन होता; महत्त्वपूर्ण हिस्सा वर्तमान प्रशासनिक और राजनीतिक वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है। गोर ने भारत के पक्ष में महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाया, पर अमेरिका के लिए स्पष्टीकरण अथवा वापसी की गुंजाइश भी छोड़ी। इसके बावजूद पाकिस्तान द्वारा अमेरिकी राजनयिक को तलब करना बताता है कि इस सावधानीपूर्ण वाक्य ने भी इस्लामाबाद को कूटनीतिक चोट पहुँचाई। गोर छह वर्षों में जम्मू-कश्मीर जाने वाले पहले अमेरिकी राजदूत बने। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भेंट की, सुरक्षा में सुधार की सराहना की और अमेरिकी यात्रा न करें परामर्श की समीक्षा का संकेत दिया। इससे चार संदेश निकलते हैं– मुनीर के साथ अमेरिकी निकटता कश्मीर पर पाकिस्तानी दावे का समर्थन नहीं; अमेरिका अनुच्छेद 370 के बाद बने यथार्थ से संवाद कर रहा है; कश्मीर में निर्वाचित सरकार, सुरक्षा और पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता मिल रही है; और पाकिस्तान वाशिंगटन से निकटता को भारत-विरोधी विजय न समझे। गोर ट्रम्प के निकट सहयोगी, भारत में राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत हैं। इसलिए उनका वक्तव्य स्वतंत्र टिप्पणी नहीं, व्हाइट हाउस तक सीधी पहुँच रखने वाले राजनयिक का सुविचारित संकेत है।

**क्या अमेरिकी नीति बदल गई?:** अभी ऐसा मानना जल्दबाजी होगी। इसे नीति-परिवर्तन से अधिक स्वर और प्राथमिकता में बदलाव कहना उचित है। वास्तविक परिवर्तन तब माना जाएगा, जब अमेरिका आधिकारिक रूप से जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग स्वीकार करे, तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से दूरी बनाए, पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई करे और अपने यात्रा-परामर्श को वस्तुस्थिति के अनुरूप बदले।

फिलहाल गोर का कथन भारत के लिए अनुकूल संकेत है, अंतिम अमेरिकी नीति नहीं। देखना होगा कि वाशिंगटन के अगले कदम उनके शब्दों की पुष्टि करते हैं अथवा यह मुनीर-आतिथ्य से उत्पन्न भारतीय असंतोष को संतुलित करने का माध्यम भर था। अल्पकाल में भारत को कूटनीतिक बढ़त, पाकिस्तान को मनोवैज्ञानिक झटका और कश्मीर के पर्यटन को संभावित लाभ मिल सकता है। यात्रा-परामर्श में ढील हुई तो दूसरे पश्चिमी देश भी पुनर्विचार कर सकते हैं। दूसरी ओर, मुनीर को मिला सम्मान पाकिस्तान में सेना की राजनीतिक सत्ता को मजबूत करेगा। दीर्घकाल में अमेरिका भारत के साथ व्यापक साझेदारी और पाकिस्तान के साथ सीमित उपयोगितावादी सम्पर्क–दोनों बनाए रखेगा।

**भारत की दिशा:** भारत को न गोर के अनुकूल वाक्य से आत्ममुग्ध होना चाहिए, न मुनीर के भोज से असंतुलित। उसे अमेरिका के साथ रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और आतंकवाद-विरोधी सहयोग बढ़ाते हुए स्पष्ट करना होगा कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को अनावश्यक वैधता देना दक्षिण एशिया में लोकतंत्र और शांति दोनों को कमजोर करता है। रूस, फ्रांस, जापान, यूरोप, पश्चिम एशिया और वैश्विक दक्षिण के साथ संबंधों का विविधीकरण भी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए आवश्यक है। कश्मीर पर भारत की सबसे प्रभावी कूटनीति केवल दावा नहीं, उपलब्धि होगी–सुदृढ़ सुरक्षा, निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया, रोजगार, पर्यटन, सुशासन और नागरिक विश्वास। जिस दिन उसकी शांति और सामान्यता स्वयं निर्विवाद प्रमाण बन जाएगी, किसी विदेशी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं रहेगी। ट्रम्प की डिनर-टेबल और गोर का कश्मीर-वक्तव्य अमेरिकी अंतर्विरोध नहीं, हित-केंद्रित कूटनीति के संतुलनकारी उपकरण हैं। अमेरिका अपने हित साध रहा है; भारत को भी उतनी ही व्यावहारिक नीति अपनानी होगी–सहयोग वहाँ तक, जहाँ हितों का सामंजस्य हो; असहमति वहाँ, जहाँ संप्रभुता और सुरक्षा का प्रश्न हो; और आत्मनिर्भर सामर्थ्य वहाँ, जहाँ किसी मित्र के आश्वासन पर निर्भर रहना जोखिम हो। यही अमेरिकी कूटनीति को समझने की दृष्टि और भारतीय विदेश-नीति की दिशा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# हमारी शिक्षा व्यवस्था का कड़वा सच!

संजय सक्सेना

स्कूल की टूटी छत से शुरू हुई कहानी डिग्री लेकर बेरोजगार खड़े युवा तक पहुंचती है। यही भारत की शिक्षा व्यवस्था का सबसे कड़वा सच है। आज बच्चे पंखा, पानी, शिक्षक, सड़क और शौचालय के लिए सड़क पर हैं। कल यही बच्चे डिग्री लेकर नौकरी की कतार में होंगे। फर्क सिर्फ इतना होगा कि आज वे व्यवस्था से पढ़ने लायक स्कूल मांग रहे हैं, कल जीने लायक रोजगार मांगेंगे। सवाल यह है कि सरकार उस बच्चे की आवाज कब सुनेगी जब वह स्कूल के बाहर नारा लगा रहा है या तब, जब लाखों युवाओं की भीड़ में सरकारी नौकरी का फॉर्म भर रहा होगा? जुलाई और अगस्त 2026 में देश के अलग–अलग राज्यों से बच्चों के विरोध की जो तस्वीरें सामने आईं, वे मामूली नहीं हैं। फतेहपुर में सैकड़ों छात्रों ने बिजली, पंखे, पीने के पानी और खराब व्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाई। हमीरपुर में करीब 300 बच्चे स्कूल तक पक्की सड़क की मांग को लेकर छह किलोमीटर पैदल चले। लखनऊ में छात्राओं ने शिक्षकों की कमी और बुनियादी सुविधाओं का सवाल उठाया। गया के सिमुआरा मिडिल स्कूल के करीब 50 बच्चे चार किलोमीटर पैदल चलकर अधिकारियों तक पहुंचे। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पंजाब तक एक जैसी शिकायतें सुनाई दीं।

कोई नई इमारत नहीं मांग रहा था। कोई महंगी मशीन नहीं मांग रहा था। बच्चे बस इतना कह रहे थे स्कूल को स्कूल बना दो।

यहां सरकारी आंकड़े सरकार के लिए ढाल कम और आईना ज्यादा हैं। यूडायस प्लस 2025–26 के अनुसार देश में 1,00,843 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक है। इन स्कूलों में 29 लाख से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। एक शिक्षक को कई कक्षाओं को पढ़ाना है, उपस्थिति देखनी है, सरकारी कागज भरने हैं और पूरे स्कूल की जिम्मेदारी भी उठानी है। दूसरी तरफ 5,663 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चा नामांकित नहीं है, लेकिन वहां 20,667 शिक्षक तैनात हैं। इससे साफ है कि समस्या केवल शिक्षकों की कमी नहीं है। असली बीमारी व्यवस्था की नब्ज में है। जहां जरूरत है, वहां शिक्षक नहीं। जहां बच्चे नहीं, वहां शिक्षक मौजूद हैं। यह कमी नहीं, बंटवारे की विफलता है।सरकार कह सकती है कि तस्वीर सुधर रही है। बिजली वाले स्कूलों का अनुपात बढ़कर 95 प्रतिशत हो गया है। पीने के पानी की सुविधा 99.5 प्रतिशत स्कूलों तक पहुंच गई है। लड़कियों के लिए शौचालय 98.5 प्रतिशत और लड़कों के लिए 97.2 प्रतिशत स्कूलों में हैं। ये आंकड़े निश्चित रूप से प्रगति बताते हैं। लेकिन प्रतिशत का खेल उस बच्चे की परेशानी नहीं मिटाता, जिसके स्कूल में बिजली होने के बावजूद पंखा नहीं चलता। राष्ट्रीय औसत की सबसे बड़ी चाल यही है कि वह लाखों बच्चों की परेशानी को एक छोटे प्रतिशत में बदल देता है। पांच प्रतिशत स्कूलों में बिजली नहीं है, यह आंकड़ा सुनने में छोटा लगता है। लेकिन 14 लाख से अधिक स्कूलों वाले देश में पांच प्रतिशत हजारों स्कूल होते हैं। वहां पढ़ने वाला बच्चा प्रतिशत नहीं जानता। वह बस गर्मी में बैठता है। जिस स्कूल में पानी गंदा है, वहां 99.5 प्रतिशत की उपलब्धि का कोई मतलब नहीं। जिस शौचालय में ताला लगा है या सफाई नहीं, वहां कागज पर बनी सुविधा बच्चे की जरूरत पूरी नहीं करती। शिक्षा का असली हिसाब यह नहीं कि कितने स्कूलों में सुविधा दर्ज है। असली सवाल यह है कि सुबह स्कूल पहुंचने पर बच्चा उसे इस्तेमाल कर सकता है या नहीं। डिजिटल शिक्षा की तस्वीर भी कम चिंताजनक नहीं। देश के केवल 67.4 प्रतिशत स्कूलों में इंटरनेट है और 69.9 प्रतिशत में कंप्यूटर की सुविधा दर्ज है। डिजिटल पुस्तकालय केवल 7.1 प्रतिशत स्कूलों तक सीमित है। ऐसे समय में जब दुनिया तेजी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नई तकनीक की तरफ बढ़ रही है, देश का बड़ा हिस्सा अभी इंटरनेट की दहलीज पर खड़ा है। एक बच्चा घर में कंप्यूटर, तेज इंटरनेट और अलग से प्रशिक्षण के साथ पढ़ रहा है। दूसरा बच्चा स्कूल में बिजली और पंखे की मांग कर रहा है। फिर दोनों से एक जैसी दौड़ में उतरने की उम्मीद की जाती है। इसे समान अवसर कहना सच्चाई से आंख चुराना है। दिव्यांग बच्चों की स्थिति और ज्यादा सवाल खड़े करती है। करीब 79.7 प्रतिशत स्कूलों में रैंप हैं, लेकिन दिव्यांग बच्चों के अनुकूल शौचालय केवल 40.1 प्रतिशत स्कूलों में हैं। जयपुर में दिव्यांग छात्रों का विरोध इसी अधूरी व्यवस्था की तरफ इशारा करता है। सरकार रैंप बनाकर सुविधा पूरी मान लेती है, लेकिन बच्चा स्कूल के भीतर अपनी बाकी जरूरतें कैसे पूरी करेगा, यह सवाल पीछे छूट जाता है। पहुंच केवल दरवाजे तक पहुंचने का नाम नहीं है। सम्मान के साथ पूरी शिक्षा पाने का नाम है। यहीं से कहानी स्कूल की दीवार पार करती है और कॉलेज तक पहुंचती है। कमजोर बुनियाद वाला बच्चा किसी तरह बारहवीं पास करता है। फिर बीए, बीकॉम या बीएससी में दाखिला लेता है। डिग्री मिलती है और उसके बाद सामने खड़ा होता है नौकरी का बाजार। नीति आयोग की 18 अगस्त 2026 की रिपोर्ट ने इस अगले संकट की परत खोल दी। रिपोर्ट के अनुसार केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार पा सके। देश में करीब 3 करोड़ 40 लाख छात्र स्नातक पाठ्यक्रमों में हैं। इनमें बड़ी संख्या सामान्य डिग्रियों में पढ़ रही है। डिग्री बढ़ रही है, लेकिन उसके साथ काम करने की क्षमता उसी गति से नहीं बढ़ रही। रिपोर्ट का सबसे परेशान करने वाला निष्कर्ष यह है कि पढ़ाई और रोजगार की जरूरतों के बीच बड़ी खाई है। करीब 34 प्रतिशत छात्र कौशल की कमी को गंभीर समस्या मानते हैं। 18 प्रतिशत छात्र साक्षात्कार की तैयारी को लेकर परेशान हैं। लगभग 80 प्रतिशत छात्रों ने व्यावहारिक और कामकाजी अनुभव की कमी को बड़ी कमजोरी बताया। एक छात्र अर्थशास्त्र पढ़ता है, लेकिन उसे कंपनी में उसका इस्तेमाल नहीं आता। वाणिज्य का छात्र हिसाब–किताब जानता है, लेकिन कामकाजी सॉफ्टवेयर का अनुभव नहीं। राजनीति विज्ञान का छात्र सिद्धांत जानता है, लेकिन शोध और नीतियों के व्यावहारिक विश्लेषण की तैयारी कमजोर है।यही वजह है कि डिग्री लेकर निकलने वाला युवा अक्सर सरकारी नौकरी की तरफ दौड़ता है। नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच 55 हजार सरकारी पदों के लिए 1 करोड़ 86 लाख आवेदन आए। यह सिर्फ बेरोजगारी का आंकड़ा नहीं है। यह उस शिक्षा व्यवस्था पर फैसला है, जो युवाओं को वैकल्पिक रास्तों के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं कर पाई। डिग्री पात्रता देती है, लेकिन क्षमता नहीं। फिर युवा सालों तक एक परीक्षा के पीछे भागता है, क्योंकि उसके पास दूसरा भरोसेमंद रास्ता नहीं होता। इस पूरी बहस का सबसे असहज सवाल सरकारी स्कूलों पर भरोसे का है। सरकारी शिक्षक का बच्चा निजी स्कूल में पढ़े, अधिकारी का बच्चा निजी स्कूल में पढ़े और मंत्री का बच्चा भी निजी स्कूल चुने, तो सरकारी स्कूल की बदहाली पर वास्तविक दबाव कौन बनाएगा? निजी स्कूल में पढ़ाना अपराध नहीं और किसी अभिभावक के चुनाव पर रोक नहीं होनी चाहिए। लेकिन जो लोग सरकारी शिक्षा की व्यवस्था चलाते हैं, अगर उनका अपना भरोसा ही उससे उठ जाए, तो सुधार की आग किसके भीतर जलेगी? गरीब बच्चे के पास यह विकल्प नहीं होता। उसके स्कूल में शिक्षक नहीं है तो वह महंगी पढ़ाई का सहारा नहीं ले सकता। कंप्यूटर नहीं है तो घर में दूसरा नहीं मिलता। अंग्रेजी या तकनीकी कौशल कमजोर है तो अतिरिक्त प्रशिक्षण उसकी पहुंच से बाहर है। दूसरी तरफ संसाधनों वाले परिवारों के बच्चे बेहतर स्कूल, अतिरिक्त प्रशिक्षण और अनुभव के साथ आगे निकल जाते हैं। फिर दोनों एक ही परीक्षा में बैठते हैं और व्यवस्था इसे बराबरी की दौड़ कहती है।भारत को अब स्कूलों की संख्या नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता पर बहस करनी होगी। हर स्कूल में शिक्षक हो, सुविधाएं सिर्फ कागज पर नहीं, रोज चलती हुई मिलें। बच्चों को रटने के साथ काम करने, सोचने, संवाद करने और नई तकनीक समझने की क्षमता मिले। कॉलेज की डिग्री को रोजगार, प्रशिक्षण और वास्तविक अनुभव से जोड़ा जाए।आज बच्चा पंखा मांग रहा है। कल वही युवा नौकरी मांगेगा। अगर स्कूल की पहली आवाज नहीं सुनी गई, तो बेरोजगारी की अगली चीख और तेज होगी। भारत की शिक्षा व्यवस्था के सामने अब सवाल एक ही है बच्चों को सिर्फ डिग्री देनी है या भविष्य भी देना है?

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


बिंदेश कुमार झा

## उलझन में

हैं हम खड़े जहां
लाखों के भीड़ में
हैं हम तब भी एकांत
इस तरकस के तीर में।

युग तो कोलाहल कर रहा
हम यदि मौन हैं
स्वयं को श्रेष्ठ मानते थे
जबकि हम गौण थे।

हम तो भ्रम में है
पक्ष –विपक्ष में व्यस्त हैं
अपनी धुन में मानव
स्वयं ही मस्त है।

ठोकर यदि जाता है लग
पल भर के लिए वही रहती है
फिर मानव चलता उसी पथ पर
जहाॅ स्वार्थी दुनिया उसे कहती है।

कौन हमारा है
हम तो इसी में उलझे हैं
जीवन समाप्त होने पर
अंत में हम जगदीश कहते हैं।



# वन्दे मातरम पर कांग्रेस का हठ

मृत्युंजय दीक्षित

संसद के मानसून सत्र में राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन-गण-मन के समान दर्जा देने वाला, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान के रोकथाम संशोधन विधेयक-2026 संसद के दोनों सदनों से पारित होने के पश्चात राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से कानून बन चुका है। कानून के अंतर्गत राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत में भी बाधा डालने या इसका अपमान करने को आपराधिक कृत्य माना जाएगा। अभी तक राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम 1971 में देश के राष्ट्रीय प्रतीकों- राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान का अनादर या अपमान करना ही अपराध की श्रेणी में था जिसके लिये तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान था। 2026 संशोधन के माध्यम से इसमें वंदेमातरम को भी शामिल कर लिया गया है।

संशोधन विधेयक के अनुसार यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर किसी को राष्ट्रगीत गाने से रोकता है तो अपराधी माना जाएगा। राष्ट्रगीत गा रहे किसी सभा या समूह में बाधा या अशांति उत्पन्न करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। धारा-3 के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले को तीन वर्ष तक की जेल अथवा जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। दोबारा अपराध करने पर कम-से-कम 1 वर्ष की न्यूनतम जेल की सजा का प्रावधान भी है। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते समय कहा कि वंदे मातरम भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है इसलिए इसे भी राष्ट्रगान की तरह ही कानूनी सुरक्षा मिलनी चाहिए।

संसद सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में पहली बार संपूर्ण वंदे मातरम का गायन किया गया। वहीं, 80 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने लंबे कालखंड के पश्चात लाल किले की प्राचीर से प्रथम बार संपूर्ण वंदेमातरम का गायन हुआ। कांग्रेस पार्टी ने पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम का बहिष्कार किया अपितु वंदे मातरम के अपमान में भी कोई कसार नहीं छोड़ी।

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का एक वीडियो आया है, जिसमें सोनिया गांधी वंदे मातरम के गायन पर बाधा उत्पन्न करती दिखाई दे रही हैं। बाद में राहुल गाँधी भी यही करते दिखाई दिए। जब देश में कांग्रेस द्वारा वन्दे मातरम के अपमान पर व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए तथा अनेक शहरों में नए कानून के अंतर्गत शिकायतें दर्ज होने लगीं, तब कांग्रेस ने अपनी सफाई में कहा कि सोनिया गांधी ने मल्लिकार्जुन खरगे के लिए कुर्सी मंगवाई थी। ऐसा ही घटनाक्रम पणजी में घटित हुआ जहां कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने स्पष्ट कर दिया कि वह वही राष्ट्रगीत गाएंगे जिसे 1937 में महात्मा गांधी, सरदार पटेल और जवाहर लाल नेहरू ने गाया था। कांग्रेस कार्यसमिति ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हम 1937 वाला राष्ट्रगीत ही गाएंगे भले ही हमें जेल में डाल दिया जाए। कांग्रेस के इस लज्जाजनक व्यवहार के बाद राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर एक बार फिर घमासान छिड़ गया है। मुस्लिम तुष्टिकरण वाले दल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव अपना अलग ही तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं, उनका कहना है कि वन्दे मातरम इतना कठिन और लंबा है कि कोई इसे गा ही नहीं सकता।

वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में की थी जिसे बाद में उन्होंने अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ में स्थान दिया। प्रारंभ में यह रचना बंग दर्शन पत्रिका में



उपन्यास के धारावाहिक प्रकाशन में प्रकाशित हुई। पुस्तक रूप में 1882 में आनंद मठ उपन्यास बांग्ला भाषा में प्रकाशित हुआ। वंदेमातरम गीत को स्वर प्रदान किया था यदु भट्ट ने तथा 1896 में कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने यह गीत गाया था। आनंद मठ उपन्यास का भाव सनातन धर्म है और उसी के अनुरूप उसका कथानक विकसित हुआ। देशभक्ति के जिस धर्म का प्रतिपादन बंकिम ने किया है उसका मूलमंत्र देश की माँ के रूप में वंदना और देशवासियों की संतान के रूप में उसके हितार्थ सर्वस्व अर्पण की उत्सुकता है। इसी भाव ने वंदे मातरम को भारत में राष्ट्रभक्ति मन्त्र बनाया है।

ऐसे महान राष्ट्रगीत का कांग्रेस पार्टी 1937 से केवल मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण अपमान करती चली आ रही है। कांग्रेस ने 1937 में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए वंदे मातरम के केवल दो छंद गाने का जो काला अध्याय शुरू किया था वह आज भी उसी अध्याय पर खड़ी है। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस में कभी पूरा वंदे मातरम गाया ही नही गया। दिसंबर 1906 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में स्वयं रवींद्रनाथ ने पूरा वंदेमातरम गाते हुए पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की थी। जिसे दादाभाई नौरोजी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में घोषित किया किंतु गोपाल कृष्ण गोखले को यह विचार पसंद नही आए और उन्होंने कांग्रेस अधिवेशन का बहिष्कार कर दिया। 1907 अधिवेशन के पश्चात कांग्रेस में राष्ट्रवादियों का स्थान समाप्त हो गया।

वंदे मातरम गायन का विरोध 28 दिसम्बर 1923 में कांग्रेस के काकिनाडा सम्मेलन में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ने किया था। 1937 की प्रांतीय विधान सभाओं में जहां भी राष्ट्रगीत का गायन हुआ तो मुस्लिम सदस्यों ने आपत्ति उठाई। 1937 में इस विषय पर विचार करने के लिए एक समिति बनाई गई जिसमें सुभाष, नेहरू, नरेंद्र देव शामिल हुए। समिति की ओर से सुभाष के निवेदन पर रवींद्रनाथ ने वंदेमातरम का समर्थन किया था। यह समिति अंत तक वंदे मातरम के समर्थन में ही रही किंतु जब मुस्लिम लीग ने 1908 के अमृतसर सम्मेलन में तय कर लिया कि उसे राष्ट्रगीत वंदे मातरम, रक्षाबंधन और शिवाजी जयंती जैसे पर्व स्वीकार्य नहीं हैं तब कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के दबाव में आकर 26 दिसंबर 1937 के प्रस्ताव में स्पष्ट किया कि उसने कभी भी वंदे मातरम को स्वीकार नहीं किया है। कांग्रेस आज भी वहीं ठहरी हुई है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

**हमीरपुर।** शनिवार को थाना कुरारा में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल एवं पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। भूमि विवाद और राजस्व संबंधी मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच करने तथा नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और शिकायतकर्ता को कार्रवाई से अवगत कराया जाए। इस दौरान थाना कुरारा के प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 24 घंटे बाद भी नदी में डूबे पशुपालक का नहीं मिला सुराग

**सुमेरपुर।** मौहर गांव में शुक्रवार दोपहर भैंस चराने गया पशुपालक भगवानदीन (55) चंद्रावल नदी के तेज बहाव में डूब गया। परिजनों के मुताबिक, भैंसें चरते-चरते नदी पार चली गई थीं। उन्हें वापस लाने के लिए भगवानदीन कपड़े उतारकर नदी में उतरा, लेकिन तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की तो नदी किनारे उसके कपड़े मिले। शनिवार को भैंसें तो घर लौट आईं, लेकिन भगवानदीन का कोई पता नहीं चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीएसी के गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। टीम ने मौहर से कैंथी के बीच पूरे दिन सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। नदी में बाढ़ और तेज बहाव के कारण तलाश में कठिनाई आ रही है। ग्रामीणों ने नदी किनारे गहराई सूचक व खतरे के संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है।

### महिला की सर्पदंश से मौत, तीन की हालत बिगड़ी

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के साड़ा सानी गांव निवासी कमला देवी (60) पत्नी शिरोमन को शुक्रवार की दोपहर खेत की मेड पर बैठ कर मवेशी चराते समय सर्प ने डस लिया। कुछ देर बाद कमला की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने पहले उसका घरेलू इलाज किया। हालत में सुधार न होने पर उसे पीएचसी कमासिन ले जाया गया। यहां उसे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के देवर राजाभइया ने बताया कि कमला निरूसंतान थी। उधर, गिरवां थाना क्षेत्र के जखनी गांव निवासी जमुना प्रसाद (49) को शुक्रवार की शाम खेत से घर लौटते समय सर्प ने डस लिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव निवासी शरीफ(50) पुत्र मोहम्मद खां शुक्रवार की रात कमरे के अंदर सामान लेने गया था। तभी सर्प ने डस लिया। गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव निवासी अनुज गुप्ता (24) पुत्र जगदीश गुप्ता को शुक्रवार की शाम सर्प ने डस लिया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक की संदिग्ध मौत, जहर पिलाने का आरोप

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के ओझा नगर निवासी लवकुश (27) पुत्र अर्जुन पटेल शुक्रवार की सुबह दुकान जाने की बात कह कर घर से चला गया। देर तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन में निकल पड़े। घर से पांच सौ मीटर दूर दुकान के पास संदिग्ध अवस्था में परिजनों ने उसे बेहोशी हालत में पड़ा देखा। सीएचसी बबेरू में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चचेरे भाई कैलाश ने बताया कि लवकुश किसानी करता था। आरोप लगाया कि किसी ने शराब में जहरीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। कमासिन पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी।

### युवक ने खाया जहर

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी शिवशंकर (21) पुत्र मातादीन ने शनिवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। हालत खराब होने पर घरवालों को पता चला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवती ने लगाई फांसी, भर्ती

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के अंदौरा गांव निवासी शबाना बानो (20) पत्नी इमामुद्दीन ने घरेलू विवाद से नाराज होकर शुक्रवार की शाम कमरे के अंदर दुपट्टा से फांसी लगा ली। उसी बीच परिजनों ने उसे फंदे पर लटकता देखा। फंदा काट कर उसे नीचे उतारा और जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### तालाब में डूबने से बाल-बाल बचा युवक

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा बन्नू बेगम निवासी छोटू (18) पुत्र राममनोहर शुक्रवार की शाम मवेशी लेकर खेत से घर आ रहा था। तभी एक भैंस नजदीक स्थित तालाब में घुस गई। वह भैंस को निकालने के लिए तालाब में घुस गया। भैंस को निकालते समय पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में समाकर डूब गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पति के थप्पड़ से नाराज पत्नी ने जहर खा जान दी

**बांदा।** मामूली बात को लेकर हुए विवाद के बाद पति ने पत्नी को थप्पड़ रसीद कर दिए, जिससे नाराज होकर पत्नी ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। आनन फानन में उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि गिरवां थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव के मजरा छितारीपुरवा निवासी शिवपति (38) पत्नी तोताराम ने शुक्रवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद घरवालों ने रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान रात को उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह खेत से घर आया था। घरेलू कामकाज को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद जब वह कमरे के अंदर पहुंचा तो देखा शिवपति जमीन पर पड़ी थी। पूछने पर उसने सल्फास खाने की बात बताई। तब घरवालों को पता चला। उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### चार सैकड़ा स्कूलों पर अफसरों ने किया रैपिड सर्वे

**बांदा।** जिला स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों ने बेसिक शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा जिले में संचालित परिषदीय व आवासीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। विद्यालयों में खामियां मिलने पर सुधार और लापरवाह शिक्षक-शिक्षिकाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में जिला स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों ने जिले में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा, श्रम विभाग, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित 26 आवासीय और 404 परिषदीय विद्यालयों का रैपिड सर्वे किया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं, जलभराव, जर्जर एवं निष्प्रयोज्य भवन, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, फल-दूध का वितरण, शैक्षिक गतिविधियों आदि का जायजा लिया। जिला स्तरीय अधिकारियों ने रैपिड सर्वे के बाद अपनी आख्या डीएम को सौंप दी। रिपोर्ट के अनुसार विद्यालयों में पाई गई कमियों की विद्यालयवार सूची उपलब्ध कराते हुए शीघ्र ही कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

# 597 गांवों, 124 वार्डों व 200 गौशालाओं में चलेगा हरिशंकरी पौधरोपण अभियान

- 11 सितंबर से जिले के गांव में शुरू होगा पौधरोपण

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से 11 सितंबर को जिले में हरिशंकरी पौधारोपण का महाअभियान आयोजित होगा। तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। अभियान के तहत 597 राजस्व गांवों और 124 नगरीय वार्डों में एक-एक तथा 200 गौशालाओं में तीन-तीन हरिशंकरी पौधे लगाए जाएंगे। हरिशंकरी में पीपल, पाकड़ और बरगद का एक साथ रोपण किया जाता है। डीएम ने अभियान की तैयारियां समय से पूरी करने तथा जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, सामाजिक संगठनों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल की व्यवस्था करने को भी कहा गया। आवश्यकता के अनुसार ट्री-गार्ड लगाए जाएंगे, ताकि पौधे सुरक्षित रह सकें।

# प्राथमिक शिक्षक संघ बामौर की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

- शिक्षकों की समस्याओं पर हुई बिंदुवार चर्चा

**समृद्धि न्यूज़, बामौर (झांसी)।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बामौर की अगस्त माह की कार्यकारिणी बैठक 21 अगस्त शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रांगण मे पूर्व निर्धारित समय पर ब्लाक अध्यक्ष रवि पटेल की अध्यक्षता मे संपन्न की गई। बैठक में ब्लॉक के शिक्षकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उठाए गए मुख्य बिंदु व मांगों में बीआरसी पर प्रशिक्षण के दौरान नियमित साफ-सफाई,वॉशरूम में समुचित जल व्यवस्था तथा पीने के लिए आरओ वॉटर की व्यवस्था कराई जाए। कम्पोजिट विद्यालय अडजरा में शिक्षक साथी के साथ हुई मारपीट व अभद्र व्यवहार पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कैशलेस चिकित्सा संबंधी आवेदनों को शीघ्र अग्रेषित किया जाए ताकि समय पर शिक्षकों को इसका लाभ मिल सके। बीआरसी स्तर पर लंबित एरियर फाइलों को बिना विलंब के आगे बढ़ाया जाए।

# पक्की सड़क न होने से कीचड़ में स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



अमिलिया-उमरी मार्ग से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित भादन का डेरा आज भी बुनियादी सड़क की सुविधा से महरूम है। इस मजरा को जोड़ने वाला रास्ता कच्चा और गड्ढा युक्त होने के कारण बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का जीवन दुभर हो गया है। उमरी गांव से संबद्ध इस मजरे में सभी वर्गों के करीब दो सौ से अधिक लोग रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्य मार्ग से मजरे तक जोड़ने वाली डेढ़ किलोमीटर की दूरी में से सवा किलोमीटर तो महज कच्चा रास्ता है, जबकि बाकी का दो सौ मीटर का हिस्सा पूरी तरह पगडंडी बना हुआ है,स्थानीय निवासी देवी प्रसाद पाण्डेय, रामौतार अनुरागी, रामदीन, संदीप, प्रदीप, मनोज तथा श्यामबाबू ने बताया कि वे पिछले 6 वर्षो से विधायक, ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

रास्ता बेहद खराब होने के कारण स्कूली बच्चों को रोजाना कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

### थाना समाधान दिवस का लेखपालों ने बहिष्कार कर किया विरोध-प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर लेखपाल संघ सदर तहसील इकाई संघ के बैनर तले लेखपालों ने थाना समाधान दिवस का बहिष्कार किया। सदर तहसील में विरोध-प्रदर्शन करते हुए एंटी करप्शन व विजलेंस टीम द्वारा फर्जी ढंग से ट्रैप किए जाने का विरोध जताया। लेखपालों ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) की कार्रवाई पर सवाल उठाए और गलत बताया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। अयोध्या जिले के सोहावल तहसील में कार्यरत लेखपाल उत्कर्षदीप को एंटी करप्शन व विजिलेंस टीम ने 20 अगस्त को ट्रैप किए जाने के विरोध में शनिवार को लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी व मंत्री राकेश राजपूत की संयुक्त अगुवाई में लेखपालों ने थाना समाधान दिवस का बहिष्कार करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया।

# बाढ़-आपदा से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान शुरू, प्रचार वाहन रवाना

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से जनसामान्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विजय सिंह ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अभियान के तहत बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील ग्राम पंचायतों में वाहन के माध्यम से बाढ़, वज्रपात, सर्पदंश और डूबने से बचाव के संदेश प्रसारित किए जाएंगे। प्रशिक्षित आपदा मित्र एवं प्रशिक्षक गांवों की गलियों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों व चौपालों में पहुंचकर ग्रामीणों को आपदा के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसकी जानकारी देंगे। पैम्फलेट वितरित करने के साथ सार्वजनिक भवनों पर जागरूकता बोर्ड भी लगाए जाएंगे। प्रशासन ने लोगों से चेतावनियों का पालन करने और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

# विकास मॉडल के रूप में स्थापित करें: मंडलायुक्त

- विधानसभावार वृहद बैंक ऋण व रोजगार मेले आयोजित कराने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में नवीन आयुक्त सभागार में विकास कार्यों, कर-करेत्तर, राजस्व एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को झांसी मंडल में नवाचार, रोजगार, कौशल विकास एवं जनभागीदारी को विकास का आधार बनाकर समग्र विकास मॉडल तैयार करने के निर्देश दिए।मंडलायुक्त ने कहा कि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विधानसभावार वृहद बैंक ऋण एवं रोजगार मेले आयोजित कराए जाएं। मेले में विभिन्न विभागों, बैंकों एवं रोजगार प्रदाता संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा पात्र युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार योजनाओं एवं बैंक ऋण का लाभ दिलाया जाए।उन्होंने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कराने एवं वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्धन परिवारों का डोर-टू-डोर सत्यापन कर श्रमिकों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराने तथा उनके बच्चों को श्रम विभाग की योजनाओं से जोड़ने पर भी जोर दिया।मंडलायुक्त ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत अथवा फोन पर वार्ता कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीरो पावर्टी अभियान के तहत पात्र परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करने तथा फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमली आईडी की प्रगति बढ़ाने को कहा।परिवहन विभाग की समीक्षा में उन्होंने मानकों के विपरीत छोटे-बड़े अथवा अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही चौराहों पर अतिक्रमण हटाने, पैदल गश्त बढ़ाने, अवैध शराब, भू-माफिया, गैंगस्टर एवं अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।बैठक में आईजी आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी गौरांग राठी, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी ललितपुर सत्यप्रकाश, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड सहित मंडलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### फेसबुक पर कथित अभद्र टिप्पणी से सवर्ण समाज में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज़, गरौठा।** तहसील गरौठा क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आरक्षण को लेकर वायरल हो रही एक कथित आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सवर्ण समाज में आक्रोश देखने को मिला। आरोप है कि उक्त पोस्ट 'चौधरी पवन सिंह निपान' नाम की फेसबुक आईडी से साझा की गई, जिसमें सवर्ण समाज को लेकर कथित तौर पर बेहद अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। मामले को लेकर क्षत्रिय महासभा के प्रदेश प्रवक्ता मिलन सिंह परिहार ने सवर्ण समाज के लोगों के साथ कोतवाली गरौठा पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की।प्रदेश प्रवक्ता मिलन सिंह परिहार ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की भावनाओं को आहत करने वाली इस प्रकार की टिप्पणियों पर प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए। वहीं राजेश सिंह परिहार, राजेन्द्र बुंदेला, एवं आलोक पाण्डे ने साफ चेतावनी दी है कि उचित कार्यवाही नहीं हुई तो हम लोग आरपार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में इस तरह की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी दोहराई जाती है तो समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना है और वह अपनी मांग प्रशासन के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं।मिलन सिंह परिहार ने यह भी कहा कि यदि मामले के चलते क्षेत्र का शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बिगड़ता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# रेल संपत्ति चोरी के मामले में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, झाँसी।**



वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, जितेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी ने रेल संपत्ति चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गई रेल संपत्ति बरामद की है।पुलिस ने पंकज अहिरवार निवासी ग्राम सात्तार, थाना ओरछा, जिला निवाड़ी (मध्य प्रदेश), दीनानाथ पुत्र आसाराम, जितेंद्र पुत्र भगवान दास,ओमकार पुत्र रामकिशन, दीपक वाल्मीकि सभी निवासी ग्राम श्रीनगर, थाना प्रेमनगर, जिला झाँसी को गिरफ्तार कर अभियुक्तों से पूछताछ एवं उनकी निशानदेही पर पूर्व में चोरी की गई रेल संपत्ति से संबंधित दो अन्य मामलों में भी चोरी का माल बरामद किया गया है। कार्रवाई के दौरान चोरी में प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त किया गया। इसके अलावा इलायची लगभग 400 किलोग्राम, होजरी लगभग 60 किलोग्राम, चोरी में प्रयुक्त सीएनजी ऑटो व दो मोटरसाइकिले भी बरामद की।

## भूमि पूजन कर विधायक ने सुंदरीकरण व विकास कार्यों का किया शुभारंभ

- पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा सिद्धपीठ गुढ़ा का हनुमान मंदिर



**समृद्धि न्यूज़, नरैनी।** वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच विधायक ने निर्वाचन क्षेत्र के गुढ़ा गांव स्थित हनुमान मंदिर सुंदरीकरण व विकास कार्यों का शुभारंभ किया। शासन ने मंदिर सुंदरीकरण व विकास कार्यों के लिए पहली किश्त के रूप में 1.30 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

तहसील क्षेत्र के गुढ़ा गांव स्थित हनुमान मंदिर में पर्यटन विभाग के तत्वाधान में विकास और सुंदरीकरण कार्य होगा। शनिवार को विधायक ओममणि वर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की मौजूदगी में गुढ़ा गांव स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों के विकास और उनके जीर्णोद्धार के लिए प्रतिबद्ध हैं। बताया कि लोगों की अपार आस्था का केंद्र गुढ़ा हनुमान मंदिर में सुंदरीकरण व विकास कार्यों के लिए पर्यटन विभाग ने पहली किश्त के रूप में 1.30 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की है। बताया कि मंदिर को पर्यटन के तौर पर विकसित करने के लिए यात्री हाल, आरसीसी बेंच, कोटा स्टोन फ्लोरिंग, इंटरलाकिंग सहित साज-सज्जा का कार्य होगा। इस मौके पर कार्यदाई संस्था सहायक अभियंता धीरेंद्र पटेल, अवर अभियंता राहुल कुशवाहा सहित कालिंजर व नरैनी मंडल के तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शैलेंद्र जिलाध्यक्ष व हरीशंकर बने चकबंदीकर्ता संघ के महामंत्री



**समृद्धि न्यूज़, बांदा।** प्रादेशिक चकबंदीकर्ता संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दौरान निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें शैलेंद्र प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष और हरीशंकर सिंह को जिला महामंत्री निर्वाचित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, संप्रेक्षक पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन कराया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर उनका स्वागत किया गया।

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के विश्वेसरैया सभागार में आयोजित चकबंदीकर्ता संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता करते पूर्व महामंत्री राम सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सहजराम कनौजिया मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री कनौजिया ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता का पाठ पढ़ाया। नामित निर्वाचन अधिकारी सहायक चकबंदी अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें शैलेंद्र प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष, हरीशंकर सिंह को जिला महामंत्री, अजय कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र पाल सिंह को कोषाध्यक्ष, रमेश चंद्र को संयुक्त मंत्री और रवींद्र सिंह को संप्रेक्षक निर्वाचित किया गया। जबकि रजनीश कुमार को संघ का संरक्षक चुना गया। सभी पदाधिकारियों को चकबंदी अधिकारी अखिलेश कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# अतिवृष्टि से खेत बने तालाब धान की फसल हुई बर्बाद

**समृद्धि न्यूज़, नरैनी।**

कई दिनों से लगातार हो रही बारिश ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। नदी, तालाब, पोखर उफान पर हैं। भारी बारिश के चलते किसानों खेत तालाब बन गए हैं। खेत में खड़ी धान की फसल सड़ने की आशंका बढ़ गई है। नदी, तालाबों और पोखरों के उफनाने से गांवों में पानी घुसने से लोग दहशत में हैं। लगातार चार दिनों से हो रही वर्षा से केन, रंज और बागै नदियां समेत गांवों में स्थित तालाब और पोखर उफान पर आ गए हैं। खेतों और तालाबों का पानी गांव में घुसने से ग्रामीणों को मुसीबतें और बढ़ गई हैं। तहसील क्षेत्र के मसुरी गांव में ज्यादातर किसानों के खेत तालाब के रूप में तब्दील हो गए। किसानों की धान की फसल डूब गई। तालाब का पानी बस्ती में घुसने से कच्चे घर गिरने का खतरा बढ़ गया है। गांवों के दो दर्जन घरों के चारों ओर पानी भरने से ग्रामीण चिंतित हैं। हालांकि राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत कर्मचारी जलनिकासी दुरुस्त करने में जुटे हैं। पूर्व ग्राम प्रधान देव कुमार मिश्रा ने अपने धान के खेतों की मेड कटवा कर पानी निकलने की जगह दी है।

# झांसी बांदा रूट महोबा पर वंदे भारत एक्सप्रेस से टकराया सांड

- 10 मिनट तक रुकी रही ट्रेन
- बोनट हुआ क्षतिग्रस्त

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



झांसी बांदा रेल पथ पर महोबा के समीप किड़ारी रेलवे फाटक के पास खजुराहो से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के सामने अचानक सांड आ गया। तेज रफ्तार ट्रेन की सांड से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सांड की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रेन के अगले हिस्से का बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद ट्रेन करीब 10 मिनट तक ट्रैक पर रुकी रही। गनीमत रही कि ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। घटना जीआरपी महोबा क्षेत्र के किड़ारी रेलवे फाटक के पास की है। शुक्रवार शाम वंदे भारत एक्सप्रेस खजुराहो से वाराणसी ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक एक सांड रेलवे ट्रैक पर आ गया। ट्रेन की रफ्तार अधिक होने के कारण लोको पायलट के लिए उसे बचाना संभव नहीं हो सका और सांड ट्रेन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सांड उछलकर रेलवे ट्रैक से करीब 100 मीटर दूर जा गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सांड से भिड़ंत के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस के अगले हिस्से का एक तरफ का बोनट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# सड़क कटने से एक दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन ठप

**समृद्धि न्यूज़, पनवाडी (महोबा)।**



पनवाडी बिकास खण्ड के नैपुरा मार्ग से रुरी खुर्द जाने वाले मार्ग के बीच वर्षो से चली आ रही सड़क कटाव की समस्या का स्थायी समाधान न होने से बरसात में एक बार फिर ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सड़क में कटाव होने के कारण एक दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। इनमें बैंदो, जगपुरा, धवार, सातोरा, बसरिया, गरोली, कोटरा आदि गांव शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद जिम्मेदारों ने समस्या के स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीण नरेश चंद्र, चिंतामणि, भानुप्रताप, जगदीश प्रसाद, शोभित, दयाराम, रामकुमार, राघवेंद्र, वीरेंद्र कुमार और आशीष आदि ने बताया कि बरसात के दौरान सड़क के किनारे पानी भरने से बार-बार कटाव होता है। इससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो जाता है।

# ट्रैपिंग के विरोध में लेखपालों ने की हड़ताल

- थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचे लेखपाल
- एंटी करप्शन टीम ने किया ट्रैप

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

अयोध्या जिले के सोहावल तहसील क्षेत्र के लेखपाल पर दस हजार रुपए घूस लेने के आरोप में एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई ट्रैपिंग की कार्यवाही के विरोध में जिले के सभी लेखपाल भूख हो गए।और शनिवार को थाना समाधान दिवस पर कोई लेखपाल नहीं पहुंचे।सभी तहसीलों में लेखपालों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर विरोध दर्ज कराया गया। थाना समाधान दिवस के दिन जिले की सदर, बल्दीराय, लंभुआ, कादीपुर व जयसिंहपुर के लेखपाल हड़ताल पर चले गए। लेखपालों द्वारा तहसील मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना देते हुए मांग की गई कि गलत तरीके से एंटी करप्शन टीम द्वारा सोहावल तहसील के लेखपाल पर कार्यवाही की गई है। लेखपालों का आरोप है कि किसी व्यक्ति द्वारा फाइल में रुपया लाकर रख दिया गया।जिसे लेखपाल द्वारा छुआ भी नहीं गया।उसके बाद भी एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपाल को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई।लेखपालों का आरोप है कि गलत ढंग से ट्रैपिंग की कार्यवाही की जांच कराई जाय और जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।इस तरह बिना किसी मामले के आवश्यक लेखपालों को प्रताड़ित न किया जाए।धरने में सभी तहसीलों के सभी लेखपाल शामिल रहे। जिससे लेखपालों द्वारा किए जाने वाला सरकारी कार्य बाधित रहा। थाना समाधान दिवस पर जो भी फरियादी पहुंचे उनका लेखपालों की मौजूदगी न होने से समाधान नहीं हो सका।और वे मायूस होकर वापस लौट गए।



सदर तहसील में एसडीएम गरिमा सौनकिया को ज्ञापन सौंपते लेखपाल

# सचिन ने 24.07 फीट छलांग लगाकर जीती ट्रॉफी

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के नंदौली गांव में शनिवार को आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के सचिन ने 24.07 फीट की छलांग लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया और विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

सुल्तानपुर के हिमांशु दूसरे और प्रतापगढ़ के उजैफा तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन हाजी मुस्ताक खान और प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि रेहान खान (बाबू) रहे। प्रतियोगिता में सुल्तानपुर के अलावा आसपास के क्षेत्रों और अन्य जनपदों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों की हर छलांग पर मैदान में मौजूद दर्शकों और खेल प्रेमियों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रेहान खान (बाबू), उपनिरीक्षक राम विलास यादव और उपनिरीक्षक गिरिजा सिंह यादव ने विजेता समेत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सचिन की 24.07 फीट की छलांग प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रही।आयोजक बीडीसी तनवीर आलम, बब्बू बीडीसी और मोनू बीडीसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन फैजान खान और उनकी टीम ने किया। आयोजकों ने अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों के प्रति आभार जताया।



## आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोपी गिरफ्तार

सुल्तानपुर। धम्मौर पुलिस ने आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि 14 अगस्त को थाना क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री द्वारा आत्महत्या किए जाने के संबंध में थाने में तहरीर दी थी। मामले की जांच के दौरान मृतका को आत्महत्या के लिए विवश किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद 20 अगस्त को कचनांवा गांव निवासी राज कुमार, रंजना, रिंकू, अनुज कुमार और चन्दा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने नामजद आरोपी राज कुमार पुत्र लल्लन, निवासी कचनांवा, थाना धम्मौर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार अवस्थी और कांस्टेबल राजन यादव शामिल रहे।

## एसडीएम ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण

सुल्तानपुर। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय धनपतगंज का शनिवार को उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रभात सिंह ने औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे एसडीएम ने विद्यालय में छात्राओं की शैक्षिक व्यवस्था के साथ भोजन, साफ-सफाई और स्टेशनरी समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 90 छात्राएं उपस्थित मिलीं। एसडीएम ने छात्राओं से पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेने के साथ भोजन व्यवस्था को भी परखा। छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही स्टेशनरी तथा अन्य जरूरी सुविधाओं की स्थिति की भी जानकारी ली गई। एसडीएम ने विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाउंड्रीवाल, कंप्यूटर कक्ष और शौचालय निर्माण की प्रगति देखी तथा संबंधित अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली।

# ईद मिलादुन्नबी के जलसे में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

भदैया ब्लॉक क्षेत्र के करोमी गांव में शुक्रवार रात ईद मिलादुन्नबी का जश्न पूरी अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। गांव में दो स्थानों पर एक साथ आयोजित जलसे में आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचीं 50 से अधिक अंजुमनों ने शिरकत की। रात करीब नौ बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात करीब दो बजे तक नातिया कलाम, सलाम और दरूद की सदाओं के बीच जारी रहा। बड़ी संख्या में अकीदतमंद देर रात तक जलसा स्थल पर मौजूद रहे।अंजुमन गुलशने वारिस सूबेदार का पुरवा और अंजुमन वारसिया करोमी के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में कुछमुछ, मलिकपुर, वजूपुर, पखरौली, खैराबाद, चुनहा, ढकवा, भूलकी, छतौना समेत कई गांवों की अंजुमनों ने हिस्सा लिया। अंजुमनों ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की शान में नातिया कलाम पेश किए। मदीने की चाह, नबी-ए-करीम की शान और उनकी सीरत से जुड़े संदेशों पर आधारित कलामों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। बच्चों और युवाओं की अंजुमनों ने भी उत्साह के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं।जलसा स्थल पर कमेटी की ओर से आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई थी। बाहर से आने वाली अंजुमनों और अकीदतमंदों के लिए खाने-पीने का इंतजाम भी किया गया। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए देहात कोतवाली पुलिस की फोर्स तैनात रही।

# संडौरा उपकेंद्र पर टीकाकरण सत्र आयोजित

- गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लगे टीके

समृद्धि न्यूज,रानीगंज-प्रतापगढ़।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज के अंतर्गत संडौरा स्थित टीकाकरण उपकेंद्र पर कार्ययोजना और बकाया सूची के अनुसार 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सत्र के दौरान एएनएम नीलम सिंह ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी गर्भवती महिलाओं के रक्त में हीमोग्लोबिन, रक्तचाप और अन्य आवश्यक जांचें करके उन्हें जच्चा-बच्चा कार्ड जारी किया तथा टेटनेस-डिप्थीरिया की सुई लगाई। इस अवसर पर सॉगिनी आरती मिश्रा ने गर्भवती महिलाओं को उचित खान-पान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं दिन में 3 से 4 बार भोजन करें और अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद, चुकंदर तथा कम से कम एक पाव दूध अवश्य शामिल करें। इसके साथ ही दोपहर में कैल्शियम और रात के भोजन के बाद आयरन की गोली नियमित रूप से लें। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में प्रसव पूर्व की सभी जांचें पूरी तरह मुफ्त होती हैं। सुरक्षित प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल का ही चुनाव करें, जहां प्रसव होने पर लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे 1,400 रुपए की राशि भेजी जाती है। इस स्वास्थ्य व टीकाकरण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदु त्रिपाठी, आशा बहू हसीना बानो और लालती पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



# समयबद्ध हो फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण: डीएम

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

नवागत प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के उपरांत अधिकारियों के दल ने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय के अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाने तथा हवालात की स्थिति का सूक्ष्मता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से पुलिसिंग से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि थाने आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण पूरी निष्पक्षता, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कर्मचारियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठ बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने के सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं और परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### दो घंटे बंद रहेगी कई इलाकों की बिजली आपूर्ति

सुल्तानपुर। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र टीपी नगर, शिकायत कक्ष और पुलिस लाइन से जुड़े क्षेत्रों में रविवार को दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड सुल्तानपुर ने बताया कि रविवार को सुबह आठ से 10 बजे तक 33 केवी लाइनों पर ट्री कटिंग, जर्जर जम्पर व तार बदलने तथा अन्य अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा इस दौरान टीपी नगर, शिकायत कक्ष और पुलिस लाइन उपकेंद्र से निर्गत सभी 11 केवी फीडरों की आपूर्ति बंद रहेगी। इसके चलते पयागीपुर, नरायनपुर, गोराबारिक, अमहट, गभड़िया, अहिमाने, तुराबखानी, जोगीबीर, काशीराम कॉलोनी, सौरमऊ, महुअरिया रोड, घासीगंज, लक्ष्मणपुर, करौंदिया, निराला नगर, आदर्श नगर, विवेक नगर, चांदमारी, शाहगंज, चौक, गोलाघाट, डीएम आवास, लालडिग्गी चौराहा, पुलिस लाइन समेत कई क्षेत्रों में बिजली प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से कटौती अवधि से पहले जरूरी कार्य निपटा लेने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। कार्य की स्थिति के अनुसार समय में बदलाव संभव है।

### खेल प्रतियोगिता के आयोजन से खिल उठे बच्चों के चेहरे



प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के निर्देश पर शनिवार को मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विकास विद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय तथा ईश्वर शरण आश्रम, सलोरी के कक्षा एक से 10 तक के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। यह प्रतियोगिता अधिकारियों की देख-रेख में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल एवं क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव की देख-रेख में किया गया। एथलेटिक्स और फुटबॉल प्रतियोगिता के आकर्षण रहे।

### राजीव अग्रवाल बनें भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष



- स्वच्छ व ईमानदार छवि का मिला ईनाम

रायबरेली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा घोषित रायबरेली भाजपा जिला संगठन की टीम में राजीव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है ज्ञात हो कि राजीव अग्रवाल शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं जो की विभिन्न खेल संगठनों का कुशलतापूर्वक दायित्व निभा रहे हैं, वर्तमान में वे उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के प्रदेश टीम के सदस्य भी है पूर्व में जिले के विभिन्न खेलों में स्वयं भी प्रतिभाग करते हुए एक कुशल एवं विनम्र खिलाड़ी के रूप में ख्यातिपाई है सत्या स्पोर्ट्स क्लब के संस्थापक के रूप में उन्होंने जिले में खेलों को अपनी एक अलग पहचान बना रखी है। भाजपा में लगभग 30 वर्षों से बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, चार बार नगर उपाध्यक्ष आदि विभिन्न पदों का निर्वहन करते हुए जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल के अनुमोदन से अब वे भाजपा संगठन में जिला कोषाध्यक्ष का पद संभालेंगे । इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पूर्वी आशुतोष पांडे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ,पूर्व उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर अनुभव कक्कड़, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष यशवंत सिंह, रायबरेली बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ एस एम सिंह सेन्ट्रल बार एसोसिएसन के महामंत्री संजय सिंह आदि सभी वर्ग के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी: डीएम

## निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, फरियादियों को दें कार्यवाही की जानकारी: एसपी

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण के लिए शनिवार को कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा की उपस्थिति में आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने राजस्व और पुलिस विभाग के मामलों में आपसी समन्वय से कार्यवाही करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता से लिया जाए और अधिकारी खुद मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन करें।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि विवाद, आपसी मनमुटाव और अन्य संवेदनशील प्रकरणों में विशेष सतर्कता बरतते हुए विधिसम्मत कार्यवाही की जाए तथा फरियादी को भी की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए। जिला प्रशासन और पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय और पारदर्शी शासन उपलब्ध कराना है।



## दान पेटिका के हिसाब और भूमि स्वामित्व की जांच को पहुंचे अफसर, दो दिन में मांगा अभिलेख

समृद्धि न्यूज, संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पौराणिक एवं आस्था के केंद्र मां चण्डिका धाम में दान पेटिका के आय-व्यय और मंदिर भूमि के स्वामित्व को लेकर शनिवार को प्रशासनिक हलचल तेज रही। तहसीलदार सदर अलख शुक्ला एवं खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंदिर परिसर और संबंधित भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर अभिलेखों की गहन पड़ताल की।

जांच के दौरान अफसरों ने चण्डिका धाम प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य राम सिंह अधिवक्ता से मंदिर के बाहर लगी दान पेटिका का पिछले तीन वर्षों का आय-व्यय विवरण मांगा। वहीं, ग्राम सभा पक्ष के दिलीप कुमार सिंह को निर्देश दिए गए कि तीन-चार वर्ष पूर्व लगाई गई दान पेटिका को कब-कब खोला गया, कितनी धनराशि प्राप्त हुई और उसे कहां खर्च किया गया-इसका पूरा रिकॉर्ड साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत करें। तहसीलदार सदर ने बताया कि सभी संबंधित पक्षों को अभिलेख जमा करने के लिए दो दिन की मोहलत दी गई है, जिसके बाद कागजातों की पुनः जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

दूसरी ओर, प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य राम सिंह अधिवक्ता का कहना है कि मंदिर के स्वामित्व से जुड़ा यह प्रकरण उच्च न्यायालय (लखनऊ पीठ) में विचाराधीन है और वहां से स्थगन आदेश भी प्राप्त है। दोनों पक्षों में चल रहे इस विवाद के बीच प्रशासनिक जांच के बाद अब आगे की कानूनी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं। निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक दिनेश तिवारी, लेखपाल आशुतोष सिंह, सुधांशु सिंह व रणजीत समेत राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## ट्रक ने डंपर में मारी टक्कर पुलिया तोड़ नहर में गिरा

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच मार्ग पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक ने गिट्टी लदे डंपर में कट मार दी। टक्कर लगने से डंपर अनियंत्रित होकर छोटी नहर की पुलिया तोड़ते हुए नहर में घुस गया। हादसे में चालक और कंडक्टर बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार डंपर चालक लाल चंद पुत्र स्व. रामशंकर कबरई से गिट्टी लादकर हैदरगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने डंपर में कट मार दी। इससे डंपर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे बनी नहर की पुलिया तोड़ते हुए सीधे नहर में जा गिरा। हादसे में डंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन चालक और कंडक्टर को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से डंपर को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

समृद्धि न्यूज,डीह-रायबरेली।

थाना क्षेत्र के पूरे बन मजरे टेकारी दांदू गांव के नैया नाला के पास पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटकता शव पाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने शव की पहचान राजू पाल पुत्र सुंदरलाल 30वर्ष के रूप में हुई । भाजपा नेता विंदादीन मौर्य की सूचना पर पहुंचे पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने शव को पेड़ से उतरवा कर पी एम के लिए भेज दिया। पिता सुंदरलाल पाल ने बताया कि राजू पाल कई वर्षों से मानसिक रूप से बीमार रहता था उसका इलाज चल रहा था ठीक होने पर वह इंदौर में रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहा था वहां एक सप्ताह पहले मानसिक बीमार होने पर वह चार दिन पहले इलाज करवाने घर आया था रायबरेली में प्राइवेट अस्पताल से उसका इलाज करवाया गया शनिवार की सुबह वह घर से निकला था काफी देर तक जब वह वापस नहीं आया तो परिजन उसकी तलाश करने लगे तभी गांव के पास से बह रही महाराजगंज ड्रेन के पास उसका शव पेड़ से लटकता पाया गया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों का ताता लग गया। भाजपा नेता विंदादीन मौर्य की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने शव को पेड़ से उतरवा कर पंचनामा भरवाते हुए पीएम के लिए भेज दिया मृतक की पत्नी पूनम गर्भवती भी है।

## समाजवादी पार्टी का पीडीए सम्मेलन आज

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आज दिनांक 23 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे विधानसभा क्षेत्र बछरावां के महाराजगंज में समाजवादी पार्टी द्वारा एक विशाल समाजवादी पीडीए जनसम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव विधायक अता उर्रहमान, विधायक चंद्र प्रकाश लोधी,विधायक राहुल लोधी,प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी,जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव वकामण के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक विधायक श्याम सुंदर भारती व पार्टी पदाधिकारी हैं।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल का सुल्तानपुर में संक्षिप्त पड़ाव

यूपी-जापान निवेश मीट

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

यूपी-जापान निवेश मीट 2026 के पांचवें दिन उत्तर प्रदेश और जापान के बीच मैत्रीपूर्ण संवाद का अवसर सुल्तानपुर में भी देखने को मिला। वाराणसी की यात्रा के दौरान जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी और उप गवर्नर जुनिची इशिदेरा समेत जापानी प्रतिनिधिमंडल ने 140 लोगों के साथ सुल्तानपुर में संक्षिप्त पड़ाव किया। इस दौरान सुल्तानपुर के जिला अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने जापानी मेहमानों का स्वागत किया और उनसे मुलाकात कर अपनी मेहमाननवाजी का परिचय दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ हुए संक्षिप्त संवाद में दोनों देशों के बीच आपसी मित्रता, सांस्कृतिक संबंधों और सहयोग की भावना को लेकर चर्चा हुई।



यमानाशी प्रीफेक्चर का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की यात्रा के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं और आपसी सहयोग को समझने के उद्देश्य से पहुंचा है। यूपी-जापान निवेश मीट 2026 के माध्यम से उत्तर प्रदेश और जापान के बीच निवेश, औद्योगिक सहयोग तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।सुल्तानपुर में जापानी प्रतिनिधिमंडल के संक्षिप्त पड़ाव को दोनों देशों के बीच बढ़ते संवाद और मैत्रीपूर्ण संबंधों की कड़ी के रूप में देखा गया। इस दौरान स्वागत और मुलाकात का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा।साथ ही जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था में लगे रहे।

## सड़क पर बना जानलेवा गड्ढा, राहगीर परेशान

डीह-रायबरेली। क्षेत्र के निगोही गांव से हबीबपुर गांव जाने वाला एक मात्र खड़ंजे पर बड़ा गड्ढा हो जाने से कभी भी राहगीरों के साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है वहीं बड़े साधनों के आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्राथमिक विद्यालय निगोही के पीछे से गुजरने वाले इस खड़ंजे मार्ग से रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों व राहगीरों का आवागमन लगा रहता है वहीं यह मार्ग निगोही से हबीबपुर को जोड़ता है इस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बड़े साधनों के आवा गमन के लिए और भी ज्यादा मुसीबत बन रही है आधे से अधिक खड़ंजा बारिश में बैठ गया है और एक बड़ा गड्ढा बन गया है लेकिन इस तरफकोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है वहीं पर ग्राम पंचायत में तैनात जिम्मेदार अधिकारी व प्रशासक भी इस तरफध्यान नहीं दे रहे हैं।

# चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

समृद्धि न्यूज परसदेपुर-रायबरेली।

विकास खण्ड छतोह की ग्राम पंचायत मेदापुर में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित विभागों की योजनाओं और शासन की प्राथमिकताओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव की सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत, राशन, पेंशन , कृषि तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। चौपाल में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और पात्रता की जानकारी भी दी गई। एडीओ कृषि विजय कुमार यादव ने उपस्थित लोगों की फार्मर आई डी और निशुल्क गेहूं, चना व मटर आदि की बुकिंग किया।सभी लोगों को कृषि विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि गांव की समस्याओं यही निराकरण किया जायेगा। कई विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं थे। जिस पर ग्राम प्रधानों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान बृजपाल सिंह पासवान, पंचायत सचिव अमरेश कुमार यादव, रोजगार सेवक रामू कोरी व पंचायत सहायक सुरेन्द्र कुमार,विभागीय कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# जलभराव की समस्या से जूझ रहा दुर्गापुर गांव का आंगनबाड़ी केंद्र

समृद्धि न्यूज महाराजगंज-रायबरेली।

विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुशमहरा के दुर्गापुर गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र इन दिनों बदहाली और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। केंद्र के मुख्य रास्ते पर पानी भरा होने के कारण नौनिहाल बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब दस वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया गया था, वह उद्देश्य वर्तमान अव्यवस्थाओं के चलते प्रभावित हो रहा है। केंद्र के ठीक सामने हमेशा जलभराव की स्थिति बनी रहती है। न तो समुचित साफ सफाई की व्यवस्था है और न ही आवागमन के लिए, सुरक्षित रास्ता। जानकारी के मुताबिक केंद्र पर 3 से 6 वर्ष की आयु के करीब 29 बच्चों का आना-जाना है।

इसके अलावा गर्भवती महिलाएं और धात्री माताएं भी केंद्र पर पहुंचती हैं। ऐसे में खराब रास्ते और जलभराव के बीच किसी हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदारों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। जलभराव के कारण बच्चों को केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है।



## क्या कहते हैं जिम्मेदार

महाराजगंज रायबरेली बाल विकास परियोजना विभाग की सुपरवाइजर आशा यादव ने फोन पर बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के रास्ते की समस्या के संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, खंड विकास अधिकारी श्रद्धा सोनकर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बताया कि ग्राम विकास अधिकारी को मौके पर भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा और जो भी संभव होगा, जल्द व्यवस्था कराई जाएगी।

सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार इस समस्या का समाधान कब करेंगे? क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

# कच्चा मकान ढहा, दंपती समेत तीन बच्चे मलबे में दबे

▸ ग्रामीणों ने मशक्कत कर सभी को निकाला,दो बच्चे गंभीर

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



बारिश के चलते ठठिया थाना क्षेत्र के ककरघटा गांव में शुक्रवार रात एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। हादसे के समय मकान में दंपती अपने तीन बच्चों के साथ सो रहे थे। मकान के मलबे में दबने से परिवार के सभी पांच सदस्य घायल हो गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला। दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी 35 वर्षीय बृजेश अपनी पत्नी 27 वर्षीय गुड्डी देवी, बेटे अभय (10), आयुष (7) और शिवा (4) के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे तेज आवाज के साथ कच्चा मकान ढह गया। मलबे में दबे परिवार की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद सभी को मलबे से बाहर निकाला। एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां आयुष और शिवा की हालत चिंताजनक बताई गई। वहीं दंपती और अभय का उपचार जारी रहा। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। बृजेश मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार परिवार को पहले सरकारी आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन बाद में निरस्त हो गया। उनका कहना है कि आवास मिल गया होता तो परिवार को इस हादसे का सामना नहीं करना पड़ता। घटना की जानकारी पर लेखपाल तपन मिश्रा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजे जाने की बात कही गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त को 112 पुलिस से मिली सूचना की जांच के दौरान टीम कैरदा–छिबरामऊ रोड पर पहुंची। यहां ग्राम मलपुरा निवासी भूरेलाल शाक्य (54) को उसके घर के सामने सड़क किनारे से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है। थाना विशुनगढ़ में मुकदमा संख्या 100/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की। कार्रवाई एसपी विनोद कुमार के निर्देशन में की गई।

# थानाध्यक्ष की गाड़ी को मारी टक्कर, गिरफ्तार

▸ दस किलो पीली धातु बरामद

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ,कन्नौज।



कांवड़ यात्रा ड्यूटी से सरकारी वाहन से थाना सकरावा लौट रहे थानाध्यक्ष भागमल सिंह की गाड़ी को शनिवार की रात करीब दो बजे लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ब्रेजा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा तालग्राम क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 171.200 के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस की सरकारी गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई। हालांकि थानाध्यक्ष और वाहन में सवार पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।

बताया गया कि टक्कर मारने के बाद ब्रेजा कार संख्या यूपी 56 बीसी 2576 करीब 100 मीटर दूर जाकर बंद हो गई। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर कार को पकड़ लिया। कार में दो लोग सवार थे।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम संदीप जायसवाल निवासी महराजगंज तथा सरोज पंत निवासी नेपाल बताए। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें एक बैग मिला। बैग से सोने जैसे दिखने वाले करीब दस बिस्किट बरामद किए गए, जिनका कुल वजन लगभग दस किलोग्राम बताया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर जीएसटी सचल दल को भी बुलाया गया। बरामद धातु की जांच और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में थाना तालग्राम पुलिस द्वारा पूछताछ एवं अन्य जरूरी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बरामद सामग्री के संबंध में दस्तावेजों और उसकी वास्तविक प्रकृति की जांच कर रही है।

# राजभवन घेराव के लिए युवा कांग्रेस का जत्था लखनऊ रवाना



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ,कन्नौज।

प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, पेपर लीक, छात्र-युवाओं पर लाठीचार्ज और कानून व्यवस्था की बदहाली के विरोध में शनिवार को युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता राजभवन घेराव के लिए लखनऊ रवाना हुए। रवाना होने से पहले अम्बुज शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार युवा विरोधी है। नौजवान रोजगार मांगता है तो उसे लाठी मिलती है। पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर युवाओं की समस्याओं को उठाया जाएगा। युवा कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस जिंदाबाद और भाजपा सरकार होश में आओ के नारे लगाए। काफिले के साथ कार्यकर्ता लखनऊ के लिए रवाना हुए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, अवनीश शाक्य, राजकुमार यादव, राहुल कुमार, आसिफ, विशाल राजपूत, अमन राठौर और प्रांजल शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 से शाम 5 बजे तक टाउन-1 फीडर की बिजली रहेगी बंद

छिबरामऊ, कन्नौज। विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ प्रथम से पोषित टाउन–1 फीडर पर जर्जर विद्युत तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। उपखंड अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देश पर विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बाधित रहने की सूचना दी है। विभाग के अनुसार 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक मुंसफी, दीक्षितान सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान विभागीय कर्मचारी जर्जर तारों को बदलने का कार्य करेंगे। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विद्युत विभाग ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं, विशेषकर पानी की व्यवस्था और अन्य जरूरी कार्य, बिजली कटौती से पहले ही पूरे कर लें। विभाग ने बताया कि कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने असुविधा के लिए उपभोक्ताओं से खेद व्यक्त किया है।

# बाढ़ की आशंका पर प्रशासन अलर्ट, लगा स्वास्थ्य शिविर

▸ संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा
▸ ग्रामीणों को बांटी दवाएं

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर सदर तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कासिमपुर व कटरी गंगपुर के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम सदर वैभव गुप्ता और तहसीलदार अवनीश सिंह ने बाढ़ से बचाव व राहत कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को राहत एवं बचाव की व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंदों को दवाएं वितरित कीं। ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# बस-बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ,कन्नौज।




सौरिख-सकरावा मार्ग पर मिर्जा पुल के पास शनिवार को रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। परौर गांव निवासी 18 वर्षीय रूप सिंह और 22 वर्षीय पवन कुमार एक ही पेट्रोल पंप पर काम करते थे। दोनों ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हरदोई से इटावा जा रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### चांदी की तोड़ियां बदलकर टप्पेबाजी, एक महिला हिरासत में



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर की पीपल वाली गली स्थित बृजेंद्र ज्वैलर्स की दुकान पर दो शातिर महिलाओं ने चांदी की तोड़ियां बदलकर टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया। महिलाओं ने दुकानदार से देखने के बहाने चांदी की तोड़ियां लीं और मौका पाकर उन्हें अपनी गिलट की नकली तोड़ियों से बदल दिया। इसके बाद एक महिला पानी पीने का बहाना बनाकर दुकान से निकल गई, जबकि उसकी साथी वहीं बैठी रही। दुकानदार को तोड़ियों पर शक हुआ तो जांच करने पर नकली होने की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही बाजार में अफरा–तफरी मच गई। सर्राफा व्यवसायी अध्यक्ष राजीव दुबे और सुरेश पेंटर के साथ चौकी इंचार्ज मनोज कुमार महिला सिपाही को लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान पर बैठी महिला को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। वहीं, फरार महिला की तलाश में पुलिस टीम जुटी है। घटना के बाद सर्राफा कारोबारियों में सतर्कता बढ़ गई।

### जहरीले कीड़े के काटने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। नगला आम गांव में जहरीले कीड़े के काटने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। नगला आम निवासी जगपाल यादव की पुत्री अनुष्का को परिजनों के अनुसार शनिवार को घर में ही किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अनुष्का को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार अनुष्का की मौत की जानकारी के बाद उन्होंने पोस्टमार्टम और किसी तरह की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन शव को अपने साथ घर ले गए। अनुष्का चार बहनों आरजू, आयुषी, अनवी के साथ रहती थी और उसका कोई भाई नहीं था। उसकी मां का नाम गीतांजलि है। पिता जगपाल यादव पिकअप चलाकर परिवार का भरण–पोषण करते हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

### दलित महिला से दुष्कर्म का प्रयास एवं लूट

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर निवासी दलित महिला के साथ युवक ने मारपीट कर दुष्कर्म का प्रयास किया और चेन व कुंडल लूट लिए। जैसे ही महिला ने सिकंदरपुर चौकी पर सूचना दी वैसे ही चौकी इंचार्ज ने अपनी टीम के साथ युवक शैलेन्द्र यादव निवासी रमपुरा बरौना (औरैया) को मौके पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस प्रकरण में पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मनचलों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित महिला ने बताया शैलेन्द्र यादव कई दिन से उसे फोन करके परेशान करता था और राह चलते उसको घेरता था। इसके साथ ही उसके पति के साथ भी मारपीट करता था।

### त्योहारों से पहले आसमान छूने लगे चीनी-गुड़ के दाम

छिबरामऊ,कन्नौज। त्योहार के समय चीनी के दाम बेतहाशा बढ़ने पर रोष व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई के मुद्दे पर बुरी तरह फेल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले जो चीनी 45 रुपये किलो बिक रही थी, वह आज 20 रुपये बढ़कर 65 रुपये किलो हो गई है। रक्षाबंधन और उसके बाद दीपावली जैसे बड़े त्योहार नजदीक हैं। चीनी के दाम बढ़ने से मिठाई विक्रेताओं ने भी मिठाई के दाम बढ़ा दिए हैं। चीनी की तरह गुड़ के भाव भी आसमान छू रहे हैं। यदि सरकार ने तत्काल ध्यान नहीं दिया तो चीनी और गुड़ के भाव 80 रुपये किलो पार कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत चीनी और गुड़ की कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी करनी चाहिए तथा राशन की दुकानों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराना चाहिए, वरना आम आदमी को त्योहारों पर महंगाई का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा महंगाई को लेकर जनता में रोष व्याप्त है। विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को आम जनता उखाड़ फेंकेगी।

# बीआरसी जलालाबाद में एफएलएन प्रशिक्षण का समापन

▸ विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित, बीईओ ने दी बधाई

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।

निपुण भारत मिशन 2.0 के तहत बीआरसी जलालाबाद में आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन एवं एनसीईआरटी पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का शनिवार को समापन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी सत्र पूरे होने के बाद प्रशिक्षणार्थियों के लिए ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय मतौली के सहायक अध्यापक नरेन्द्र सिंह ने प्रथम, इसी विद्यालय के जितेंद्र सिंह ने द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय नदसिया की सहायक अध्यापक आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को एआरपी राकेश कुमार व संदर्भदाताओं ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीईओ संजय कुमार ने सभी संदर्भदाताओं व प्रतिभागियों को नियमितता और बेहतर सहभागिता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी। प्रशिक्षण में एआरपी राकेश कुमार, रेवती रमन सिंह, जसकरन सिंह, नीशू सिंह व पूजा गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# आज निकलेगी डाक कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक की तैयारियां पूरी

गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।



सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर नगर गुरसहायगंज में भगवान भोलेनाथ की भक्ति से ओतप्रोत भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आज शाम 6 बजे से नगर में विशाल डाक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसको लेकर शिवभक्तों में खास उत्साह दिखाई दे रहा है। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए आयोजकों एवं नगर के भोले भक्तों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विशाल डाक कांवड़ यात्रा का शुभारंभ कमला शरण ग्राउंड से होगा। यहां से कांवड़ यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई रामलीला ग्राउंड स्थित रामगंज शिवालय पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल होंगे और रामगंज शिवालय पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक करेंगे।

आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण को और भक्तिमय बनाने के लिए श्री राम मंदिर चौराहा पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद रामगंज शिवालय में भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक एवं भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए नगर में विशाल डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट करेंगे तथा महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में रानू ठाकुर, राहुल राठौर, निक्की, अश्विनी गुप्ता, देव राज राठौर, शिवम राठौर, अमर चौरसिया सहित नगर के सभी भोले भक्त जुटे हुए हैं। आयोजकों की ओर से नगर एवं क्षेत्र के सभी शिवभक्तों से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने कहा कि डाक कांवड़ यात्रा को श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाएगा। यात्रा में शामिल होने वाले शिवभक्तों से आपसी सहयोग और व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की गई है। आयोजन को लेकर नगर में जगह-जगह तैयारियां देखने को मिल रही हैं और शिवभक्तों में खासा उत्साह बना हुआ है।

आज शाम नगर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच निकलने वाली यह विशाल डाक कांवड़ यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का विशेष केंद्र बनेगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# बच्चों के बीच शिक्षक बनें डीएम, परखा ज्ञान

▸ सही जवाब पर बच्चों और शिक्षकों की थपथपाई पीठ

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।




सदर क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बेहरीन में शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने जेन एल्फा पीढ़ी के बच्चों के साथ समय बिताया और बोर्ड पर पढ़ाते हुए उनकी शैक्षिक समझ को परखा। डीएम ने बोर्ड पर भारत का नक्शा बनाया और बच्चों से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल किए। बच्चों ने सवालों के सही जवाब दिए तो जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। डीएम ने कहा कि विद्यालय में पढ़ने-पढ़ाने का कार्य सही ढंग से किया जा रहा है। बच्चों से पूछे गए सवालों के उत्तर उन्होंने सही दिए।

पाठशाला के बाद डीएम ने बीएसए संदीप कुमार और अन्य अधिकारियों के साथ विद्यालय में बच्चों को परोसे जाने वाले मिड-डे मील का भोजन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता के साथ विद्यालय की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम के इस अंदाज से बच्चों में भी खासा उत्साह नजर आया।

# अभ्युदय कोचिंग में पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, छात्रों से जानी तैयारी

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के हत पीएसएम कॉलेज में चल रही कोचिंग का शनिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम तिर्वा वैशाली ने निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से बातचीत की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी ली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई की रणनीति और विषयों की समझ के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन के साथ अच्छे नोट्स तैयार करना और उत्तर लेखन का अभ्यास जरूरी है। निर्धारित समय में सटीक और तार्किक उत्तर लिखने की आदत विकसित करने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। तैयारी कर रहे छात्रों से उन्होंने विषयवार कॉन्सेप्ट की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने और अपनी तैयारी का लगातार आकलन करने की सलाह दी। कमजोर विषयों की पहचान कर उन पर अतिरिक्त मेहनत करने के लिए भी कहा।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कोचिंग की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं को लेकर विद्यार्थियों से फीडबैक लिया। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य तय कर अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ तैयारी करने का आह्वान किया।

## एचटी लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

तिर्वा/कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नैकापुर गांव में शनिवार को मकान की शटरिंग करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 45 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख–पुकार मच गई। मृतक की पत्नी और छह बच्चों के सामने अब रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घनापुर्वा गांव निवासी वीरेंद्र पुत्र रामशंकर मजदूरी कर पत्नी पिंकी और छह बच्चों का भरण–पोषण करते थे। शनिवार को वह नैकापुर गांव में मकान की शटरिंग लगाने गए थे। कार्य के दौरान निर्माणाधीन मकान के पास से गुजर रही एचटी लाइन के तार से उनका हाथ संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह जमीन पर गिर पड़े। साथी मजदूर उन्हें आनन–फानन तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल रहा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया रक्षाबंधन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।




मोहल्ला बजरिया गौशाला स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण के विग्रह पर पुष्प हार अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बहनों ने अतिथियों और विशिष्ट जनों को रक्षा सूत्र बांधकर प्रेम और सुरक्षा का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान विश्व भर में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस संस्थान से जुड़कर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात, ने कहा कि आज विश्व को प्रेम और सहिष्णुता की जरूरत है। रक्षाबंधन का पर्व सभी को प्रेम के बंधन में जोड़ता है, और ब्रह्माकुमारी यह कार्य बखूबी कर रहा है। आरएसएस के विभाग बौद्धिक प्रमुख रजनीश दुबे ने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। शासन से मनोनीत सभासद संजीव चौहान ने रक्षाबंधन को भारतीय संस्कृति का गौरव बताते हुए इसे आत्मिक शुद्धि का प्रतीक बताया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा ने कहा कि यह पर्व न केवल पारिवारिक, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का भी प्रतीक है। इसके अलावा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, समाजसेविका सुमन मिश्रा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की संयोजक एवं स्थानीय केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शिवानी ने कहा कि मानव जीवन का लक्ष्य परमपिता के आश्रय में पहुंचना है और प्रेम भक्ति ही इसका मार्ग है। उन्होंने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

ब्रह्माकुमारी मीरा बहन के संचालन में हुए कार्यक्रम में बीके शर्जिमा, बीके सौम्या, उषा उपाध्याय, शालिनी चौहान, अंतर्राष्ट्रीय लॉन बॉल्स प्लेयर मनु पाल, सोनू चौहान, श्रवण कुमार, साधना तिवारी, कमलेश बाजपेई, मुन्नी राठौर, अनीता गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुनीता यादव, किरन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 25 अगस्त को होगी महिला जनसुनवाई

कन्नौज। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर 25 अगस्त को जिले में महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी के अनुसार सुबह 10:30 बजे वन स्टॉप सेंटर में 'तेरे मेरे सपने' उद्घाटन, कन्या जन्मोत्सव और महिला जागरूकता कार्यक्रम होगा। इसके बाद विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में महिला जनसुनवाई और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता चौपाल लगाकर पात्र महिलाओं को योजनाओं, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें प्रार्थना पत्र के माध्यम से अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगी।

# अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी : असीम अरुण

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन का स्थापना दिवस समारोह उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अधिवक्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

मंत्री असीम अरुण ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में अधिवक्ताओं की भूमिका हमेशा अग्रणी रही है। सशक्त, पारदर्शी और सुलभ न्याय व्यवस्था के लिए न्यायालय और अधिवक्ता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन का स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि जन-जन तक न्याय पहुंचाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के साथ न्यायालय परिसरों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। समारोह के दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने किया खुलासा

# 20 लाख की चोरी का झूठा नाटक, आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



घटना की जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक

अपनी पत्नी से गहने छिपाने के लिए एक युवक ने चोरी का झूठा नाटक रचा। सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जांच पड़ताल में मामला झूठा निकला और पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 21 अगस्त को डायल-112 पर एक कॉलर अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फरिंकू ने अपने घर में करीब 20 लाख रुपये के गहने और नकदी चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना जहानगंज पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया ही घटनास्थल के हालात संदिग्ध प्रतीत हुए। प्रकरण की गहनता से जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि कॉलर द्वारा दी गई सूचना पूरी तरह से झूठी और मनगढ़ंत थी। इस मामले में उप-निरीक्षक बृजेश यादव की तहरीर के आधार पर थाना जहानगंज में धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ और वारदात का कारण पुलिस की सख्त पूछताछ में अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू ने अपना जुर्म कबूल करते हुए खुलासे किए। उसकी पत्नी पूर्व में अपने गहने मायके ले गई थी और वहां पहुंचने पर बताया कि गहने कहीं गिर गए हैं। बाद में दोनों के बीच झगड़ा होने पर पत्नी वे गहने वापस घर ले आई।

पत्नी से गहने छिपाने और उसे सबक सिखाने के उद्देश्य से अभियुक्त ने अलमारी से सारे जेवरात निकालकर एक बड़े बक्से में नीचे छिपा दिए। उसका इरादा मौका मिलने पर इन्हें बेचने का था। चोरी को असली साबित करने के लिए, उसने स्वयं एक लोहे के सब्बल से अलमारी का ताला तोड़ दिया। इसके बाद डायल-112 पुलिस को दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोरी होने की झूठी सूचना दी और वीडियो बयान भी जारी किए। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना को सही साबित करने के लिए इस्तेमाल किया गया 01 लोहे का सब्बल और लगभग 20 लाख रुपये की अनुमानित कीमत के आभूषण बरामद किए गए। जिसमें सफेद धातु (चांदी के जेवरात) दो करधनी एक नई-एक पुरानी, दो जोड़ी पतली पायल, एक जोड़ी मोटी पायल, एक गुच्छा चाबी का, एक अंगूठी मोती लगी, एक अंगूठी सादा, एक पुराना सिक्का व पीली धातु दो मंगलसूत्र मोतियों की माला लॉकेट लगे, एक चैन लॉकेट सहित, दो अंगूठी जेंट्स, चार लेडीज अंगूठी, चार चूड़िया, चार जोड़ी झाले, एक नाक की नथ, दो छोटी रिंग कान की, एक हार डोरी का आदि बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

विभागीय साठगांठ का अंदेशा

# ट्रांसफार्मर का तेल और कॉपर चोरी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**



मौके पर मौजूद ग्रामीण

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगापुर चंगामई निवासी होरीलाल का खेत पास के ही अहमदगंज गांव के पास स्थित है, जहां सिंचाई के लिए समर्सिबल लगा हुआ है।

बीती शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने पोल पर लगे ट्रांसफार्मर को नीचे उतार लिया और उसमें से तेल, कॉपर कॉइल व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

शनिवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ गए, तो उन्होंने ट्रांसफार्मर का खाली खोखा पड़ा देखा।

इसके बाद घटना की सूचना खेत मालिक होरीलाल को दी गई। मौके पर पहुंचे होरीलाल ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। हालांकि, पीड़ित का आरोप है कि सूचना देने के एक घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित होरीलाल ने बताया कि आमतौर पर रात में उनका पुत्र सुनील समर्सिबल के पास ही सोता है, लेकिन शुक्रवार को वह एक रिश्तेदारी में दावत में गया हुआ था। वहां किसी के न होने का फायदा उठाकर चोरों ने आसानी से इस घटना को अंजाम दे दिया। गांव के इतने करीब हुई इस चोरी से इलाके में सनसनी फैल गई है।

इस पूरी घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि विद्युत उपकरणों से इस तरह की तकनीकी चोरी में कहीं न कहीं विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता हो सकती है, क्योंकि बिजली के चालू लाइन या ट्रांसफार्मर से पार्ट्स निकालना किसी आम आदमी के बस का काम नहीं है।

वहीं, इस मामले में कुआं खेड़ा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट एंथनी स्कूल में गोल्डन ओडिसी आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

सेंट एंथनीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ में शनिवार को अंतर-विद्यालयी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता गोल्डन ओडिसी का आयोजन किया गया। कक्षा एक से ऊपर के 350 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक रेव. फादर मेल्विन ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्कूल कैप्टन, स्टाफ सेक्रेटरी तथा विभिन्न विद्यालयों से आए निर्णायकों ने भी दीप प्रज्वलन में सहभागिता की। प्रतियोगिताएँ विद्यालय परिसर के पांच अलग-अलग स्थानों पर एक साथ आयोजित की गई। साहित्यिक वर्ग में एक्सटेम्पोर स्पीच और डिक्लेमेशन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी वाक्पटुता, तर्कशक्ति, आत्मविश्वास और मंचीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं सांस्कृतिक वर्ग में विभिन्न श्रेणियों के लोकनृत्य आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने लोकनृत्यों के माध्यम से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह के साथ हुआ।

प्रधानाचार्य रेव. फादर जॉबी जोसेफ ने निर्णायकों एवं आगंतुक अतिथियों को सम्मानित किया।

## एंटी करप्शन टीम की कथित फर्जी कार्रवाई के विरोध में लेखपालों दिया धरना



धरना प्रदर्शन करते लेखपाल

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** प्रदेश के लेखपालों के विरुद्ध एसीओ/एंटी करप्शन टीम द्वारा की जा रही कथित फर्जी ट्रैप कार्रवाई के विरोध में लेखपाल संघ तहसील कायमगंज ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा को ज्ञापन सौंपा। तहसील मंत्री अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में लेखपालों ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का सबसे मेहनती कर्मचारी है, जो गांव-गांव जाकर सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाता है। इसके बावजूद, कुछ लोग निजी दुश्मनी और द्वेष के कारण लेखपालों को झूठे मामलों में फंसा रहे हैं। संघ ने बताया कि 20 अगस्त को अयोध्या की सोहावल तहसील में लेखपाल अरविंद के साथ हुई घटना ने पूरे संवर्ग को आक्रोशित कर दिया है। बिना विभागीय जांच और सीसीटीवी फुटेज या वायरल वीडियो जैसे साक्ष्यों की पड़ताल किए बिना ही लेखपालों को ट्रैप किया जा रहा है। लेखपाल संघ ने मांग की है कि किसी भी लेखपाल के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई से पहले उसके अधिकार क्षेत्र और वास्तविक भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए, तथा फर्जी मामलों पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस दौरान लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष रमाकान्त, तहसील मंत्री अनिल कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दामिनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराधा यादव, उपमंत्री अश्वनी राजपूत, कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद राना और लेखा परीक्षक श्रीकांत आर्य मौजूद रहे।

# जनपद में चीनी का स्टॉक पर्याप्त: डीएम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



बैठक लेती डीएम

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में बाजार में चीनी के बढ़ते दामों के दृष्टिगत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी जीएम चीनी मिल कायमगंज के साथ-साथ जनपद के 10 बड़े स्टॉकिस्ट उपस्थित रहे। बैठक में जीएम चीनी मिल ने बताया कि जनपद में चीनी का पर्याप्त स्टॉक है, चीनी की कोई कमी नहीं है, जनपद में चीनी की एक ही मिल है जो सरकारी है। मिल पर भी पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है आज का चीनी का थोक मूल्य 5900 है। डीएम ने पूछा कि की बड़े स्टॉकिस्ट के स्टॉक की क्या स्थिति है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि बड़े स्टॉकिस्ट के पास भी पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध है और भारत सरकार द्वारा निर्धारित 4000 कुंतल की स्टॉक सीमा के अंतर्गत ही है। बड़े स्टॉकिस्ट में से तीन स्टॉकिस्ट की रेंडम तौर पर टीम गठित कर जांच कराई गई, जिनका स्टॉक अनुमन्य सीमा के अंतर्गत ही पाया गया है। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सभी स्टॉकिस्ट को भारत सरकार के पोर्टल पर प्रत्येक शुक्रवार को अपनी स्टॉक को प्रदर्शित किया जाना है। डीएम ने समस्त स्टॉकिस्ट को निर्देश दिए गए की गाइडलाइन के अनुसार अपना स्टॉक प्रदर्शित करें तथा जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला खाद्य विभाग अधिकारी को संयुक्त रूप से निर्देशित किया गया की टीम गठित कर रेंडम तौर पर स्टॉक की जांच कराना सुनिश्चित करें किसी भी दशा में कोई भी व्यापारी जमाखोरी व कालाबाजारी ना करने पाये। डीएम ने अपील की गई कि जनपद में चीनी का पर्याप्त स्टॉक है चीनी की कोई कमी नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### आबकारी टीम ने लहन व शराब की भट्ठियों को किया नष्ट

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।** थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम कुंईया में शनिवार को अवैध कच्ची शराब के खिलाफआबकारी विभाग और राजेपुर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा के नेतृत्व में टीम ने उपनिरीक्षक गौरव शुक्ला व पुलिस टीम के साथ गांव में कई स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण के ठिकानों की जांच की। अभियान के दौरान टीम को मौके पर बड़ी मात्रा में लहन मिला। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने लहन को मौके पर ही नष्ट कराया। अवैध भट्टियों को भी मौके पर ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई से अवैध शराब का निर्माण और बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया। अवैध कच्ची शराब का निर्माण अथवा बिक्री होने की जानकारी मिले तो तत्काल स्थानीय पुलिस या आबकारी विभाग को सूचना दें। अभियान में आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा मय टीम, उपनिरीक्षक गौरव शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल रंजना, कांस्टेबल रविंद्र सिंह और कांस्टेबल वीरज सिंह शामिल रहे।

### पिकअप की टक्कर से बच्चे की मौत

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भुड्डनपुर की मड़ैया के सामने इटावा-बरेली हाईवे पर शनिवार को पिकअप की टक्कर से 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। मृतक के पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भुड्डनपुर निवासी महावीर सिंह पुत्र रामरतन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण उनका 11 वर्षीय पुत्र अनूप गांव के सामने इटावा-बरेली हाईवे के किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान पांचाल घाट की ओर से हुल्लापुर की तरफ जा रही पिकअप ने कथित रूप से तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अनूप को टक्कर मार दी। परिजन घायल अनूप को तत्काल लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। तभी रास्ते में अनूप ने दम तोड़ दिया। लोगों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया। मृतक के पिता ने पुलिस से मामले की जांच कर चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अनूप दो भाइयों में सबसे बड़ा था। मां रीता आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सर्पदंश से अचेत सपेरे की उपचार के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** घर में निकले सांप को पकड़ने पहुंचे सपेरे को सांप ने दोनों हाथों पर डस लिया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। गांव महसोना में शुक्रवार को गांव निवासी राम नक्षत्र के घर में अचानक एक सांप निकल आया। घर में सांप दिखाई देने के बाद परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सांप को पकड़ने के लिए नाथपुरा निवासी बाबा खरती नाथ पुत्र मछर नाथ को सूचना दी गई। बाबा खरती नाथ मौके पर पहुंचे और सांप को पकड़ने का प्रयास करने लगे। सांप को पकड़कर बोरी में बंद करने का प्रयास कर रहे थे, तभी सांप ने उन्हे डस लिया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर लोहिया रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी।

# किसी चिकित्सक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : डॉ. कविता

▸ जो हर किसी का दर्द सुनता, उसकी समस्या भी होगी सुननी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



आईएमए की बैठक में मौजूद चिकित्सक

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कविता शर्मा के नेतृत्व में नेकपुर स्थित एक हॉस्पिटल में संगठन की पहली बैठक सम्पन्न हुआ। जिले के चिकित्सकों की विभिन्न समस्याओं और उनके त्वरित समाधान पर गहन विचार-विमर्श हुआ। आईएमए अध्यक्ष डॉ. कविता शर्मा ने कहा कि चिकित्सक के पास जब भी कोई मरीज आता है, तो वह पूरी निष्ठा से उसे स्वस्थ करने का प्रयास करता है। कई बार विपरीत परिस्थितियों और गंभीर स्थिति के कारण डॉक्टर के तमाम प्रयासों के बाद भी मरीज की जान नहीं बचाई जा पाती। ऐसे दुखद हालातों में सीधे तौर पर डॉक्टर को दोषी ठहराना न्यायपूर्ण नहीं है। उन्होंने प्रशासनिक और विभागीय कार्यप्रणाली पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रायरू देखा गया है कि जिम्मेदार विभाग बिना चिकित्सक का पक्ष सुने या मामले की सच्चाई जाने सीधे कार्रवाई में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की बात सुनना जरूरी है। जो डॉक्टर हर मरीज का दर्द सुनता है, अब जिम्मेदार अधिकारियों को भी उस डॉक्टर की आवाज और समस्याओं को सुनना होगा। आईएमए संगठन अपने सभी सदस्यों के हितों की रक्षा और उनकी परेशानियों के निदान के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। बैठक में डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अरुण यादव, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. विनीता अग्रवाल,डॉ. इमरान अली, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. आसमा हसीन, डॉ. रूपक दुबे, डॉ. राहुल दुबे, डॉ. उदयराज सिंह, डॉ.अंकित मिश्रा, डॉ. मंजीत सिंह, डॉ. अहमद खान, डॉ. वैभव पाठक, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. बीके गुप्ता, डॉ. पुनीत रस्तोगी, डॉ. सुरभि, डॉ. हरिकिशन, डॉ. केके, डॉ. जेएम वर्मा, डॉ. केएम द्विवेदी,डॉ. अंकित गंगवार, डॉ. पुनीत रस्तोगी, डॉ. खुशबू दुबे, डॉ. शिखर सक्सेना, डॉ. रजत गोयल, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. ऋषिकांत जैन, डॉ. अनुराग, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रतोश अग्रवाल, डॉ. एनके शर्मा, डॉ. नम्रता दास, डॉ. मनीष भल्ला, डॉ.आशा भल्ला मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी ने थाने का किया निरीक्षण पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी सीओ अजय कुमार वर्मा ने नवाबगंज थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में बनी नवीन बैरकों का जायजा लिया और रखरखाव व व्यवस्थाओं को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम बरा केशव व नगला जब्बू में सुरेंद्र सिंह के आवास पर कार्य कर रहे राजस्व व चकबंदी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी और सरकारी दस्तावेज व बैग छीन लिए गए थे। इस संबंध में कानूनगो की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और क्षेत्राधिकारी को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। सीओ अजय कुमार वर्मा ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है और निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के उपरांत क्षेत्राधिकारी ने कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था परखी। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को अराजक व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान सीओ अजय वर्मा के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल, उपनिरीक्षक दीपक त्रिवेदी, कांस्टेबल हर्षित कुमार, अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

### खेत में बकरियां चराने से मना करने पर विवाद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नहरोसा में खेत में बकरियां चराने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। महिला ने कुछ लोगों पर खेत में बकरियां चराने, विरोध करने पर गाली-गलौज करने और मारपीट पर आमादा होने का आरोप लगाते हुए नवाबगंज थाना पुलिस को तहरीर दी है। गांव नहरोसा निवासी शकुंतला देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अगस्त को दोपहर करीब 3:30 बजे वह अपने खेत पर मौजूद थीं। गांव के कुछ लोग उनके खेत में बकरियां चरा रहे थे। बकरियों द्वारा खेत में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। उन्होंने बकरियां खेत से बाहर करने के लिए कहा। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# बकरा चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



पुलिस हिरासत में आरोपी

बकरा चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से दो बकरे व घटना में प्रयोग किया गया टेंपो भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। जहानगंज थाने के उपनिरीक्षक कन्हैया लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20/21 अगस्त की रात को वादी के घर के बरामदे के बाहर चबूतरे पर बंधे 02 बकरों को चोरों द्वारा खोल कर टेम्पो में लादकर चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने वादी की तहरीर पर थाना जहानगंज पर धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत अजय जाटव पुत्र सूरजपाल, अहमदरजा पुत्र जानमोहम्मद, सुनील कुमार पुत्र रामौतार निवासीगण ग्राम सर्राफाबाद थाना जहानगंज के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किये गये बकरों तथा टेम्पो की बरामद कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### जिला ताइक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 23 अगस्त से शुरू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 4वीं जिला ताइक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।


जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन जनपद में 4वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 अगस्त को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित की जायेगी। संस्था विगत वर्षों से जनपद के बेटे और बेटियों को तथा खिलाड़ियों को आत्मरक्षा सिखाकर उनके सर्वांगीण विकास हेतु कार्य कर रही है। 4वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन का उद्घाटन 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे से होना प्रस्तावित है।

### राज्य कर विभाग ने छापेमारी कर 287.56 टन से अधिक तंबाकू की जब्त

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** राज्य कर विभाग की टीम ने बड़े तंबाकू कारोबारियों के गोदामों पर एक साथ छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से तंबाकू मंडी और कस्बे में हड़कंप मच गया। टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों और गोदामों में स्टॉक की जांच की। कुल 287.56 मीट्रिक टन से अधिक तंबाकू अधिगृहीत किया गया। टीम ने गोदामों के मुख्य गेट बंद करा दिए। किसी को अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। अधिकारियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी और अचानक छापेमारी से कारोबारियों में खलबली मची रही। विभाग ने स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही दस्तावेजों की भी जांच की। जॉइंट कमिश्नर संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि सार्थक एंटरप्राइजेज के गोदाम की जांच में 209.06 मीट्रिक टन तंबाकू अधिगृहीत की गई। टीम ने स्टॉक से संबंधित दस्तावेजों और उपलब्ध माल का मिलान किया। इसके अलावा मोहम्मद बिलाल खान की फर्म के ठिकाने से 34 मीट्रिक टन तंबाकू जब्त की गई। वहीं व्योम दुबे की फर्म में घोषित स्टॉक का मिलान करने पर 44.50 मीट्रिक टन से अधिक अतिरिक्त तंबाकू मिली। इसे भी टीम ने तत्काल अधिगृहीत कर लिया। जॉइंट कमिश्नर संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि तंबाकू कारोबार में बड़े पैमाने पर कर अपवंचन की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। टीम ने स्टॉक और कारोबार से जुड़े दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। छापेमारी जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर सुरेंद्र मोहन और जॉइंट कमिश्नर संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। टीम में असिस्टेंट कमिश्नर सुरेंद्र मोहन सिंह, महेश पाठक, डिप्टी कमिश्नर शैलेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह तथा राज्य कर अधिकारी जमीर हसन और सुशील कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेंशन तार गिरने से किसान की मौत, दो अन्य झुलसे

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



घटना स्थल पर पड़ी साइकिल

▸ अधीक्षण अभियंता ने कहा, रात में लाइन काट दी गई थी, किसी ने दोबारा कर दी चालू

शनिवार सुबह एक 50 वर्षीय किसान अपनी साइकिल से छाता लगाकर गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे। घर से 100 मीटर दूर 11 हजार वोल्ट की टूटी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य युवक भी झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला गंगादरवाजा निवासी 50 वर्षीय अवधेश पुत्र जगदीश सिंह अपनी दिनचर्या के अनुसार साइकिल पर छाता लगाकर गंगा स्नान के लिए घर से निकले थे। शनिवार सुबह हल्की बारिश हो रही थी। अवधेश के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर सड़क पर 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार टूटा पड़ा था। साइकिल सवार अवधेश इसी तार की चपेट में आ गए और जोरदार करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बदहवास परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और अवधेश को निजी वाहन से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले अवधेश अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे। परिवार में उनकी पत्नी सुशीला देवी और चार विवाहित बच्चे भूपेंद्र, सुकेन्द्र, रीना और सुरीन आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार सुबह गंगा दरवाजा निवासी शिवम और सुरजीत नामक दो अन्य युवक भी इसी टूटी हुई लाइन की चपेट में आकर झुलस गए। दोनों का लोहिया अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में बारिश के दौरान तार टूटकर गिर गया था, लेकिन विभाग ने समय रहते इसे ठीक करने की जहमत नहीं उठाई, जिसके चलते यह जानलेवा हादसा हुआ। इस मामले पर विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता यादवेंद्र सिंह ने बताया कि रात में बारिश के दौरान लाइन का तार टूट गया था, जिसके बाद उस लाइन की बिजली काट दी गई थी। इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने लाइन दोबारा जुड़वा चालू कर दी। मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### विद्युत विभाग पर सपा जिलाध्यक्ष ने लापरवाही के लगाये आरोप

फर्रुखाबाद। टूटी पड़ी 11000 की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से ग्रामीण की हुई मौत के बाद सपा जिलाध्यक्ष ने प्रशासन एवं बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। माधोपुर निवासी अवधेश यादव की टूटी पड़ी 11000 हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से मौत हो गयी थी। जिस पर सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिलकर गंभीर आरोप लगाये और मुआवजा दिलाये जाने की मांग की। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, अजब सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट डिप पर फिर बढ़ा बाढ़ का पानी, आवागमन बंद

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।**



बैरीकेडिंग करती पुलिस

जनपद में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के साथ बाढ़ का पानी एक बार फिर सड़कों की ओर बढ़ने लगा है। शनिवार सुबह फर्रुखाबाद-बदायूं स्टेट हाईवे पर थाना राजेपुर क्षेत्र के चित्रकूट डिप पर पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर राजेपुर पुलिस ने डिप के दोनों ओर बैरीकेडिंग लगाकर मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया।

पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात कर वाहनों को डिप से गुजरने से रोक दिया गया है।

कुछ दिन पहले भी बाढ़ का पानी बढ़ने के कारण चित्रकूट डिप पर आवागमन बंद किया गया था। जलस्तर कम होने के बाद मार्ग को दोबारा वाहनों के लिए खोल दिया गया था। शनिवार को अचानक पानी बढ़ने के बाद एक बार फिर मार्ग को बंद करना पड़ा। मार्ग बंद होने के कारण फर्रुखाबाद की ओर जाने वाले वाहनों को राजेपुर से डबरी होते हुए जमापुर मार्ग से होकर निकाला जा रहा है। वहीं पुलिस लगातार डिप पर पानी के बढ़ते स्तर पर नजर रख रही है। थानाध्यक्ष राजेपुर नागेंद्र सिंह ने बताया कि चित्रकूट डिप पर बाढ़ का पानी अधिक बढ़ जाने के कारण दोनों तरफ से आवागमन बंद कर दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# चकबंदी अधिकारियों व लेखपालों पर हो कार्रवाई

- जबरन खेत में घुसकर फसल बर्बाद करने का लगाया आरोप
- गाली-गलौज व महिलाओं के साथ मारपीट का आरोप

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।


थाने में मौजूद किसान नेता

फसलों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कई किसान नेताओं के साथ थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष से लिखित शिकायत कर दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग की। मोहम्मदाबाद ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा बराकेशब थाना नवाबगंज की निवासी पीड़िता ने बताया कि गाँव में पिछले कुछ समय से चकबंदी विभाग द्वारा चकबंदी प्रक्रिया संचालित की जा रही है। विभाग द्वारा बारिश के समय में कब्ज़ा परिवर्तन एवं सीमांकन खेतों में खड़ी धान, बाजरा और चारे की फसलों को नुकसान पहुँचाते हुए, खेत के अंदर घुसकर किया जा रहा है। 20 अगस्त दिन गुरुवार को समय दोपहर 1 बजे के लगभग चकबंदी सीओ उमाशंकर, कानूनगो शिव कुमार, महिपाल सिंह, लेखपाल रशीद अली, सत्यप्रकाश, सुरजीत, अविनाश एवं दो अज्ञात लोगों द्वारा खेत में खड़ी फसल जिसमें बरसात का पानी भरा था के अंदर घुसकर ज़रीब डालकर फसलों को नुकसान पहुँचाकर पैमाइश करने लगे। पीड़िता के साथ-साथ गाँव की अन्य महिलाओं एवं पुरुषों ने फसल में ज़रीब डालने का विरोध किया और यह भी पूछा कि किस अधिकारी के आदेश के क्रम में आप फसलों को नुकसान पहुँचा रहे हैं? इतना सुनते ही उक्त लोग आक्रामक हो गए। उपरोक्त लोगों द्वारा मेरे एवं अन्य महिलाओं के साथ गाली-गलौज, मारपीट एवं अभद्रता की गई। जब प्रार्थिनी एवं घटनास्थल पर उपस्थित लोगों द्वारा विरोध किया गया तो उक्त लोग वहाँ से चले गए। पीड़िता के पति पप्पू उर्फ रामप्रसाद बड़ी संख्या किसानों को साथ लेकर थाने पहुंचे और कार्यवाही की मांग की।

## विशाल कांवड़ यात्रा आज



समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 23 अगस्त दिन रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा एवं जय भोले बाबा कमेटी के तत्वाधान में एक विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन दुर्वासा ऋषि आश्रम गंगा से श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर रेलवे रोड तक होने जा रहा है। 251 कावड़ अभी तक बन चुकी है आगे और बढ़ सकती है। कांवड़ चढ़ाने के बाद पांडेश्वर नाथ मंदिर में ही भंडारे की व्यवस्था की गई है। यह जानकारी यात्रा व्यवस्थापक हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने दी है।

# शिक्षकों ने समस्याओं का हल कराने के लिए बीएसए से की वार्ता

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


बीएसए से वार्ता करते शिक्षक

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ का प्रतिनिधि मंडल समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला।

शिक्षकों ने अपनी समस्याएं हल करने के लिए बीएसए को अवगत कराया कि आगामी सितंबर माह में होने वाली सीटेट परीक्षा में 2010 से पूर्व में नियुक्त शिक्षक को सुप्रीम कोर्ट के अनुसार सीटेट परीक्षा उत्तीर्ण करनी जरूरी है, उसमें बैठने के सामूहिक रूप से अनुमति प्रदान करने की मांग की गई, जो भी शिक्षकों के इस समय समायोजन होने जा रहे हैं उनमें सभी ब्लॉकों में एक समानता रखी है और और प्रोन्नत एवं चयन वेतनमान हेतु प्रकरण लंबित है, उन्हें जल्द निस्तारित किया जाए। बीएसए ने बताया कि चयन वेतनमान से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरण जल्द निश्तारित कर दिए जाएंगे, परिषदीय विद्यालयों में बिल न जमा करने के अभाव में विद्युत विभाग द्वारा काटे गए कनेक्शन के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराकर छात्रों को हो रही समस्याओं को केबारे में बताया गया। तुरंत संबंधित विभाग से वार्ता कर पुनः बिजली कनेक्शन जोड़ने हेतु फोन से आग्रह किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया इस समय तथा कथित यूट्यूबर विद्यालयों का निरीक्षण करने आते हैं इसलिए विद्यालय की साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से बनाए रखें और अपरिचित, अनाधिकृत व्यक्ति को विद्यालय में प्रवेश न करने दें, साथ में प्रवेश सिंह राठौर, आरेन्द्र सिंह यादव, सुमन दीक्षित, अनुज मिश्रा, राकेश सिंह राजपूत, राजेश सिंह आदि साथ रहे।

## सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर में मातृ शक्ति गोष्ठी का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद मातायें

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर सेनापति में मातृ शक्ति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माता की विद्यालय की गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाना तथा बच्चों में मातृ शक्ति की भूमिका को रेखांकित करना रहा। मुख्य अतिथि डॉ0 ज्योति गुप्ता एवं अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने मां सरस्वती पर एवं पुष्पअर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि बच्चों के प्रथम पाठशाला मां होती है तो वह संस्कार अनुशासन, एवं शिक्षा की गतिविधियों में सहयोग की भावना जागृत करना होती है। डॉ0 ज्योति गुप्ता ने बताया कि बच्चों को विकसित निर्माण में परिवार और विद्यालय दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्कार अनुशासन एवं शिक्षा के माध्यम से बच्चों को योग्य जिम्मेदार नागरिक बनाने में माता का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संचालन सोनम शुक्ला एवं आभार वंशिका वर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर रश्मि दुबे, सुलेखा कुशवाहा, आकांक्षा मिश्रा, नीलम शर्मा, रिंकी वर्मा, दुर्गा वर्मा, रिचा वर्मा, रजनी तिवारी, छाया तिवारी आदि उपस्थित रही।

# दोषी भ्रष्टाचार निवारण टीम पर हो कार्रवाई

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


तहसील में प्रदर्शन करते लेखपाल

प्रदेश के लेखपालों के विरुद्ध एसीओ/एंटी करप्शन टीम द्वारा की जा रही कथित फर्जी ट्रैप कार्रवाई के विरोध में उ.प्र. लेखपाल संघ तहसील सदर ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया।

तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में लेखपालों ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का सबसे मेहनती कर्मचारी है, जो गांव-गांव जाकर सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाता है। इसके बावजूद, कुछ लोग निजी दुश्मनी और द्वेष के कारण लेखपालों को झूठे मामलों में फंसा रहे हैं। संघ ने बताया कि 20 अगस्त को अयोध्या की सोहावल तहसील में लेखपाल अरविंद के साथ हुई घटना ने पूरे संवर्ग को आक्रोशित कर दिया है। बिना विभागीय जांच और सीसीटीवी फुटेज या वायरल वीडियो जैसे साक्ष्यों की पड़ताल किए बिना ही लेखपालों को ट्रैप किया जा रहा है। लेखपाल संघ ने मांग की है कि किसी भी लेखपाल के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई से पहले उसके अधिकार क्षेत्र और वास्तविक भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए, तथा फर्जी मामलों पर तत्काल रोक लगाई जाए। संगठन ने अयोध्या सोहावल प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी भ्रष्टाचार निवारण टीम पर सख्त कार्यवाही की मांग की है। प्रदेश के लेखपालों के लिए शोषणकारी एवं अत्याचारी वातावरण के स्थान पर भयमुक्त, सम्मानजनक, सुरक्षित एवं निष्पक्ष कार्य वातावरण सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर अध्यक्ष अभय त्रिवेदी, मंत्री ऋषभ सिंह, सोनी मिश्रा, उपेन्द्र यादव, शोभित कुमार, अमित प्रताप सिंह, अजय त्रिपाठी, निखिल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

लेखपालों का प्रदर्शन

## चार केन्द्रों पर होगी सामान्य ज्ञान परीक्षा

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट की सामान्य ज्ञान परीक्षा में सीनियर व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्रायें प्रतिभाग करेंगे। इंस्टीट्यूट के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 23 अगस्त को आयोजित होने वाली परीक्षा सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज श्याम नगर, एसआरआरएस इंटर कॉलेज राजपुर, अवन्ती बाई पब्लिक इंटर कॉलेज भरगवां, शाहजहाँपुर एवं मौलाना आजाद इंटर कॉलेज कमालगंज सहित कुल चार केन्द्रों पर आयोजित होगी। जूनियर वर्ग की परीक्षा प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक होगी। जिसमें कक्षा 6 से 9 तक के छात्र एवं सीनियर वर्ग की परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। जिसमें कक्षा 10 से ऊपर के छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। विजयी छात्रों को मेगा पुरस्कार साइकिल, प्रथम पुरस्कार मिक्सी, द्वितीय पुरस्कार इलेक्ट्रिक केटल, सांत्वना पुरस्कार दीवाल घड़ी आदि प्रदान करने के साथ ही 10 से 50 प्रतिशत तक कि छात्रवृत्ति भी प्रदान की जायेगी।

# नदीम अहमद फारूकी ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री


लंच पैकेट वितरित करते नदीम फारुकी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

194-सदर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नगर पंचायत शमसाबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फ़ारूक़ी ने शनिवार को मंडी समिति तथा गाढ़िया हैवतपुर कॉलोनी पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। राहत वितरण कार्यक्रम शशांक सक्सेना, शिवशंकर शर्मा, राजपाल यादव, हर्ष गंगवार, अंकित यादव मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विचाराधीन वादों के बीच नामांतरण कराने का आरोप



समृद्धि न्यूज, हरदोई। संडीला तहसील क्षेत्र के ग्राम बरगदी मजरा पीपरगांव में विचाराधीन भूमि विवाद के बीच बैनामे के आधार पर नामांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है। मामले में ग्राम बरगदी मजरा पीपरगांव निवासी राजेश चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की जांच कराने, नामांतरण आदेश निरस्त करने व दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार बरगदी गांव स्थित गाटा संख्या 1016, 1017 और 1216 से संबंधित पूर्व में बैनामा वाद सिविल न्यायालय हरदोई में विचाराधीन हैं। इसके बावजूद संबंधित गाटों के आधार पर बैनामा कराकर नामांतरण के लिए तहसील संडीला में वाद दायर किए गए। और नामांतरण का आदेश कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित पक्षों ने पूर्व से चल रहे विवाद की जानकारी छिपाकर अलग-अलग नामांतरण वाद दायर किए। शिकायती पत्र में कहा गया है कि समान भूमि से संबंधित प्रकरण पहले से न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद अलग-अलग नामांतरण वादों के माध्यम से आदेश प्राप्त करना गंभीर विषय है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तहसीलदार न्यायालय से पारित नामांतरण आदेश निरस्त कराने व दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कराने की मांग की है।

### छत से गिरकर बालक घायल

बांगरमऊ उन्नाव। कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी कल्लू का तेरह वर्षीय पुत्र शहबाज शुक्रवार शाम को छत से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसकी हालत गंभीर देख इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### रोजगार मेले का आयोजन सम्पन्न



बीघापुर उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के रैथाना गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में आज विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। पडरी गांव के रहने वाले अनुराग त्रिवेदी ने रोजगार मेले का आयोजन कराया है। जिसमें हजारों युवा शामिल में है, अनुराग त्रिवेदी ने कहा है कि करीब 1000 युवाओं को रोजगार देना है। जो आज शनिवार और रविवार शाम तक पूरा हो जाएगा। आगे भी रोजगार मेला लगेगा जिससे युवाओ को रोजगार मिलेगा। शनिवार दोपहर तक कुल करीब 50 युवाओं को रोजगार दिया गया है। रोजगार के लिए पहले पंजीकरण करने में समय अधिक लग रहा है, अलग अलग बेंच पर पंजीकरण हो रहा है। इसकी वजह से रोजगार के चयन में कुछ तैयारी आ रही है। अनुराग त्रिवेदी ने बताया है कि रोजगार मेले में टाटा डेलराइव, केप इलेक्ट्रिक, पीएनजी, फ्लिपकार्ड, मारुति, इंस्ट्रामार्ट, टाटा इलेक्ट्रिक जैसे बड़ी कंपनी में चयन हो रहा है। राजकुमार का हैदराबाद पीएनजी कंपनी में, गौरव तिवारी निवासी जमीपुर का फ्लिपकार्ड कंपनी में, अमन का एसबीआई में गार्ड के पद पर चयन हुआ है।

## एडीसीपी क्राइम ने अपराध के खिलाफ चलाया अभियान

कानपुर। शहर में नशे के सौदागरों और अपराधियों के खिलाफ कमिश्नरेट क्राइम ब्रांच का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। एडीसीपी क्राइम सुमित सुधाकर रामटेके के नेतृत्व में चल रहे 'ऑपरेशन व्हाइट पाउडर' के तहत पुलिस नशे के नेटवर्क और उससे जुड़े अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। कहीं ड्रोन से निगरानी, कहीं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस तो कहीं अचानक दबिश–क्राइम ब्रांच की रणनीति के चलते नशा तस्करों के नेटवर्क पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। सचेंडी, बिधनू और रावतपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों में हुई कार्रवाई में नशीले पदार्थों की खेपों और संदिग्ध नेटवर्क पर शिकंजा कसा गया है। इस अभियान का अहम संदेश साफ है कि नशे का कारोबार हो या अपराध का नेटवर्क, पुलिस की नजर से बचना आसान नहीं। कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल के निर्देशन में एडीसीपी क्राइम सुमित सुधाकर रामटेके की टीम सप्लाई नेटवर्क की कड़ियों तक पहुंचने के साथ-साथ युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने पर भी फोकस कर रही है।

# पंकज गुप्ता ने 240 श्रद्धालु व बसों को किया रवाना

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।



आज का दिन सेवा, संस्कार और श्रद्धा का अनुपम उदाहरण बना, जब सदर विधायक पंकज गुप्ता के निजी संसाधनों से संचालित ÷पंकज गुप्ता श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा÷ के अंतर्गत क्षेत्र के माता-पिता तुल्य पूज्य बुजुर्गों को प्रभु श्रीराम के पावन धाम अयोध्या के दर्शन के लिए रवाना किया गया।कैंप कार्यालय से 240 श्रद्धालुओं को चार बसों के माध्यम से अपार श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ अयोध्या के लिए रवाना किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर उपस्थित बंधुओं द्वारा सदर विधायक पंकज गुप्ता का माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता तुल्य बुजुर्गों की सेवा और उन्हें तीर्थ दर्शन कराने का अवसर उनके लिए सौभाग्य और संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल तीर्थाटन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और श्रद्धा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प है। विधायक पंकज गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा हरी झंडी दिखाकर चारों बसों को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान में प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह और भक्ति का भाव देखने को मिला।विधायक ने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और श्रद्धा का एक जीवंत उदाहरण हैकृजहां हर मुस्कान में राम, हर आशीर्वाद में राम और हर भावना में राम बसते हैं।÷कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, सभासद राधेश्याम शुक्ल, सभासद बृजेश पाण्डेय, राजेंद्र भारतीय, संतोष पाल, पंकज दीक्षित, धीरू द्विवेदी, बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, जीएस भदौरिया, बच्चा त्रिपाठी, रंजीत अवस्थी समेत अन्य सम्मानित बंधुओं की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना होते समय विधायक पंकज गुप्ता के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

## शहीदा ने कर्बला की याद में निकाला अलविदाई जुलूस

फतेहपुर। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 8 रबीउल अव्वल को शहीदाने कर्बला की याद में अलविदाई (अंतिम) जुलूस इमाम बारगाह हुसैनी अलींगंज, फ़तेहपुर से बरामद हुआ। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से भ्रमण करता हुआ अलीगंज स्थित कर्बला पहुँच कर समाप्त हुआ, रास्ते भर जुलूस में मौलानाओं ने तकरीर पेश की. जिसे सुनकर अकीदतमंदों की आँखे नम हो गयीं, इस जुलूस के दौरान नौहाख्वानी व सीनाज़नी भी हुई। इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानियों एंव मुसीबतों को याद करते हुए शिया समुदाय शोक में रहा। अलविदाई जुलूस की मजलिस की तकरीर बारगाहे हुसैनी अलींगज में मौलाना अमजद हुसैन रिज़वी ने पेश किया। इसके अतिरिक्त जुलूस के मध्य की तकरीर मौलाना सै0 मो0 दानिश नकवी (इमामे जुमा) फ़तेहपुर द्वारा पेश की गयी, जिसमे शहर की अन्जुमने जारिया, अन्जुमने अब्बासिया व अन्जुमने सक़ाये हरम ने नौहाख्वानी व सीनाजनी का नज़राना पेश किया। जुलूस पूर्व की भाँति अपने कदीमी रास्तों स्व0 ज़फ़र हुसैन, रफ़त हुसैन एंव नकी रजा के घरों के सामने से होता हुआ रजा हुसैन व स्व0 खुर्शीद असगर के घर के पास पहुँचा, जहां 18 बनी अबुतालिब (ताबूत) की अन्तिम तकरीर मौलाना सै0 मो0 आबिद रिज़वी ने पेश किया, जिसमें समय-समय पर 18 बनी अबुतालिब की शबीहे ताबूत, अलम व जुल्जनाह बरामद हुये, जिसमें जुलूस में उपस्थित सभी लोगो के साथ-साथ भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं एंव बच्चों की आंखों से आंसू छलक पड़े। अन्त में जुलूस अलीगंज स्थित कर्बला में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में हमेशा की तरह तमाम इन्तेजामात मिनजानिब अन्जुमने जारिया, फ़तेहपुर द्वारा किया गया। अलविदाई जुलूस में बड़ी संख्या में आस-पास गाँव के लोगों के साथ शहर के सफ़दर रजा, अज़ादार हुसैन, अलमदार हुसैन, ज़फ़र नक़वी (एडवोकेट), सैफरिज़वी (एडवोकेट), अख़्तर हुसैन, अहमद हुसैन (नवाब जुगनू), अशरफअली (पप्पू), फ़रहत अली, जागिन हुसैन, डा0 मो0 सिबतैन रिज़वी, सुल्तान हैदर, अहमद रज़ा आदि उपस्थित रहे। जुलूस में प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। जुलूस सकुशल समाप्त होने के उपरान्त मेहदी हुसैन जैदी (सदर) अन्जुमने जारिया ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए शिया समुदाय की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अपनी मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने दिया धरना



समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सदर तहसील अध्यक्ष हरगोविंद सिंह व तहसील मंत्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सदर तहसील परिसर में धरना दिया गया।

इस दौरान सदर तहसील में उपजिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने कहा कि प्रदेश के लेखपालों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन एंटी करप्शन एवं विजिलेंस द्वारा की जा रही गलत अनुचित फर्जी एवं दुर्भावनापूर्ण ढंग से ट्रैप कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इन लोगों का कहना था कि लेखपाल राजस्व विभाग का मेहनती ईमानदार एवं जनता से सीधे जुड़ा हुआ अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी है जो बेहद कठिन परिवेश में गांव-गांव घूम कर शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ भूमि संबंधी विवादों पैमाइश अतिक्रमण एवं अन्य राजस्व कार्यो का दायित्व पूरे निष्ठा से निभाता है ऐसे कठिन एवं चुनौती पूर्ण कार्य के बावजूद लेखपाल अपने कर्तव्यों का निरंतर निर्वहन करता है भूमि विवाद पैमाइश अतिक्रमण हटाने अथवा किसी व्यक्ति के अवैध कार्य को नियमों के विपरीत न किए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा दलाल द्वारा लेखपाल से रंजिश रखना असामान्य नहीं है कई बार असंतुष्ट व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ अथवा दुर्भावना ग्रस्त होकर लेखपाल को झूठे मामले में फंसाने का प्रयास करते हैं। लिहाजा उक्त प्रकरण से संबंधित उपलब्ध तथ्यों सीसीटीवी फुटेज एवं वायरल वीडियो सहित अन्य साक्ष्य के संबंध में गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। जिसकी जांच के बाद ही कोई कार्रवाई की जाए इस अवसर पर तमाम लेखपाल मौजूद रहे।

# प्रदेश प्रभारी ने लिया चुनावी तैयारियों का जायजा

- कानपुर दौरे पर पहुंचे थे राजेंद्र पाल गौतम

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



आज कानपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ और यूपी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव जगदीश जांगिड़ का जाजमऊ गंगा पुल पर कानपुर महानगर के जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत हुआ।

प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और राष्ट्रीय सचिव जगदीश जांगिड़ आज कानपुर पिछड़ा प्रकोष्ठ के सम्मेलन के लिए कानपुर आए। उनके साथ ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद भी मौजूद रहे जिनका कि महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने भव्य स्वागत किया। जाजमऊ के बाद वे पूर्व प्रत्याशी महाराजपुर धर्मराज सिंह चौहान के निवास पर रामादेवी पहुंचे जहां राजेंद्र पाल गौतम और जगदीश जांगिड़ ने प्रेस वार्ता भी की। फिर धर्मराज सिंह चौहान के निवास पर भोजन के लिए गए।उसके बाद ग्रामीण कांग्रेस द्वारा फूलबाग में आयोजित धरने में भी शामिल हुए। और फिर शास्त्री भवन ग्वालटोली में आयोजित पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सम्मेलन में शामिल हुए। जाजमऊ पर पवन गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजनों ने उनका स्वागत किया। प्रेस वार्ता में पवन गुप्ता,धर्मराज सिंह चौहान, प्रतिभा पाल,अम्बरीश गौड़, राहुल स्थान मौजूद थे। जाजमऊ पुल पर स्वागत में पवन गुप्ता के साथ राम शंकर राय, मानेश दीक्षित,संजय दीक्षित, विनोद अवस्थी,राकेश साहू, देव राय, राजकिशोर वर्मा,प्रमोद गुप्ता आदि मुख्य थे!

# मॉडल कॉलेज खसरौल के पहलवानों ने जीते तीन स्वर्ण, दो रजत

- मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में पांच पदक जीतकर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

समृद्धि न्यूज, हरदोई।



मंडलीय माध्यमिक विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता-2026 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता शुक्रवार को किसान इंटर कॉलेज, फरधान गोला रोड, लखीमपुर खीरी में आयोजित हुई।

हरदोई से प्रतियोगिता के लिए चयनित आठ खिलाड़ियों में पांच खिलाड़ी मॉडल कॉलेज खसरौल के रहे। अलग-अलग भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

बालक वर्ग के अंडर-14 में 53 किग्रा भार वर्ग में राम मिलन ने स्वर्ण तथा 40 किग्रा में कृष्ण ने रजत पदक जीता। अंडर-17 के 65 किग्रा में श्रीकांत ने स्वर्ण और अंडर-19 के 92 किग्रा में निखिल बाजपेयी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बालिका वर्ग के अंडर-17 में 57 किग्रा भार वर्ग की वैष्णवी त्रिपाठी ने स्वर्ण तथा 65 किग्रा में प्रांशी दीक्षित ने रजत पदक अपने नाम किया।

वहीं हरदोई जनपद के अन्य खिलाड़ियों में 46 किग्रा भार वर्ग में विष्णु प्रिया ने रजत और अंडर-19 के 53 किग्रा में मोहिनी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

प्रधानाचार्य राजेश्वरी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और खेल प्रेमियों ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# दंगल और अखाड़ों को अब भी सहेजे है कानपुर का मर्दनपुर

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



मर्दनपुर में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई भी सीखती थी दांव-पेंच अखाड़ा, दंगल, कुश्ती और पहलवान। हर वर्ग की एकजुटता की संस्कृति के संवाहक,धीरे-धीरे मनोरंजन व सेहतमंद बने रहने के साधन के तौर पर कुश्ती प्रतियोगिताओं के कारण दंगल और अखाड़। गुड्डू यादव (पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ) के द्वारा मर्दनपुर मे विशाल दंगल का आयोजन कराया गया जिसमे क्षेत्र के सम्मानित पहलवान और जनता ने दंगल को रोमांचक बनाया ! आयोजन मे क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे जो निम्न है चंद्रभान सिंह यादव, गुड्डू सैनी जी सतीश शर्मा जी, सुरेश दुवेदी जी, शिव नारायन प्रजापति जी (पूर्व प्रधान ), बब्लू दुबे जी,जवाहर लाल जी, ज्ञानेंद्र कुमार (बी ओ बी, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ), शीलू प्रजापति जी आदि लोग उपस्थित रहे।

# 2027 में जनता परिवर्तन के लिये तैयार: फजल महमूद

समृद्धि न्यूज,कानपुर।




शनिवार ,समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर संगठन ने महानगर के कैन्ट, आर्यनगर, सीसामऊ, गोविन्द नगर, किदवई नगर के 78 वार्डों के 342 केन्द्रों पर महंगाई के विरोध में सभी कार्यकर्ताओं, पीडीए टीम ने काली पट्टी बांधकर सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद के नेतृत्व में प्रदर्शन कर 2027 में परिवर्तन का संदेश दिया।

सपा अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि महंगाई से आम जनता की जेबों पर डाका पड़ रहा है जिसके कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है, एक कप चाय 20 रुपये की हो गयी है। बिस्कुट, सब्जी, मिठाई के दामों में रक्षा बन्धन, नवरात्र, दीपावली में भी चीनी सौ रुपये प्रति किलो पार कर जायेगी क्योंकि चीनी का निर्यात कर जनता के साथ खिलवाड़ कर चीनी की कड़वाहट से उसकी रंगत डूबी है।सपा अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि अरहर की दाल 150 रुपये प्रति किलो, मूंगदाल 130 रुपये प्रति किलो, चीनी 70 रुपये प्रति किलो,चावल साधारण 72 रुपये प्रति किलो, लाल मिर्च 500 रुपये प्रति किलो, हल्दी 270 रुपये प्रति किलो, जीरा 410 रुपये प्रति किलो, काली मिर्च 960 रुपये किलो, सरसों का तेल 225 रुपये प्रति किलो, गुड़ 74 रुपये प्रति किलो, चना दाल 95 रुपये किलो, आटा 35 रुपये प्रति किलो से जनता त्रस्त है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,प्रदेश सचिव के. के. शुक्ला, इशरत इराकी, सुलेखा यादव,नीरज गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, महेंद्र यादव,हेमंत गुप्ता, राजू पहलवान, जस्वेन्द्र प्रताप तथा बृजलाल आदि लोग उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### रानी लक्ष्मी बाई योजना नि:शुल्क स्कूटी के लिए छात्रा निखिता यादव का हुआ चयन



**देवकली ( गाजीपुर)।** महात्मा ज्योति राव फूले पब्लिक पीजी कालेज अदिलाबाद जगदीशपुरम मुहम्दाबाद की छात्रा निखिता यादव को उ0 प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मीबाई के तहत नि: शुल्क स्कूटी के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार निखिता यादव के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन,नकल विहीन परीक्षा मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने कर निरंतता आधार से हासिल हुआ है इस सफलता पर प्राचार्य,अध्यापक वर्ग महाविद्यालय के प्रबंधन व चेयरमैन पूर्व सासंद जगदीश कुशवाहा व राजेश कुशवाहा ने निखिता यादव को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है तथा आने वाले पीढी को सीख लेने की सलाह दी है निखिता के सफलता पर पैतृक गांव परानपुर मे विमलेश यादव तथा परिजनो को बधाई देने के लिए ताता लगा हुआ है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेगी 65 हजार तक की ई-ट्राइसाइकिल

**बलरामपुर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों को ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। योजना के तहत 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं को अधिकतम ?65,000 तक की ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को विद्यालय, महाविद्यालय, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं छात्रावास तक आने-जाने में सुविधा प्रदान कर उनकी शिक्षा को सुगम और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफीलिया आदि से प्रभावित पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। पात्रता के लिए दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक होना, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित दिव्यांगता प्रमाणपत्र/यूडीआईडी कार्ड तथा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत होने का प्रमाण आवश्यक है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### सीएम श्री आवासीय निर्माण की तेज हुई प्रक्रिया

**रामसनेहीघाट/बाराबंकी।** विकासखंड दरियाबाद की ग्राम पंचायत क्यामपुर में करीब 24 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सीएम श्री आवासीय विद्यालय की निर्माण प्रक्रिया तेज हो गई है। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने विद्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और स्थानीय लोगों से भूमि की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। बीएसए ने बताया कि विद्यालय निर्माण के लिए करीब सात एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। भूमि संबंधी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। परियोजना को शुरू होने के बाद लगभग दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर

**बलरामपुर।** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आशा एवं एएनएम से सीधे संवाद करते हुए ग्राम स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, नियमित टीकाकरण, परिवार सर्वेक्षण तथा ई-कवच पोर्टल पर डाटा अपडेशन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में आशा एवं एएनएम की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्राम स्तर पर प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान निर्धारित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही जन्म के बाद बच्चों का निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

### समाजवादी छात्र सभा के पूर्व अध्यक्ष ने कई गांवों का किया दौरा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** समाजवादी छात्रसभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिमेष कुमार सिंह ने शनिवार को रामसनेहीघाट क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर किसानों, युवाओं और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। दलसिंहपुर, पूरे गड़रिया और खाले का पुरवा गांव में आयोजित जनचौपालों में उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की उपेक्षा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। जनचौपाल में ग्रामीणों ने पेंशन, राशन कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इस पर अनिमेष कुमार सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं को केवल सुनना काफी नहीं है, बल्कि उनके समाधान के लिए लगातार संघर्ष और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है। उन्होंने जरूरतमंद ग्रामीणों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### लेखपाल के समर्थन में कलमबंद हड़ताल

**रामसनेहीघाट/बाराबंकी।** अयोध्या की सोहावल तहसील में रिश्वत के आरोप में लेखपाल के खिलाफ की गई एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन (एसीओ) एवं विजिलेंस की ट्रैप कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को तहसील रामसनेहीघाट के लेखपालों ने एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर लेखपालों ने तहसील परिसर में एकत्र होकर कार्रवाई को लेकर विरोध जताया और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की। लेखपाल संघ ने आरोप लगाया कि अयोध्या जिले की सोहावल तहसील में लेखपाल उत्कर्षदीप के खिलाफ की गई कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता और पूरे प्रकरण की पर्याप्त प्रारंभिक जांच नहीं की गई। संघ का कहना है कि किसी भी ट्रैप कार्रवाई से पूर्व शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, आरोपों की वास्तविकता और संबंधित प्रकरण के तथ्यों की निष्पक्ष पड़ताल जरूरी है। धरने के दौरान लेखपालों ने स्पष्ट कहा कि संघ किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं करता है और दोषी कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि, झूठी शिकायतों अथवा गलत तरीके से की गई कार्रवाई में किसी निर्दोष कर्मचारी को फंसाया जाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने दिया धरना

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



नई दिल्ली के संसद मार्ग थाने पर पेलेट गन से घायल हुए युवा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा किए जा रहे धरने के समर्थन में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने रविंद्रनगर थाने पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए और न्याय की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का नेतृत्व गुजरात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद जगदीश ठाकोर ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा 'राधे' ने की। धरने को संबोधित करते हुए जगदीश ठाकोर ने कहा कि अन्याय और दमन के खिलाफ आवाज उठाना लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। संसद मार्ग पर घायल युवा को न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी जिस संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं, उसमें कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक पीड़ित, शोषित और वंचित व्यक्ति के न्याय व अधिकारों की लड़ाई है।

## चोरी के पम्पिंगसेट के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पनियरा संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना पनियरा पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

थाना पनियरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 247/2026, धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण राजू पुत्र बसंत, श्री भागवत पुत्र बनारसी एवं पप्पू पुत्र रामाजय उर्फ लोहा को 22 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का 1 अदद पम्पिंगसेट बरामद किया गया। मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

## बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता अभियान 15 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आज जनपद के सेवरही बाजार में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 2016 के अंतर्गत विभिन्न होटलों, ढाबों एवं मोबाइल आटा वर्कशॉप आदि के कुल 12 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 15 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा कार्य लेने वाले सेवायोजकों/प्रतिष्ठान स्वामियों को अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत निरीक्षण टिप्पणी निर्गत करते हुए विधिक कार्यवाही की गई। साथ ही सेवायोजकों को अवगत कराया गया कि बाल श्रम कराना अपराध है तथा प्रत्येक बच्चे का शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार है। अभियान के दौरान बताया गया कि बाल श्रम कराते पकड़े जाने पर 06 माह से 02 वर्ष तक की सजा तथा 20,000 से 50,000 तक के जुर्माने का प्रावधान है।

# 10 या इससे ज्यादा कार्मिकों वाले संस्थान पर आंतरिक परिवाद समिति का होगा गठन: डीएम

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



जिलाधिकरी ने समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/संस्थान/निकाय को सूचित किया है कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा-4 के अनुसार 10 या 10 से अधिक कार्यरत कार्मिक वाले कार्यस्थल का प्रत्येक नियोजक लिखित आदेश द्वारा ''आंतरिक परिवाद समिति'' नामक एक समिति का गठन करेगा, जहां कार्यस्थल के कार्यालय या प्रशासनिक यूनिटें, भिन्न भिन्न स्थानों या खंड या उपखंड स्तर पर अवस्थित है. वहां आंतरिक समिति सभी प्रशासनिक यूनिटों या कार्यालयों में गठित की जाएगी। उक्त समिति द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडन संबंधी प्राप्त शिकायतों की नियमानुसार जांच करते हुये शिकायत का विधिवत रूप से निस्तारण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि 10 या 10 से अधिक कार्यरत कार्मिक वाले कार्यस्थल पर नियोजक द्वारा ''आंतरिक परिवाद समिति'' का गठन किया जाए तथा कार्यालय में समिति के सदस्यों का विवरण भी सहज दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करते हुए कार्यालय में चस्पा किया जाए। कार्यालय में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन संबंधी शिकायत प्राप्ति हेतु पिंक बॉक्स लगाया जाए। पिंक बॉक्स खोलने से पूर्व उसकी विडियोग्राफी समिति के समक्ष कराते हुए प्राप्त शिकायतो का नियमानुसार निस्तारण एवं बैठक प्रत्येक माह के 01 से 05 तारीख के मध्य किया जाए। तत्पश्चात माह के 06 तारीख तक बैठक कार्यवृत्ति कार्यालयाध्यक्ष उसे महिला कल्याण विभाग अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला स्तरीय विभागाध्यक्ष अधिकारी के माध्यम या स्वयं प्रेषित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्राप्त आख्या का संकलन करते हुए जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत करें। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन संबंधी गम्भीर प्रकृति की शिकायत को जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद स्तर पर गठित ''स्थानीय परिवाद समिति'' के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे। जनपद स्तर पर गठित स्थानीय परिवाद समिति की बैठक प्रत्येक माह के 01 से 05 तारीख के मध्य किया जायेगा।

## दबंगों ने युवक की हत्या कर शव सड़क पर फेंका

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जनपद के बरेसर थाना क्षेत्र के सिपाह गांव में शुक्रवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने युवक की हत्या कर नहर के पास सड़क पर फेंक दिया था। युवक का शव घर से 200 मीटर दूर नहर के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। उसकी गर्दन पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने सुबूत इकट्ठा किए। मामला बरेसर थाना क्षेत्र का है। सिपाह गांव का रहने वाले प्रमोद राजभर (25) का शव घर से करीब 200 मीटर दूर मिला है। परिजनों के अनुसार, प्रमोद शुक्रवार शाम जहूराबाद बाजार सब्जी लेने गया था। वह रात करीब 8 बजे सब्जी लेकर घर लौटा और कुछ देर बाद बाहर चला गया। खाना खाने के समय तक वापस नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 10 से 11 बजे के बीच भाई प्रदीप ने प्रमोद के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन वह बंद मिला। परिजन और ग्रामीण उसे ढूंढते हुए घर के पास नहर की सड़क की ओर पहुंचे। वहां प्रमोद मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी गर्दन पर गहरे जख्म देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ सुधाकर पांडेय, बरेसर थाना प्रभारी ओमप्रकाश और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। प्रमोद की शादी नहीं हुई थी और वह ट्रेलर चलाता था। पिता रविंद्र राजभर खेती करते हैं। हत्या की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने जहूराबाद-बाराचवर मार्ग पर जाम लगा दिया।

## डीएम व एसपी ने करंडा में आयोजित थाना दिवस में सुनीं लोगों की समस्याएं

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डा ईरज राजा द्वारा थाना करंडा में आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर आम जनमानस की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान विभिन्न फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के साथ-साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित व्यक्ति की समस्या वास्तव में दूर हुई है अथवा नहीं। उन्होंने शिकायत रजिस्टर में एक अलग फीडबैक कॉलम बनाए जाने के निर्देश दिए, जिसमें शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि एवं प्राप्त फीडबैक को दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल शिकायत का निस्तारण दर्ज कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निस्तारण से आम जनमानस संतुष्ट है। इस व्यवस्था से शिकायतों के वास्तविक निस्तारण की स्थिति की प्रभावी निगरानी की जा सकेगी। पुलिस अधीक्षक डा ईराज राज ने भी संबंधित पुलिस अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बाढ़ प्रभावित व संवेदनशील क्षेत्रों का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, ग़ाज़ीपुर।**



जनपद में बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा द्वारा बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जमानियां क्षेत्र स्थित पक्का बलुआ घाट का निरीक्षण कर बाढ़ से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व ही पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री एवं बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। त्तपश्चात जिलाधिकारी द्वारा सब्बलपुर कलां में कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ एवं कटान से प्रभावित होने वाले लोगों के लिए पहले से ही पर्याप्त राहत सामग्री, नाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होने ग्राम प्रधान तथा स्थानीय लोगो से संवाद कर जानकारी भी ली। साथ ही बड़ी संख्या में पशुओं के प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में चारा-भूसा आदि की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं कटान की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल राहत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन द्वारा बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया।

# भूमि विवाद का एसपी ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में निस्तारण का दिया आदेश



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। थाना समाधान दिवस में जनपद में कुल 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों एवं विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि थाना स्तर, आईजीआरएस अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त भूमि संबंधी प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करते हुए दोनों पक्षों को बुलाकर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई कर प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

# सीएचसी पर औचक निरीक्षण के नाम पर पूरी की गयी औपचारिकता

- केंद्रीय टीम के खौफ से जगा स्वास्थ्य महकमा
- ड्रेस कोड में नहीं दिखे चिकित्सक

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जनपद के स्वास्थ्य महकमे में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य टीम के संभावित दौरे की भनक लगते ही महकमे के अधिकारी व्यवस्था को उच्च स्तरीय दिखाने की जुगत करने में जुट गए हैं। ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया का है। महज दो दिन पहले जांच के लिए पहुंची दो सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम महज औपचारिकता पूरी कर लौट गई। हैरान करने वाली बात यह रही कि टीम ने गंभीर कमियों पर सख्त रुख अपनाने व कार्रवाई करने की बजाय एक वर्ष पूर्व हुई जांच रिपोर्ट की खामियों को कागज पर दुरुस्त करने की अनूठी सलाह अधीक्षक कार्यालय में बैठकर खातिरदारी के दौरान दे दी। केंद्रीय जांच टीम के आगमन की आहट मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की नींद उड़ गई है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के मंडलीय एवं राज्य स्तर के अधिकारी व्यवस्था को दुरुस्त कराने के नाम पर कसया सीएचसी पहुंचे थे। सामान्य दिनों में कसया सीएचसी की तस्वीर इसके उलट रहती है। यहां तैनात अधिकांश डॉक्टर ड्यूटी ऑवर्स के दौरान लोवर और टी-शर्ट जैसे अनौपचारिक पहनावे में ही नजर आते हैं। हालात यह है कि मरीजों को पहचानने में मुश्किल हो जाती है कि इलाज करने वाला शख्स डॉक्टर है या कोई अन्य कर्मी। हालांकि जांच टीम के आने की सूचना मिलते ही अधीक्षक से लेकर सभी डॉक्टर और कर्मचारी अचानक मुस्तैद नजर आए, लेकिन फॉर्मल ड्रेस में ही दिखाई दिए। सूत्रों के अनुसार दो सदस्यीय एसआरएम टीम के सदस्य दुर्गा प्रताप सिंह निर्धारित समय से करीब एक घंटा पहले ही कसया सीएचसी पहुंच गए थे। वह सीधे अधीक्षक कक्ष में पहुंचे और एसीएमओ मऊ डॉ. बीके यादव का इंतजार करने लगे। जब इसकी भनक सीएचसी अधीक्षक डॉ. मार्कण्डेय चतुर्वेदी को लगी, तो उन्होंने आनन-फानन में मातहतों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए और डाक्टर ड्रेस कोड छोड़ खुद फॉर्मल ड्रेस में सुसज्जित होकर अपने कार्यालय पहुंचे, जहां दुर्गा प्रताप सिंह पहले से मौजूद थे। लगभग एक घंटे बाद एसीएमओ डॉ. बीके यादव भी वहां पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने अधीक्षक कक्ष में लंबी बैठक की और जमकर 'खातिरदारी' का आनंद लिया। खातिरदारी का दौर पूरा होने के बाद टीम ने ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, पैथोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर (ओटी), महिला वार्ड, दवा स्टोर रूम और कार्यालय के अभिलेखों का सतही अवलोकन किया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में बिजली, पंखा और जनरेटर जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। टीम ने जाते-जाते ओपीडी और इमरजेंसी कक्ष में दो नई शिकायत पेटिकाएं लगवाने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि एक साल पहले दिल्ली से आई केंद्रीय स्वास्थ्य टीम द्वारा पकड़ी गई गंभीर कमियों को दूर करने की बजाय, आज के निरीक्षकों ने केवल पुरानी रिपोर्ट की कमियों को कागजों पर ही दुरुस्त करने की नसीहत देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली।

# पीएम स्वनिधि योजना में कम आवेदन पर डीएम नाराज

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डूडा एवं नगरीय निकायों के कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन सिसवा नगर पालिका में 100, नौतनवा एवं महराजगंज नगर पालिका में 50-50 तथा सभी नगर पंचायतों में 25-25 आवेदन कराए जाएं। पीओ डूडा को निर्देशित किया कि रैंकिंग में सुधार के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुए स्वनिधि पोर्टल पर लक्ष्य एवं पूर्ति की सूचना नियमित रूप से अपलोड कराई जाए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वैश्विक नगरोदय सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पीएम आवास योजना-शहरी 1.0 के ऐसे चयनित लाभार्थियों, जिन्हें प्रथम किस्त प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है, के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए वसूली हेतु आरसी जारी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 में किसी भी दशा में अपात्र व्यक्ति का चयन न हो तथा जांच के बाद ही प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों से योजनावार एवं निकायवार अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि आगामी बैठक में आवंटन एवं व्यय की सही एवं अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए। उन्होंने ग्रांट रजिस्टर एवं संपत्ति रजिस्टर को अद्यतन रखने तथा एक सप्ताह के भीतर सभी योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण की फोटोयुक्त आख्या उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने वर्तमान वर्ष की योजनाओं के साथ विगत वर्षों की अपूर्ण योजनाओं एवं निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों में निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के कार्यों पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यों में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, एलडीएम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, पीओ डूडा सहित सभी अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को जीवन के लक्ष्य के बारे में डीएचएमओ ने दी सीख

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार द्विवेदी ने विकासखंड घुघुली के श्री रूप नारायण सर्व हितकारी इंटर कॉलेज बसंतपुर में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने जीवन का लक्ष्य निर्धारण एवं कैरियर नियोजन विषय पर छात्र-छात्राओं को बताया कि रुची के अनुसार लक्ष्य निर्धारण करें।जिससे वे बेहतर परफॉर्मेंस दे सकते हैं। छात्र-छात्राओं को दैनिक दिनचर्या, अनुशासन के साथ-साथ छोटे-छोटे लक्ष्य तय कर लक्ष्य को पूर्ण करने का कार्य करें और प्रति सप्ताह स्वयं की समीक्षा करें। उन्होंने बताया कि अनुशासन के साथ अपने रुची के लक्ष्य या पाने के लिए पढ़ाई कर छात्र-छात्राएं बेहतर मंजिल प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को अभिभावक उनके रुची के अनुसार पढ़ाई का अवसर प्रदान करें जिससे उनका बेहतर भविष्य निश्चित हो सकता है। डी एच एम ओ डॉक्टर द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार समयबद्ध ढंग से पढ़ाई को अंजाम देने की आवश्यकता बताई।